लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 23 जुलाई, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 278 | www.janexpresslive.com/epaper




जस्टिस यशवंत वर्मा पर लोकसभा में... 12

# यूपी में महिलाओं को स्टांप ड्यूटी में 1 प्रतिशत की छूट

## 15 साल पुरानी सरकारी गाड़ियां कबाड़ होंगी, विधानमंडल का मानसून सत्र 11 अगस्त से

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी की करीब 12 करोड़ महिलाओं को योगी सरकार ने बड़ी सौगात दी है। अब एक करोड़ की प्रॉपर्टी खरीदने पर स्टांप ड्यूटी पर एक फीसदी की छूट मिलेगी। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को यह फैसला लिया है। सरकार के मुताबिक, पुरुषों के लिए स्टांप ड्यूटी 7 फीसदी और महिलाओं के लिए 6 फीसदी रहेगी। अभी तक यह छूट केवल 10 लाख तक की संपत्ति खरीद पर थी। स्टांप ड्यूटी में छूट का सुविधा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं के नाम पर संपत्ति रजिस्ट्री कराने वाले लाभार्थियों को मिलेगी। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा, यह पहल प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम है। सरकार महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मंत्री अनिल राजभर ने बताया, कैबिनेट में कुल 38 प्रस्ताव रखे गए थे। इसमें से 37 प्रस्ताव मंजूर हुए हैं। प्रदेश में 15 साल पुराने सरकारी वाहनों को कबाड़ घोषित किया जाएगा। 11 अगस्त से विधानमंडल का सत्र शुरू करने का भी निर्णय लिया गया है।



### 545 दिन में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे बनेगा

कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बांदा से चित्रकूट तक 15.17 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस बनाया जाएगा। यह चार लेन का होगा, जो वाराणसी-बांदा मार्ग पर बनेगा। इस पर 939.67 करोड़ की लागत आएगी। टेंडर के बाद 545 दिन में बनकर तैयार होगा।

### युवाओं को अब मिलेगा टैबलेट

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत अब युवाओं को मोबाइल की जगह मुफ्त टैबलेट दिए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया, इसमें 2000 करोड़ का बजट मंजूर है। योजना में पांच साल में दो करोड़ टैबलेट देने का वादा था। अब तक 60 लाख स्मार्ट फोन और टैबलेट बांटे गए हैं। यह बदलाव छात्रों की पढ़ाई को डिजिटल रूप से और बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

### इन कर्मियों को मिल सकती है पुरानी पेंशन योजना

अनिल राजभर ने बताया, 28 मार्च 2005 से पहले निकले विज्ञापन के आधार पर नौकरी पाने वालों को पुरानी पेंशन देने का रास्ता साफ कर दिया गया है। कर्मचारी 30 नवंबर 2025 तक इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह फैसला उन कर्मचारियों के हित में लिया गया है, जो लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे थे। दरअसल, केंद्र और प्रदेश सरकार ने 2005 के बाद नई पेंशन व्यवस्था लागू की है, लेकिन बहुत से कर्मचारी ऐसे हैं, जिनकी भर्ती का विज्ञापन इसके पहले निकला था और उन्हें पुरानी पेंशन नहीं मिल पा रही थी।

### डीआरडीओ को आईआरडीआई इकाई के लिए भूमि मिलेगी लीज़ पर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की आईआरडीआई यूनिट के लिए सरकार ने 10 हेक्टेयर भूमि मात्र 1 रुपए में लीज पर देने का फैसला किया है। यह निर्णय रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहन देने के लिए लिया गया।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज बनेंगे टाटा टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस सेंटर

प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया, टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 121 पॉलिटेक्निक कॉलेज को टाटा टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें करीब 6935.86 करोड़ की लागत आएगी। पहले चरण में 45 पॉलिटेक्निक कॉलेज को एक्सीलेंस सेंट्रल ग्रुप में विकसित किया जाएगा।

### एक लाख किसानों को ट्रेनिंग मिलेगी

प्रदेश सरकार कई योजनाओं के तहत 1 लाख किसानों को प्रशिक्षण देगी, ताकि वे आधुनिक कृषि, मत्स्य पालन और प्रसंस्करण तकनीकों को अपनाकर अपनी आमदनी में इजाफा कर सकें।

**नोएडा की पराग डेयरी की जमीन बेचेगी सरकार**

पराग डेयरी नोयडा की 4.62 हेक्टेयर जमीन को 101 करोड़ रुपए में सुरक्षा संबंधित कंपनी को बेचा जाएगा। पराग की नई फैक्ट्री सरकार बनाएगी। एमएस राफे कंपनी 800 करोड़ की लागत से सेक्टर 81 में प्लांट लगाएगी।



### यूपी : प्रदेश में विधानमंडल का मानसून सत्र 11 अगस्त से

विधानमंडल का मानसून सत्र आगामी 11 अगस्त से शुरू होगा। कैबिनेट ने संसदीय कार्य विभाग द्वारा विधानमंडल के दोनों सदनों का सत्र आहूत करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। बता दें कि इससे पहले 18 फरवरी को विधानमंडल का सत्र आहूत किया गया था, जिसका सत्रावसान 12 मार्च को कर दिया गया था। मानसून सत्र के दौरान प्रदेश सरकार कई अध्यादेशों को मंजूरी के लिए सदन में पेश कर सकती है। इसके अलावा अन्य विधायी कार्य भी संपन्न होंगे। वहीं दूसरी ओर कैबिनेट ने विधानमंडल में सीएजी की रिपोर्ट पेश करने के लिए राज्यपाल की अनुमति लेने का वित्त विभाग का प्रस्ताव भी मंजूर किया है। बता दें कि मानसून सत्र में सीएजी की सात रिपोर्ट (प्रतिवेदन) सदन के पटल पर रखी जाएंगी।

#### ये प्रतिवेदन पटल पर रखे जाएंगी

- शहरी क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
- केंद्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) के उपयोग पर प्रतिवेदन
- सरयू नहर परियोजना पर प्रतिवेदन
- भवन एवं सन्निर्माण कर्मकारों का कल्याण
- सीएजी का मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए प्रतिवेदन
- राज्य वित्त पर प्रतिवेदन
- खनन और अवैध खनन का सामाजिक आर्थिक प्रभाव

# आरओ/एआरओ की परीक्षा पर यूपी एसटीएफ भी रखेगी पैनी नजर

## एसटीएफ और पुलिस तंत्र की निगरानी में होंगे संवेदनशील केंद्र


- शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए योगी सरकार का विशेष फोकस, नकल माफिया पर कसेगा शिकंजा
- कोचिंग सेंटर, सोशल मीडिया और पुराने आरोपियों और नकल गैंग पर रहेगी विशेष नजर
- गोपनीय सामग्री की सुरक्षा से लेकर अभ्यर्थियों की तलाशी तक हर कदम पर होगा कड़ा प्रबंध

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई को प्रस्तावित आरओ/एआरओ परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आयोग और योगी सरकार ने अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए हैं। परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एसटीएफ, खुफिया एजेंसियों और पुलिस विभाग को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। परीक्षा से पूर्व ही चिन्हित संवेदनशील केंद्रों की विशेष निगरानी के लिए एसटीएफ को निर्देशित किया गया है। राज्य सरकार ने परीक्षा की शुचिता भंग करने वाले पुराने आरोपियों और सक्रिय नकल गैंग की पहचान कर उनके खिलाफ सतत निगरानी और रोकथाम के आदेश जारी किए हैं।

### नकल माफिया की कमर तोड़ने की तैयारी

पूर्व में परीक्षा अपराधों में लिप्त रहे गैंग और आरोपी यदि इस समय जमानत पर हैं तो उन पर विशेष नजर रखी जाएगी। एसटीएफ द्वारा सोशल मीडिया के खुले प्लेटफॉर्म की निगरानी के साथ-साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम जैसे अफवाह फैलाने वाले माध्यमों पर भी नजर रखी जाएगी। परीक्षा के दौरान कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर भी नजर रखने के लिए समर्पित टीमें तैनात रहेंगी, जो संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी संबंधित एजेंसियों को तुरंत उपलब्ध कराएंगी।



### 2,382 परीक्षा केंद्र बनाए गए

उल्लेखनीय है कि 27 जुलाई को सभी 75 जनपदों में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एक पाली में आयोजित होने जा रही इस परीक्षा में 10.76 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए समस्त जनपदों में 2,382 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हर जिले में जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी करेंगे और आवश्यकता नुसार त्वरित निर्णय ले सकेंगे।

### नोडल अधिकारी रहेंगे तैनात

आरओ/एआरओ परीक्षा को नकलमुक्त और निष्पक्ष बनाने के लिए राज्य सरकार और आयोग का यह संयुक्त अभियान परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और ईमानदारी को स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा के दिन आयोग और एसटीएफ के बीच समन्वय बनाए रखने हेतु एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित किया जाएगा। इसके अलावा हर जिले में पुलिस आयुक्त, स्तर के नोडल अधिकारी की प्रत्यक्ष निगरानी रहेगी।

### परीक्षा केंद्रों पर अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंध

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहेगा जो परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अभ्यर्थियों की गहन तलाशी (फ्रिस्किंग) करेगा ताकि कोई भी निषिद्ध सामग्री लेकर अंदर न जा सके। गोपनीय बंडलों की ट्रेजरी से निकासी से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के डिस्पैच तक पूरे प्रोसेस में सशस्त्र गार्ड और वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी अनिवार्य की गई है। यदि परीक्षा के दौरान कोई भी अभ्यर्थी या व्यक्ति अनुचित साधनों के प्रयोग में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं और उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विपक्ष कर रहा गुंडागर्दी, भारत कोई धर्मशाला नहीं

## एसआईआर के मुद्दे पर प्रदर्शन को लेकर बीजेपी हमलावर




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को बिहार मतदाता सूची संशोधन के विरोध में विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की और उन पर गुंडागर्दी का सहारा लेने का आरोप लगाया ताकि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों समेत विदेशी लोगों को चुनाव में वोट देने का अधिकार मिल सके। बता दें कि बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी और तख्तियां लहराकर लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करने पर मजबूर कर दिया।

### विपक्ष ने एसआईआर के मुद्दे पर किया विरोध-प्रदर्शन

संसद भवन परिसर में विपक्ष के तमाम सांसदों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे को लेकर जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव समेत कई बड़े चेहरे इस प्रदर्शन में शामिल रहे। विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार की सीढ़ियों पर जमा हुए और एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ नारे लगाए। उनका आरोप था कि यह चुनावों में हेराफेरी के समान है। उन्होंने एसआईआर भारतीय अधिकारों की चोरी और एसआईआर भारतीय गणराज्य को नुकसान पहुंचाना लिखे हुए पेपर भी पकड़ रखे थे।

### भाजपा का विपक्ष पर तीखा हमला

भाजपा ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष इस प्रक्रिया का विरोध इसीलिए कर रहा है क्योंकि वह बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को भी वोटिंग अधिकार दिलवाना चाहता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, भारत कोई धर्मशाला नहीं है। संविधान के अनुसार केवल भारतीय नागरिक ही वोट डाल सकते हैं। फिर जांच से आपत्ति क्यों? उन्होंने दावा किया कि बिहार के अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिलों में जनसंख्या से ज्यादा आधार कार्ड बने हैं। क्या ये नहीं जांचा जाना चाहिए कि कोई व्यक्ति एक से ज्यादा बूथ पर वोटर तो नहीं?

### संसद में हंगामा और कार्यवाही स्थगित



विपक्षी सांसदों ने लोकसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करवा दी। वे लगातार नारेबाजी करते रहे- एसआईआर वापस लो! संविधान से खिलवाड़ बंद करो! जिसे लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी विपक्ष पर साधा निशाना और कहा विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बना रहा है ताकि संस्थाएं उनके इशारे पर चलें। यह संविधान की खुली अवहेलना है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की मंशा है कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को भी भारत में वोटिंग का अधिकार मिले।

# धनखड़ के इस्तीफे के बाद सियासी हलचल तेज, राष्ट्रपति मुर्मू से उपसभापति हरिवंश ने की मुलाकात

- राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की है। यह मुलाकात ऐस समय हो रही है, जब सोमवार शाम को जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर बैठक की एक तस्वीर भी साझा की। जिसमें लिखा गया है, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। बता दें कि सोमवार को जगदीप धनखड़ ने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन अचानक इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद हरिवंश ने मंगलवार को राज्यसभा में सुबह के सत्र की कार्यवाही की अध्यक्षता की। हालांकि की राज्यसभा की कार्यवाही को कुछ समय बाद कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया।



### सभापति का पद स्वतः रिक्त हुआ

उपराष्ट्रपति के पद छोड़ने के साथ ही राज्यसभा के सभापति पद भी स्वत रिक्त हो गया। उपराष्ट्रपति उच्च सदन के पदेन सभापति होते हैं। ऐसे में अब जब इस्तीफा मंजूर हो गया है तो मानसून सत्र में राज्यसभा की पूरी कार्यवाही उपसभापति हरिवंश चलाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति की ओर से अधिकृत सदस्य को भी यह जिम्मेदारी दी सकती है।

## दिल्ली सरकार का बड़ा एलान : ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले को अब मिलेंगे सात करोड़ रुपये

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत ऐतिहासिक फैसला लिया है। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने जानकारी दी है कि ओलंपिक में जीतने वाले विजेताओं को सरकार की ओर से कैश रिवॉर्ड को बढ़ा दिया गया है। प्रेस वार्ता में मंत्री आशीष सूद ने बताया कि ओलंपिक गेम्स में गोल्ड जीतने वाल खिलाड़ी को सात करोड़ रुपये, सिल्वर मेडल जीतने वालों को पांच करोड़ रुपये और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालों को तीन करोड़ रुपये दिए जाएंगे। आगे कहा कि ओलंपिक गेम्स में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतने वालों को ग्रुप ए की नौकरी और ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को ग्रुप बी की नौकरी दिल्ली सरकार की ओर से दी जाएगी।

## अयोध्या : राम जन्मभूमि परिसर में बनेगी रामायण कालीन पंचवटी, 20 एकड़ क्षेत्र में होगा निर्माण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि परिसर अब त्रेता युग की स्मृतियों को जीवंत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ा चुका है। रामायणकालीन स्वरूप की कल्पना के अनुरूप 20 एकड़ क्षेत्र में पंचवटी विकसित की जा रही है, जो रामलला के भक्तों को न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करेगी बल्कि उन्हें त्रेता युग के प्राकृतिक परिवेश का भी अनुभव कराएगी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम जन्मभूमि परिसर में विकसित होने वाली पंचवटी न केवल दर्शनीय स्थल होगी, बल्कि यह ध्यान, जप, साधना और रामायण श्रवण जैसी गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थल के रूप में विकसित होगी।

# प्रतापगढ़ का काला सच : गोलीकांड और एमडी ड्रग्स रैकेट में जुड़ा एक ही नाम, सुशील सिंह! पूर्व मंत्री का साया भी गहराया

जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय

प्रतापगढ़ से इस वक्त दो बड़ी और सनसनीखेज खबरें जुड़कर सामने आ रही हैं। पहली- पट्टी तहसील के रजिस्ट्री ऑफिस में दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग और दूसरी- प्रतापगढ़ में फल-फूल रहा एमडी ड्रग्स का कारोबार। और इन दोनों के बीच एक ऐसा कनेक्शन सामने आ रहा है, जो जिले की कानून व्यवस्था और राजनीति दोनों पर गहरे सवाल खड़े करता है।

### रजिस्ट्री ऑफिस में गोलियों की बौछार

सोमवार को पट्टी तहसील स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब जमीन का बैनामा कराने आए अरुण तिवारी और आदित्य तिवारी पर अचानक गोलियां चल गईं। दोनों को गंभीर हालत में पहले सीएचसी पट्टी और फिर मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर किया गया। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है- कैसे एक शख्स दूसरे को दौड़ाकर गोली मार रहा है और लोग इधर-उधर भाग रहे हैं। चश्मदीदों ने सीधे-सीधे नाम लिया है- ब्लॉक प्रमुख बेलखरनाथ सुशील सिंह और उनके गुर्गों का। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश और ज़मीन विवाद के चलते यह हमला हुआ। पीड़ित पक्ष का कहना है- हमने दो दिन पहले पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा मांगी थी, लेकिन नहीं मिली।



### जिले में खौफ और नाराजगी

दिनदहाड़े रजिस्ट्री ऑफिस पर गोलियों की तड़तड़ाहट और उसके पीछे वही नाम जो एमडी ड्रग्स से जुड़ा हो- यह प्रतापगढ़ के लिए बेहद खतरनाक संकेत है।

### सुशील सिंह और एमडी ड्रग्स का कनेक्शन

यह वही सुशील सिंह है, जिसका नाम प्रतापगढ़ में चल रहे एमडी ड्रग्स के घिनौने कारोबार में भी बार-बार उछलता रहा है। पिछले हफ्ते ही प्रतापगढ़ में पुलिस ने बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स बरामद की थी और कई गिरफ़्तारियाँ हुई थीं। स्थानीय लोगों और सूत्रों का कहना है कि सुशील सिंह इस पूरे एमडी ड्रग्स रैकेट का मास्टरमाइंड है। जिले के अलग-अलग कस्बों और गांवों में युवाओं तक एमडी ड्रग्स पहुँचाने वाला नेटवर्क उसी के इशारों पर चलता है। पुलिस और प्रशासन के कई लोग उसकी पकड़ में हैं, इसलिए कोई भी उसके खिलाफ खुलकर बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता।

### पूर्व मंत्री मोती सिंह का 'साया'

सूत्रों के मुताबिक, पूर्व मंत्री मोती सिंह का पूरा हाथ सुशील सिंह के पीछे है। कहा जा रहा है- यही वजह है कि सुशील सिंह पर गंभीर आरोप लगने के बावजूद पुलिस उसे छू तक नहीं पाती। जिले में चर्चा आम है अगर सुशील सिंह के तार न ऊपर तक जुड़े होते तो न गोलीकांड होता और न ही एमडी ड्रग्स की खेपें इतनी आसानी से जिले में घूमतीं।

### पुलिस की कार्रवाई, इनाम घोषित

इस मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बड़ा बयान देते हुए कहा है प्रमुख समेत सभी आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। आरोपितों की तलाश पुलिस की टीमों द्वारा तेजी से की जा रही है। पुलिस की कई टीमें आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं, रजिस्ट्री परिसर की घेराबंदी कर फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### स्थानीय लोगों में गुस्सा है

- कानून व्यवस्था पर सवाल उठाना ही पड़ेगा।
- अगर प्रशासन और पुलिस ने इस गैंग पर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो प्रतापगढ़ अपराधियों के कब्जे में चला जाएगा।
- यह महज़ एक वारदात नहीं, बल्कि उस गहरे रैकेट की झलक है जिसमें गोलियाँ भी चलती हैं और युवाओं का भविष्य एमडी ड्रग्स में झोंक दिया जाता है।
- प्रतापगढ़ की यह कहानी अब सिर्फ एक ज़मीन विवाद या एक गोलीकांड की नहीं, बल्कि उस संगठित अपराध की है जिसका सरगना सुशील सिंह और उसके पीछे खड़े राजनीतिक ताकतवर बताए जा रहे हैं।

### जनता पूछ रही है- आखिर कब तक?

क्या पुलिस और प्रशासन इस गठजोड़ को तोड़ पाएंगे या प्रतापगढ़ यूं ही गोलियों और ड्रग्स के साये में जीता रहेगा?

### क्या है एमडी ड्रग्स?

एमडी ड्रग्स का पूरा नाम मेथाइलिन डायऑक्सी मेथामफेटामाइन (स्ष्ठरू) है। इसे आम बोलचाल में एमडी या एक्स्टेसी भी कहा जाता है। यह एक खतरनाक सिंथेटिक नशा है जो दिमाग पर सीधे असर डालता है।

### कैसा असर करता है?

- इसे लेने के बाद इंसान को तेज़ उत्तेजना, झूठी खुशी और ऊर्जा महसूस होती है।
- दिमाग के हार्मोन और न्यूरो ट्रांसमीटर को असामान्य रूप से सक्रिय कर देता है।
- लत लगने पर शरीर और मानसिक स्वास्थ्य दोनों तेजी से बिगड़ते हैं।



### क्यों है खतरनाक?

- दिल और दिमाग पर सीधा असर डालता है, कई बार मौत तक हो सकती है।
- कुछ ही खुराक में इसकी आदत पड़ जाती है।
- किशोर और युवा सबसे जल्दी इसके शिकार हो जाते हैं।
- यानी, एमडी ड्रग्स महज़ एक नशा नहीं, बल्कि जानलेवा जहर है, जो धीरे-धीरे समाज में तबाही मचा रहा है।

# लामबंद हुए आस-पास जिलों के सैकड़ों कोटेदार

## बबेरू एसडीएम पर नहीं हुई कार्यवाही तो जमा कर देंगे राशन बांटने की मशीनें। करेंगे अनशन, आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

आपको बताते चलें कि बबेरू पीड़ित महिला कोटेदार सुशीला देवी का घर बिना नोटिस दिऐ सहकारी समिति की सम्पत्ति बता कर उप जिलाधिकारी बबेरू रजत वर्मा ने बिना नोटिस दिऐ अभी कुछ दिन पहले बरसात में चार चार बुलडोजरों से गिरवा दिया था व उपजिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने महिलाओं को घसीट कर मकान के बाहर निकाल दिया था।जिससे पूरे घर की गृहस्थी बर्बाद हो गई थी।और घटना अगले दिन जानकारी के बाद सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी पीड़ित परिवार के बुलाने पर बबेरू पहुंचे थे और उप जिलाधिकारी रजत वर्मा को फोन कर सही से कार्य करने व बिना नोटिस घर गिराऐ जाने पर फोन द्वारा डांटा डपकारा था और उप



जिलाधिकारी रजत वर्मा सहित जिसके इशारे पर ये घर गिरवाया गया था उस पर भी कार्यवाही की बात की थी।मामले ने काफी तूल पकड़ा और जिले के प्रबुद्ध वर्गो ने भी आयुक्त महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेज आरोपी उप जिलाधिकारी रजत वर्मा पर कार्यवाही का निवेदन किया था व पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने जाने का भी आवेदन किया था।और चूंकि पीड़ित परिवार विकलांग भी है जिसके लिए जिले सभी विकलांगों ने आयुक्त महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आरोपियों पर कार्यवाही करने व पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की थी और मांग पूरी न होने पर अनशन की भी चेतावनी थी दी।उसी क्रम में आज बांदा व आसपास के जिलों के कोटेदारों ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी की अगुवाई में पीड़ित परिवार से मिले व इस शाजिशन कार्यवाही व निंदा और आरोपी उप जिलाधिकारी रजत वर्मा के ऊपर कार्यवाही करने व पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने जाने के लिए आयुक्त महोदय के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा।और कहा कि अगर समय रहते आरोपी उप जिलाधिकारी रजत वर्मा पर पर कार्यवाही न होने पर राशन वितरण की मशीनें आफिसों में जमा करने व आमरण की चेतावनी दी है पूरे मामले ने राजनितिक मोड़ ले लिया है। लेकिन कार्यवाही का अता-पता नहीं।

# 27 जुलाई को होनी वाली समीक्षा अधिकारी परीक्षा की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 27 जुलाई को जनपद में आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा को सकुशल व नकलविहीन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के 11 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 11-11 सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गए हैं। परीक्षा 27 जुलाई को प्रातः 09:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें लगभग 5000 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट के अलावा केन्द्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापक लगाए गए हैं। इसके लिए शासन की गाइड लाइन के अनुसार प्रशिक्षण भी दिया गया है। कहा कि सभी सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट 26 जुलाई को ही परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण व निरीक्षण करते हुये यातायात, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरा, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रश्न पत्र व ओएमआर शीट के गोपनीय दस्तावेज को निर्धारित समय पर ट्रेजरी के डबल लाक से प्राप्त करते हुये परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध करायेंगे तथा सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक गोपनीय दस्तावेज को प्राप्त कर वीडीयोग्राफी कराते हुये कक्ष निरीक्षकों को उपलब्ध करायेंगे एवं पूरी प्रक्रिया के दौरान परीक्षा की संवेदनशीलता को बरकरार रखते हुये समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। इसमे किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। परीक्षा की सुचिता भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी को केंद्रो से समन्वय बनाते हुए एंबुलेंस की भी व्यवस्था करने को कहा। एआरटीओ को निर्देशित किया कि दूर स्थित परीक्षा केंद्रों से समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराएं। साथ ही ई-रिक्शा व प्रमुख स्थलों पर किराया रेट भी लिखवाएं। डीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्र पर कोई भी व्यक्ति ड्यूटी के दौरान बिना परिचय पत्र के नहीं रहेगा। कहा कि केंद्र व्यवस्थापक के कोई भी रिश्तेदार परीक्षा में सम्मिलित न हो, इसके लिए एक ऐफिडेविड अवश्य लें।

# धूमधाम से हुआ गोस्वामी तुलसी दास जन्म जयंती महोत्सव का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**

गोस्वामी तुलसीसदास की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में तहसील मुख्यालय स्थित तुलसी जन्मकुटीर में मंगलवार को दस दिवसीय तुलसी जन्म जयंती महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। जिसमें कस्बे सहित ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं व सन्त-महात्माओं का आगमन हो रहा है।

22 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले 10 दिवसीय तुलसी जन्म जयंती महोत्सव के प्रथम दिन मंगलवार को आयोजक ओम नमः शिवाय गौशाला वंशीवट वृन्दावन के सन्त रामदास महाराज के नेतृत्व में नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा व श्रद्धालुओं ने यमुना घाट में माँ कालिन्दी की विधिवत पूजा-अर्चना कर 108 कलशों में जल भरकर तुलसी जन्म कुटीर से कलश यात्रा निकाली गई, जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस जन्म कुटीर में समाप्त की गई। कलश यात्रा के



दौरान कस्बे विभिन्न मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई। कलश यात्रा मे श्रीराम दरबार, हनुमान व गोस्वामी तुलसीदास की जीवन्त झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। कलश यात्रा के दौरान पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

आयोजक सन्त रामदास महराज ने बताया कि इस 10 दिवसीय महोत्सव में 31 जुलाई तक प्रतिदिन प्रातः सात से 10 बजे तक व 11 से एक बजे तक श्रीरामचरितमानस नवान्हपारायण पाठ तुलसी जन्मकुटीर में प्रतिदिन चलेगा। इसके साथ ही गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र की कथा सुनाई जाएगी तथा प्रतिदिन शाम सात बजे मां कालिन्दी की भी आरती की जाएगी। कहा कि श्रीरामचरितमानस की प्रत्येक चैपाई मूलमंत्र है, हर घर में श्रीरामचरितमानस ग्रंथ होना चाहिए। इस ग्रन्थ से परिवार के प्रत्येक सदस्य को बड़ों के प्रति आदर, वचन के प्रति निष्ठा, कर्तव्यनिष्ठता, सहनशीलता, भक्ति, प्रेम, त्याग व बलिदान आदि की सीख मिलती है।

नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि तुलसी जन्म जयंती महोत्सव के दृष्टिगत कस्बे में साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# गौशाला संचालन के लिए प्रधानों पर न बनाया जाए दबाव: सुनील शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गौशाला संचालन में आ रही दिक्कतों को लेकर जनपद के प्रधानों ने मंगलवार को अखिल भारतीय प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला व सचिव विष्णुकांत पांडेय के नेतृत्व में विकास भवन पहुंचकर सीडीओ अमृतपाल कौर को ज्ञापन सौंपा।

प्रधानों ने बताया कि ब्लाक स्तर से 25 जुलाई तक सभी गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पिछले साल अधिकतर ग्राम प्रधानों ने जुलाई माह से गोवंशों को संरक्षित कर गौशालाओं का संचालन शुरु कर दिया था, लेकिन गोवंशों के भरण-पोषण की धनराशि सितंबर माह से दी गई। इसके साथ ही कई महीनों ग्राम पंचायतो में 20 फीसदी से अधिक की धनराशि की कटौती कर दी गई। बताया कि गोवंशो के भरण-पोषण के लिए मिलने वाली धनराशि से ही चरवाहों का भी मानदेय दिया जाता है। अगर इसी तरह मिलने वाली धनराशि की कटौती कर दी जाएगी तो चरवाहों का मानदेय, भूसा, हरा चारा आदि की व्यवस्था किया जाना संभव नहीं हो पाएगा। मांग की कि गौशालाओं का संचालन शुरु होने पर भरण-पोषण का भुगतान हर महीने किया जाए। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधानों ने सीडीओ को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर पुष्पलता सिंह, सोना देवी, अयोध्या प्रसाद, मंटू देवी, सुलेखा देवी, लवदीप शुक्ला, प्रतिमा देवी, हर प्रसाद, फूल कुमारी, चंपा देवी, रामानंद, राकेशचंद्र, राजा, गौरा देवी, शिवशरण, अरुण, प्रभावती, रामसूरत, सरताज हुसैन, सीमा देवी, जगमोहन लाल, रमेशचंद्र तिवारी, रामनिवास, मो सलीम, वरण, इंद्रजीत, रामनाथ, राज कुमार, शिव कुमारी, संगीता देवी, दीपक तिवारी, स्वतंत्र, माया देवी, सुशीला, विक्रमादित्य, भगवानदीन, रामेश्वर आदि मौजूद रहे।

# आटा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, चोरी की 21 सोलर प्लेटों के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

आटा थाना क्षेत्र में हुई सोलर प्लेट चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कुल 21 अदद सोलर प्लेटें बरामद की गई हैं। आटा में दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं पुलिस टीम द्वारा शातिर चोरों की तलाश भी की जा रही थी। मंगलवार को एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष अजय सिंह टीम सहित क्षेत्र में धरपकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर द्वारा चोरी का माल बेचने जा रहे चोरों की भनक लगी। भनक लगते ही उन्होंने टीम सहित मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश दी और



परासन गांव के पास चौथी पुलिया के समीप घेराबंदी कर तीन लोगों को दबोच लिया। पुलिस के पूछें जाने पर उन्होंने अपना नाम संतोष सिंह उर्फ सन्तू पुत्र जगदीश निवासी ग्राम कोहना, थाना आटा अनिल कुमार वर्मा पुत्र भगवान दास निवासी मोहल्ला तुलसीनगर उरई व मुबारक खान पुत्र अली हसन निवासी ग्राम इमिलिया थाना आटा बताया। इस दौरान तलाशी लेने पर पलिस ने उनके पास से चोरी की 21 अदद सोलर पलेट बरामद की है।फिलहाल पकड़े गए सभी चोरों के विरुद्ध सम्बन्धित कारवाई कर चालान कर दिया गया है।

### वृद्ध मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र में शराब पीने से रोकने पर वृद्ध मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कदौरा थाना क्षेत्र के बबीना निवासी खून्नू लाल 60 वर्ष पुत्र भैया लाल ने मंगलवार को घर के पास स्थित पीपल पेड़ पर चढ़कर रस्सी का फंदा डाला और फांसी पर लटक गया। घर के नजदीक होने से परिजन उसे तत्काल फांसी के फंदे से उतारकर उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद खबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया और पूंछतांछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि वह शराब पीने का लती था। परिजनों ने शराब पीने के लिए मना किया तो उसने क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर जान दे दी।मामले में थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह का कहना है कि अस्पताल से मेमो प्राप्त हुआ था। जिस पर तुंरन्त मौके पर पहुचकर शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक गरीब मजदूर था, जिसकी शादी हो गई थी।फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी व बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नशे की हालत में पैर फिसलने से नहर में गिरा युवक, डूबने से मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र में नहर की पटरी पर जा रहे युवक का पैर फिसलने से नहर में गिरकर डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने युवक को नशे का आदी बताया है। कदौरा नगर क्षेत्र के मोहल्ला धोबीपुरा निवासी उमेश 40 वर्ष शराब पीने का लती था। बताया गया कि सोमवार की देर शाम वह नशे की हालत में बबीना नहर की पटरी पर जा रहा था। तभी अचानक वह फिसलकर नहर में गिर गया और वही पड़ा रहा। जब कुछ ग्रामीण वहां से गजरे तो उन्होंने उसे देखा और सूचना पुलिस को दी।

# विद्युत आपूर्ति के मामले में असफल है भाजपा सरकार: विजयमणि

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

कौंग्रेस जिला समिति के पदाधिकारियों ने मंलगवार को जनपद के किसानों को खाद प्राप्ति एवं विद्युत आपूर्ति में हो रही समस्याओं के निस्तारण के लिए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौपा। कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में किसानों की आय दोगुनी करने सहित मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, किंतु वह वादा आज पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है। वास्तव में भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों को सिंचाई करने तक के लिए विद्युत



आपूर्ति नहीं कर पा रही है। इसके साथ ही खाद के लिए भी किसानों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। गज्जू प्रसाद फौजी ने कहा कि जनपद में किसान खाद और सिंचाई के लिए त्राहि-त्राहि कर रहा है। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश का अन्नदाता किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और भाजपा की दोहरी नीति के चलते अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। ऐसे में कौंग्रेस पार्टी किसानों के हितों संघर्ष करने को प्रतिबद्ध है। प्रवक्ता चुनवाद प्रसाद ने कहा कि पूरे प्रदेश में खरीफ की फसल की बुवाई चल रही है। जिसके चलते किसानों को फसल के लिए खाद और सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता है। कहा कि यदि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं का हल नहीं निकालती, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक विरोध प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, प्रवक्ता नवेश सचान, जिला सचिव ओम प्रकाश गुप्ता, पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष रामकृपाल वर्मा, रावेद्र सिंह पटेल, योगेंद्र रैकवार आदि मौजूद रहे।

# आपदाग्रस्त ग्रामीणों को आवास योजना का लाभ दिलाए प्रशासन: शिवबाबू

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को भैसौंधा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ और अतिवृष्टि की चपेट में आए पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी।

बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि विगत दिनों हुई मूसलाधार बारिश से जिले के दर्जनों गांव बुरी तरह प्रभावित हुए है। उन्होंने ग्राम पंचायत भैसौंधा और इसके मजरे बंसीपुर का भ्रमण किया। जहां अनुसूचित जाति की बस्ती में लगभग आधा दर्जन लोगों के घर गिर चुके है और इसके मलबे में दबकर घर के



अंदर रखा सारा सामान चैपट हो चुका है। इसके चलते ग्रामीणों के समक्ष जीवन यापन को लेकर समस्या आ रही है। उन्होंने बताया कि गांव के कमलेश कुमार, ज्ञान, बाबूलाल, राजकरण, विजयकरण, अर्जुन, मुन्नी चुनकू, संगीता, श्रवण, सजुलिया, तिजिया, रनिया, सपना, दयाराम, मीरा, किरण, देवकी, कलावती, सावित्री, प्रेमा, रामबाई, गोमती, श्यामसुंदर व रामकिशोर समेत कई लोगों के घर गिर गए है। ऐसे में सक्षम अधिकारियों से क्षेत्र का निरीक्षण कराकर पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए।

# विधिक साक्षरता शिविर में बंदियों को मिली मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी




**जन एक्सप्रेस । उरई**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन की सचिव एवं अपर जिला जज पारुल पंवार ने मंगलवार को जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया।जिसमें बंदियों को मुफ्त विधिक सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान एडीजे पारुल पंवार ने जेल की विभिन्न बैरकों का निरीक्षण किया और वहां निरुद्ध बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि जिन बंदियों की जमानत सक्षम न्यायालय से स्वीकृत हो चुकी है। लेकिन जमानतदार के अभाव में रिहा नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूची तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजी जाए। ताकि प्रभावी पैरवी कर उन्हें शीघ्र रिहा कराया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन बंदियों की आर्थिक स्थिति कमजोर है, उनकी जमानत राज्य की ओर से जिला अधिकार प्राप्त समिति के माध्यम से कराई जाए। साथ ही ऐसे बंदी जिनके पास निजी अधिवक्ता नहीं हैं या जिनकी मुकदमे की प्रभावी पैरवी नहीं हो पा रही है, उन्हें विधिक सहायता प्रदान की जाए। सचिव ने यह भी कहा कि जिन विचाराधीन बंदियों को सरकारी खर्च पर अधिवक्ता की आवश्यकता है, उनके लिए संबंधित न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिलवाया जाए।जिससे एमाइकस क्यूरी (न्याय मित्र) की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही जो बंदी दोष सिद्ध हो चुके हैं और जिनकी अपील नहीं हो पाई है, उनकी अपील नियमानुसार कराई जाए। इस प्रक्रिया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समन्वय बनाए रखा जाए। इस दौरान जेल अधीक्षक व अन्य स्टाप मौजूद रहा।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय एवं अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के उपलक्ष्य में 23 जुलाई बुधवार को कर्म की अवधारणा भगवान बुद्ध और लोकमान्य तिलक विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

संगोष्ठी के संयोजक डॉ हरिकांत मिश्र ने बताया कि 23 जुलाई को आयोजित इस संगोष्ठी में शिक्षा जगत के विद्वान व शोधार्थी अपने शोध पत्रों के साथ सहभागिता करेंगे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह, बौद्ध शोध संस्थान के सदस्य डॉ तरुणेश कुमार मिश्र व श्रीलंका के डॉ वेनजुलमपटये पुण्यासार सहित अन्य लोग शामिल होंगे।

# पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला महिला का शव

**जन एक्सप्रेस । उरई**

■ खाली शराब की बोतले गिलास व नमकीन के पाऊच मिलने से ग्रामीणों ने जताई हत्या की आशंका

कुठौंद थाना क्षेत्र के सलेमपुर कनार खेड़ा कनार के प्राइमरी स्कूल के पास संदिग्ध हालत में पेड़ से लटक रहे महिला के शव को देखकर गांव में सनसनी फैल गई। जबकि घटनास्थल पर शराब की खाली बोतलें, गिलास व नमकीन के पाउच मिलने से ग्रामीणों ने उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने की आशंका जताई है।

कुठौंद क्षेत्र के सलेमपुर कनार में प्राइमरी स्कूल के पास ईटों रोड पर निधि 28 वर्ष पत्नी महेश कुमार उर्फ बौरे की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते नीम के पेड़ पर लटका हुआ शव मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटनास्थल पर तीन शराब की बोतल, गिलास व नमकीन के पैकेट भी मिले हैं। जिससे ग्रामीणों द्वारा उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। क्योंकि जब शव को नीचे उतार गया तो उसके मुंह से खून निकल रहा था। जबकि घटना की सूचना कुठौंद थाना पुलिस को मिली तो वह मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलवाया। जांच पड़ताल के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही तत्व उजागर होंगे और जो दोषी होगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मां काली जी का मनाया जन्मोत्सव, हुआ भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । उरई**

गल्ला मंडी में स्थित मां काली मंदिर में मातारानी का जन्मोत्सव मंदिर समिति के सदस्यों व उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल उरई ने मिलकर बड़े ही धूमधाम से मनाया। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां काली के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सर्वप्रथम महाकाली का हवन पूजन का आयोजन किया गया। साथ ही भक्तों ने केक काटकर मातारानी का जन्मोत्सव मनाया मां काली मंदिर में प्रसाद का भोग लगाने के पश्चात भंडारे का प्रसाद वितरण शुरू किया गया। इस मौके पर काफी



संख्या में भक्त जनों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और मां काली माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।वही मंदिर के पुजारी दीपक महाराज ने सभी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल उरई नगर संगठन मंत्री बृजेंद्र गुप्ता, राजू सरदार सभासद, हरिओम, नरेश गुप्ता, अनुपम महाराज, पंकज गुप्ता, मोहित कुमार, आशु आदि लोगो का सहयोग रहा।

# पीड़ित मां ने एसपी को दिया शिकायती पत्र, लापता पुत्र को बरामद करने की लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

पुलिस कार्यालय पहुंची पीड़ित महिला ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। जिसमें लापता हुए पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाई है।

शहर के मोहल्ला लहारिया पुरवा डूबा कालौनी निवासी शफिया पत्नी रज्जब अली ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार को शिकायती पत्र दिया।जिसमें बताया कि पीड़िता का पुत्र दानिश अली निजामुद्दीन स्टेशन से भोपाल एक्सप्रेस पर बैठकर झांसी आया और स्टेशन पर उतर गया। बताया कि इसके बाद उसने देर शाम फोन से परिजनों को बताया की वह झांसी स्टेशन से साबरमती पर बैठ गया और उरई के लिए निकल रहा है, जो अभी तक घर नहीं पहुंचा है। बताया कि फोन पर उससे बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। फिलहाल एसपी ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच पड़ताल के बाद उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।



**केंद्रीय कैबिनेट से एफटीए को मिली मंजूरी...**

भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच बहुप्रतीक्षित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को भारत की केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को मंजूरी दे दी है। यह समझौता आधिकारिक रूप से 24 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंदन यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित किया जाएगा... पढ़ें पेज 12 पर...

# यूपी की तरक्की से भारत का विकास तय

## सीएम योगी बोले, यूपी में वर्तमान कृषि उत्पादन से तीन गुना अधिक करने की क्षमता

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भी यूपी में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि है। लगभग तीन करोड़ किसान कृषि पर निर्भर करते हैं। इसके बाद सर्वाधिक रोजगार एमएसएमई दे रहा है। इसके माध्यम से 1.65 करोड़ लोग रोजगार प्राप्त करते हैं। सीएम ने कहा कि कृषि पलायन का नहीं, बल्कि खुशहाली का माध्यम बने। यह तभी संभव है, जब इस क्षेत्र में किए जाने वाले अनुसंधान का लाभ किसानों को दे पाएंगे। सीएम ने कहा कि यूपी विकसित होता है तो भारत को विकसित होने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में ईमानदारी से प्रयास करता है तो उस लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस में शिरकत की। सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन और पुस्तिकाओं-न्यूज लेटर का विमोचन किया। उन्होंने राष्ट्रीय संगोष्ठी विकसित कृषि-विकसित उत्तर प्रदेश एट 2047 में अपने विचार भी रखे। सीएम ने कृषि वैज्ञानिकों, युवा प्रतिभाओं, एफपीओ आदि का सम्मान भी किया।



### किसानों को डिमास्ट्रेशन के माध्यम से दें जानकारी

सीएम ने कहा कि कोई फसल एक महीने विलंब होगी और बीज वही पुराना है तो उसके प्रोड्क्शन पर भी 30 फीसदी तक असर होगा। सीएम ने पूछा कि क्या लेट वेरायटी के लिए किसानों को तैयार किया। बीज की उपलब्धता व डिमास्ट्रेशन के लिए किसान को प्रशिक्षित किया। यदि कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विवि, अनुसंधान केंद्रों के माध्यम से समय पर सही जानकारी व डिमास्ट्रेशन से बताएंगे नहीं कि इस बीज से इसका इतना प्रोडक्शन लिया जा सकता है तो उसे विश्वास नहीं होगा। आज भी यदि वह पुरानी रणनीति के तहत पुरानी तकनीक पर आधारित खेती करने पर मजबूर है तो इसलिए, क्योंकि हम उसे केंद्रों तक लाने में विफल रहे हैं। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, प्रमुख सचिव रविंद्र, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### कृषि ही यूपी का भविष्य



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कृषि व कृषि अनुसंधान की दृष्टि से यूपी प्रकृति व परमात्मा की कृपा वाला प्रदेश है। हमारे पास विस्तृत और उर्वरा कृषि भूमि, पर्याप्त जल संसाधन है। दुनिया में यूपी एकमात्र ऐसा राज्य होगा, जिसका 86 फीसदी से अधिक भूभाग सिंचित है। यहां केंद्र व राज्य सरकार के कृषि विश्वविद्यालयों का बेहतरीन संजाल है। यूपी सरकार पहले से चार कृषि विवि संचालित कर रही है। पांचवां विवि भी स्थापित हो रहा है। केंद्र सरकार द्वारा भी प्रदेश में पहले से ही कृषि विवि संचालित हो रहे हैं और कृषि अनुसंधान के लिए 15 से अधिक संस्थान कार्यरत हैं। 89 कृषि विज्ञान केंद्र भी अपनी विशेषज्ञता का लाभ किसानों को प्रदान करते हैं। इसके बावजूद किसानों की स्थिति चौंकाने वाले तथ्य प्रस्तुत करती है। प्रदेश के बमुश्किल 25 से 30 फीसदी किसान ही ऐसे हैं, जो वैज्ञानिक शोध व अनुसंधान के कार्यों को प्रभावी ढंग से खेती में लागू कर पा रहे हैं।

### यूपी की भूमि से तीन गुना अधिक लिया जा सकता उत्पादन

उन्होंने कहा कि देश की आबादी का 16 फीसदी हिस्सा यूपी में निवास करता है। देश के कृषि योग्य कुल भूमि का केवल 11 फीसदी यूपी में है। इस भूमि पर देश का 20 फीसदी से अधिक खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है। हालांकि यूपी की भूमि के समतलीकरण, उर्वरता, जल संसाधन को देखते हुए इससे तीन गुना अधिक उत्पादन लिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए कृषि शोध, विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। सीएम ने कहा कि वही देश विकसित हुए हैं, जिन्होंने अधिकाधिक शोध और विकास पर ध्यान दिया। उनका क्षेत्र अलग हो सकता है। जिसने जिस क्षेत्र में कार्य किया, वह वहां आगे बढ़ा।

### यूपी के पास दुनिया का पेट भरने का भी सामर्थ्य

सीएम ने कहा कि यूपी के पास देश ही नहीं, दुनिया का पेट भरने का भी सामर्थ्य है। कृषि, हॉर्टिकल्चर, सब्जी के लिए हम बहुत कुछ कर सकते हैं। यहां के क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप अनुसंधान और प्रकृति-पर्यावरण के अनुरूप शोध को बढ़ाने के लिए और गति दिए जाने की आवश्यकता है। सीएम ने कहा कि आपके द्वारा किए गए शोध व विकास के कार्यक्रमों की गति देश व प्रदेश की प्रगति में निर्णायक भूमिका का निर्वहन कर सकती है।

### शॉर्ट टर्म, मीडियम व लॉन्ग टर्म प्लानिंग को लेकर भी चलना होगा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2047 में जब भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की इकॉमनी होगा तो यूपी कहां होगा, उसकी प्रति व्यक्ति आय क्या होगी। कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी क्या स्थिति होनी है। इस पर यूपी ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है। हम विजन 2047 की कार्ययोजना के साथ तो आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन हमारे पास शॉर्ट टर्म भी होना चाहिए कि हमें दो वर्ष में क्या अचीव करना है। हमें 2027, 29 और 35 की भी बात करनी चाहिए। पब्लिक को अपील करने के लिए शॉर्ट टर्म, मीडियम और लॉन्ग टर्म प्लानिंग को लेकर चलना होगा। कृषि विवि, कृषि विज्ञान केंद्रों व अनुसंधान के लिए कार्यरत संस्थान इस दिशा में प्रयास प्रारंभ करें।

# डिप्टी सीएम केशव का बड़ा आरोप, कांवड़ यात्रा में अपने लोगों को भेज कर माहौल खराब कर रही सपा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे शक है कि कांवड़ यात्रा में सपा अपने लोगों को भेज कर माहौल खराब करने का प्रयास कर रही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, ÷जहां भी कोई कांवड़ियों के भेष में माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है, वह कांवड़ियों को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। मुझे शक है कि समाजवादी पार्टी ऐसे लोगों को भेजकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है... भाजपा कानून के मुताबिक कार्रवाई करती है और जब वह कार्रवाई करती है तो तुष्टीकरण करने वालों को इससे तकलीफ होती है।÷ बता दें कि सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें कांवड़ यात्रा में जाने वाले लोग उपद्रव और तोड़फोड़ कर रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बयान दिया है और कहा कि जो लोग उपद्रव कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अब इसे लेकर उपमुख्यमंत्री केशव ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा है।



# राज्य निर्वाचन आयोग की विशेष कार्य अधिकारी बनीं गरिमा स्वरूप, प्रदेश में नौ पीसीएस इधर से उधर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में मंगलवार को 9 पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। अरविंद कुमार मिश्रा को अपर सूचना निदेशक बनाया गया है जबकि गरिमा स्वरूप को विशेष कार्य अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग नियुक्त किया गया है। वह अभी तक बाल विकास पुष्टाहार निदेशालय में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थीं। इसी तरह विनोद कुमार गौड़ को फर्रूखाबाद का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। वह अभी तक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के उप सचिव के पद पर कार्यरत थे। अभी तक प्रतीक्षारत डॉ. अलका वर्मा को निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा पद पर नियुक्त किया गया है। गौरव रंजन श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के उप सचिव पद पर तैनात किया गया है। अमित कुमार को बहराइच का अपर जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। महेंद्र पाल सिंह को अपर जिलाधिकारी (नगर पूर्वी) लखनऊ बनाया गया है। इसी तरह अविनाश चंद्र मौर्य को अपर जिलाधिकारी औरैया नियुक्त किया गया है। वहीं, नरेंद्र सिंह को उपनिदेशक मंडी परिषद लखनऊ बनाया गया है। वह अभी तक मुरादाबाद के उपजिलाधिकारी के पद पर तैनात थे।

# पूर्व कर्मचारी पर 1 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में साहू हाउसिंग एंड लैंड इंप्रूवर्स के निदेशक सुधीर कुमार गुप्ता ने अपने पूर्व कर्मचारी राकेश कुमार, उसकी पत्नी भावना और दो अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाते हुए हजरतगंज थाने में केस दर्ज कराया है। सुधीर गुप्ता का आरोप है कि राकेश ने खुद के लापता होने की झूठी कहानी गढ़कर कंपनी की करोड़ों की बेशकीमती जमीन बेच डाली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राकेश कुमार पिछले 15 सालों से साहू हाउसिंग में कार्यरत था। कंपनी ने उसके नाम पर कई जमीनें खरीदी थीं। 5 दिसंबर 2024 को राकेश की पत्नी भावना ने सुधीर गुप्ता को फोन कर बताया कि राकेश घर नहीं लौटा है। इसके अगले ही दिन, 6 दिसंबर को भावना ने हजरतगंज थाने में पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### लापता होने की कहानी और 1 करोड़ की रंगदारी

गुमशुदगी की खबर के बीच, कंपनी के कर्मचारियों तरुण और अभिषेक को आशुतोष मिश्रा और राधे नामक युवकों से वॉट्सऐप कॉल आई। उन्होंने दावा किया कि राकेश उनके पास है और उसे छोड़ने के लिए 1 करोड़ रुपये की मांग की। जब इस बारे में भावना से पूछा गया, तो उसने किसी भी जानकारी से इनकार कर दिया।

### साजिश का खुलासा: बेशकीमती जमीन की रजिस्ट्री

मामले में चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब 21 मई 2025 को कंपनी की एक बेशकीमती जमीन सुल्तानपुर निवासी राजकुमार के नाम पर रजिस्ट्री कर दी गई। इस रजिस्ट्री के गवाहों में राकेश की पत्नी भावना और जीतू सिंह के नाम दर्ज थे। जांच में सामने आया कि राकेश और भावना ने मिलकर पहले राकेश की गुमशुदगी की झूठी कहानी रची और फिर सुनियोजित तरीके से कंपनी की जमीन बेच दी। हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि सुधीर गुप्ता की तहरीर पर राकेश कुमार, उसकी पत्नी भावना, आशुतोष मिश्रा और राधे समेत चार नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# छांगुर गैंग ने हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण कर खाड़ी देशों में भेजा, तलाश में भटक रहे परिजन, सुनाई आपबीती





- धर्म और जेहाद की आड़ में छांगुर और उसके गुर्गों की काली करतूतें धीरे-धीरे अब सामने आ रही हैं

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

छांगुर के गैंग ने दस बीस नहीं डेढ़ सौ से ज्यादा मासूम हिंदू लड़कियों को लव जेहाद, धमकी व अन्य चालबाजियों के जरिए इस्लाम में धर्मांतरित किया और उन्हें खाड़ी देशों में भेजा। राज्य के अलग-अलग जिलों से आए पीड़ितों और उनके परिजनों ने मंगलवार को लखनऊ में प्रेसवार्ता के जरिए छांगुर गैंग पर ये आरोप लगाया। कई पीड़ित और परिजन अपनी बहन-बेटियों के गायब होने के प्रमाण और दस्तावेज लेकर प्रेसवार्ता में पहुंचे थे। धर्म और जेहाद की आड़ में छांगुर और उसके गुर्गों की काली करतूतें धीरे-धीरे अब सामने आ रही हैं। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के दफ्तर में आयोजित प्रेस वार्ता में तमाम ऐसे पीड़ितों और उनके परिजनों ने अपनी आपबीती सुनाई जिनकी बहन या बेटी धर्मांतरण के बाद या तो गायब कर दी गई या खाड़ी देशों में भेज दी गई।

### छांगुर गिरोह ने बेटी को किया गायब, मां हुई विक्षिप्त

गाजियाबाद से सत्तर साल के बुजुर्ग आजाद सिंह चौधरी न्याय की उम्मीद में राजधानी आए हैं। उनकी बेटी बीए सेकंड ईयर की छात्रा थी। बीते 2 अप्रैल से घर से अचानक गायब हो गई। रोते हुए उन्होंने बताया कि गायब होने के दो माह पहले से ही वह छांगुर गिरोह के संपर्क में थी और मजार जाने लगी थी। किसी ने बताया कि ब्रेनवाश कर उसको मुसलमान बना दिया गया। उसका निकाह भी करा दिया गया है। बहुत तलाशा, पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई, कहीं कुछ पता नहीं चला। मां विक्षिप्त हो गई है। नींद से जाग कर, जब तब बेटी को पुकारती हैं।

### बहन को लव जेहाद में फंसाकर गायब किया

मेरठ से आए सुनील नेगी ने बताया कि छांगुर गैंग के बदर अख्तर सिद्दीकी ने उनकी बहन को हिन्दू नाम से लव जिहाद का शिकार बनाया। 2019 से उनकी बहन लापता है। बहन नोएडा में प्राइवेट सेक्टर में काम करती थी, जहां बदर ने ब्रेनवाश कर उसे अपने जाल में फंसाया। जब तक बहन को एहसास हुआ तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घरवालों को उसने फोन पर सारी बात बताई। बताया कि बदर ने उसका जबरन धर्म परिवर्तन करवा दिया। सारी बचत के पैसे हड़प लिए। मेरठ की ही एक लड़की प्रिया त्यागी भी गायब हो गई जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चला।

### शादी तय थी, ब्रेनवाश कर बेटी को किया गायब

बलरामपुर से आए रघुनाथ निषाद और उनकी पत्नी उर्मिला का रो रो कर बुरा हाल था। रघुनाथ पेशे से दिहाड़ी मजदूर हैं। बताया कि बेटी की शादी तय की गई थी। घर के पास की मुस्लिम महिला अनारकली और उसके मामा ने मेरी बेटी का ब्रेनवाश किया और भगा ले गए। कहते थे कि छांगुर पीर की शरण में जाओगे तो जिंदगी बेहतर हो जाएगी।

### छांगुर का सपना भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने का था

विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि छांगुर का कनेक्शन जाकिर नाइक से भी मिला है। जिसे सरकार ने भगोड़ा घोषित किया है। ये सभी मिलकर भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाना चाहते थे। जब से छांगुर की करतूतों को उजागर किया गया तब से लगातार बड़ी संख्या में उसके जेहाद से पीड़ित लोग सामने आ रहे हैं। गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ और बलरामपुर से पीड़ित आए हैं। इनमें अधिकतर वे लोग हैं जिनकी बच्चियों को बहकाकर धर्मांतरण कराया गया। उसके बाद से वे लौटकर नहीं आईं।

## संयुक्त परिवार में रहने को लेकर विवाद, पत्नी से झगडने के बाद पति ने की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ के गाजीपुर थानाक्षेत्र में संयुक्त परिवार में रहने को लेकर चल रहे विवाद के बाद एक व्यक्ति ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह संजय जायसवाल (39) का शव उनके इंदिरा नगर स्थित घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। संजय जायसवाल पेशे से ड्राइवर थे। उनकी बहन सुषमा ने बताया कि संजय का अपनी पत्नी रूपम जायसवाल से लंबे समय से झगड़ा चल रहा था। शनिवार को भी दोनों के बीच तीखी बहस हुई थी, जिसके बाद संजय घर छोड़कर चले गए थे, लेकिन परिवार के समझाने पर वे वापस आ गए थे। मंगलवार सुबह जब उनकी पत्नी रूपम मंदिर गई हुई थीं, तब लगभग 9 बजे संजय ने घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी के लौटने पर उन्होंने संजय को लटका हुआ पाया। आनन-फानन में फंदा काटकर उन्हें आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संजय के परिवार में उनकी दो बेटियां, गौरी और काशी हैं।

# किसानों के लिए बड़ी राहत: प्रदेश में 47 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध, वितरण बढ़ा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई के बीच किसानों के लिए अच्छी खबर है। सहकारी समितियों और निजी क्षेत्र के विक्रेताओं के माध्यम से खाद का वितरण लगातार जारी है और इस वर्ष रिकॉर्ड वितरण किया जा चुका है। सहकारिता विभाग की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, इस खरीफ अभियान में अब तक सहकारी समितियों और निजी क्षेत्र के विक्रेताओं द्वारा कुल 27.21 लाख मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। जबकि पिछले साल इसी अवधि में 21.36 लाख मीट्रिक टन खाद वितरित की गई थी। यानी इस बार पिछले साल की तुलना में किसानों को अधिक खाद मिल रही है। विभाग का कहना है कि इस समय प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। जनपदों में निजी एवं सहकारी क्षेत्र में कुल 47.04 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। किसानों को समय पर खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी जिले में तस्करी, कालाबाजारी, ओवररेटिंग या अन्य गड़बड़ी न हो।

### कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

विभाग ने साफ कहा है कि अगर किसी जिले में खाद के साथ अन्य उत्पादों की तस्करी, ओवररेटिंग या कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो खाद (नियंत्रण) आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। सहकारिता विभाग के अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (कृ.नि.) श्रीकांत गोसवामी ने कहा, किसानों को खाद की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर तुरंत अतिरिक्त आपूर्ति की जाएगी और गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ के बीकेटी में खाद-बिजली संकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी क्षेत्र में खरीफ की बुवाई के बीच यूरिया खाद और सिंचाई के लिए पानी की किल्लत से जूझ रहे किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने बख्शी का तालाब के उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष लखनऊ रुद्रदमन सिंह %बब्लू% के नेतृत्व में सौंपे गए, इस ज्ञापन में भाजपा सरकार पर चुनावी वादे पूरे न करने का आरोप लगाया है। वहीं ज्ञापन में कहा गया है कि, प्रदेश में किसानों को धान की फसल के लिए यूरिया और सिंचाई के लिए पानी की अत्यधिक आवश्यकता है, लेकिन भाजपा का मुफ्त बिजली और आय दोगुनी करने का वादा खोखला साबित हुआ है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ÷डबल इंजन सरकार÷ किसानों को मुफ्त बिजली देना तो दूर, बिजली आपूर्ति की कमी के चलते सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं करा पा रही है। वहीं रुद्रदमन सिंह %बब्लू%ने ज्ञापन में कहा कि किसान खाद के लिए सहकारी समितियों और निजी दुकानों पर कालाबाजारी के कारण ऊँचे दामों पर खाद खरीदने को विवश हैं, और भीषण गर्मी में लंबी लाइनों में खड़े होने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का अन्नदाता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप कर प्रदेश सरकार को पर्याप्त उर्वरक यूरिया खाद और बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश देने का निवेदन किया है, ताकि किसानों की समस्याओं का शीघ्र निदान हो सकें।इस दौरान कांग्रेस लखनऊ जिलाअध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बब्लू,प्रदेश संगठन मंत्री प्रमोद सिंह, कांग्रेस वरिष्ठ नेता नकुल दुबे, प्रदेश पदाधिकारी एस के गौतम, नागेन्द्र सिंह चौहान लखनऊ सचिव, राजकुमार सिंह यादव, मतलूम अहमद, बीकेटी ब्लॉक अध्यक्ष संतोष द्विवेदी, आनंद सिंह, सुनील कनौजिया अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीईओ ने की 25 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की सुनवाई

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने 25 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने कार्यालय में सोमवार को सुनवाई की। उनके द्वारा प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। उन्होंने अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण ऑडिट रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरणी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के आधार पर बिंदुवार जानकारी ली।प्रदेश के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के उपरांत, सुनवाई की नियत तिथि 21 जुलाई को केवल 25 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इन राजनीतिक दलों ने पिछले छह वर्षों के दौरान कोई भी निर्वाचन नहीं लड़ा है। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से उक्त दलों के अध्यक्षों एवं महासचिवों को कार्यालय में जमा करने एवं सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये गए थे।

# महोना में बाइक रिपेयरिंग के विवाद में मारपीट, थाने के सामने देर रात तक प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र के महोना चौकी क्षेत्र में मंगलवार दोपहर महोना में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग के पैसों को लेकर हुआ एक मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाने के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। बता दें कि किशुनपुर निवासी आकाश पुत्र सुनील अपनी मोटरसाइकिल बनवाने ताज और अब्दुल्ला की दुकान पर गए थे, आकाश का आरोप है कि,रिपेयरिंग के पैसों को लेकर दुकानदार अब्दुल्ला, ताज और अन्य लोगों ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही आकाश के परिजन मौके पर पहुंच गए और महोना पुलिस चौकी पर जमकर हंगामा किया। वहीं पीड़ित पक्ष ने इटौंजा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।इसके बाद, थाने के सामने सैकड़ों लोगों ने देर रात तक प्रदर्शन भी किया। वहीं दूसरी ओर, दुकानदार अब्दुल्ला पुत्र सगीर, वार्ड नंबर 10 महोना निवासी ने इटौंजा थाने में तहरीर दी है। अब्दुल्ला का आरोप है कि आकाश और उसके साथ आए कुछ अन्य लोगों ने मोटरसाइकिल रिपेयरिंग के पैसे मांगने पर उसकी दुकान में मारपीट और तोड़फोड़ की है। आकाश के पिता सुनील का आरोप है कि मेरे बेटे को मारा पीटा जब होना चौकी शिकायत करने गया तो, पुलिस ने दबाव बनाया और सुलह करने की बात कही, जब सुनील ने सुलह करने से मना कर दिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्तंड यादव मार्कंडेय यादव ने बताया कि महोना में गाड़ी बनवाने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों की शिकायतें लेकर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पिता का आरोप- मार खाने वाले युवक को थाने पर लाकर किया बंद, मारने वाले बाहर घूमते रहे

इटौंजा थाना क्षेत्र के महोना चौकी अंतर्गत गाड़ी बनाने की विवाद को लेकर हुई जमकर मारपीट में मार खाने वाले आकाश रावत को पुलिस ने थाने पर बंद कर दिया और मारने वाले अब्दुल्ला और ताज को बाहर खुला छोड़ दिया गया और एक दूसरे व्यक्ति को लाकर थाने पर बिठा दिया। वहीं पिता सुनील ने आरोप लगाया कि जिन्होंने बेटे आकाश रावत को मारा पीटा वह आरोपी बाहर घूमते और एक दूसरे युवक को लाकर थाने पर बिठा दिया गया। पीड़ित दलित युवक आकाश रावत को न्याय दिलाने के लिए, किसान नेता एडवोकेट राम प्रकाश सिंह ने इटौंजा थाने के बाहर जोरदार प्रदर्शन कर, इटौंजा पुलिस से आकाश रावत को छोड़ने और आरोपी की गिरफ़्तारी कर पीड़ित आकाश रावत को न्याय देने के नारे लगाएं।

## ट्रेन के सामने लेटकर युवक ने की आत्महत्या, रहीमाबाद में पटरी पर मिला शव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक ने ट्रेन के सामने लेटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। रहीमाबाद पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना जुगराजगंज रेलवे क्रॉसिंग से लगभग 1 किलोमीटर पहले सभा खेड़ा गांव के सामने हुई। सोमवार शाम को राकेश (38) नाम का युवक, निवासी पुन्नई वृन्दावन, अतरौली, हरदोई, आ रही ट्रेन को देखकर पटरी पर लेट गया। ट्रेन गुजरने के बाद उसका शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही पूरी की। मृतक के पिता रामऔतार ने बताया कि राकेश पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहा था और सोमवार शाम से ही लापता था।राकेश अपने परिवार का भरण-पोषण मजदूरी करके करता था। उसके परिवार में माता-पिता, पत्नी पिंकी, बेटा शिवम और तीन बेटियां कोमल, वैष्णवी और काव्या हैं। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

जन एक्सप्रेस । अमेठी

ग्रामीण अंचलों में शिक्षा,डिजिटल साक्षरता और सूचना तक आसान पहुंच को सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार ने एक नई पहल की है।इसी क्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की योजना शुरू की गई है।इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा की।जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की कुल 682 ग्राम पंचायतों में से प्रथम चरण में 108 ग्राम पंचायत भवनों को डिजिटल लाइब्रेरी से सुसज्जित किया जाएगा।इन लाइब्रेरी में एक स्मार्ट टीवी,डेस्कटॉप कंप्यूटर, आवश्यक सॉफ़्टवेयर,उच्च गति इंटरनेट कनेक्शन,कुर्सी-



मेज,रैक, अलमारी,बुकसेल्फ और अन्य जरूरी उपकरण स्थापित किए जाएंगे।खास बात यह है कि डिजिटल संसाधनों के साथ-साथ वहां भौतिक पुस्तकें भी उपलब्ध होंगी,जिससे छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी आसानी से कर सकेंगे।ग्रामीण नागरिक भी इन केंद्रों का उपयोग सामान्य ज्ञान,कृषि तकनीक,स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने में कर सकेंगे।जिलाधिकारी संजय चौहान ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ी सभी सामग्री गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप खरीदी जाए।उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा प्रत्येक लाइब्रेरी का संचालन सुचारु रूप से हो,इस पर विशेष निगरानी रखी जाए।उन्होंने कहा कि यह केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं,बल्कि गांवों में आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने का प्रयास है,जहाँ शिक्षा और सूचना हर घर तक पहुँचेगी।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल जिला समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एचआईवी जागरूकता अभियान-गौरीगंज थाने में पुलिसकर्मियों की हुई जांच

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर की जांच,रिपोर्ट मौके पर ही उपलब्ध कराई गई

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिले में एचआईवी के प्रति जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान की शुरुआत की गई है।इस क्रम में गौरीगंज थाना परिसर में मंगलवार को एक विशेष एचआईवी जांच शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें थाने में तैनात सभी पुलिसकर्मियों के रक्त नमूने लिए गए।शिविर में स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीम ने मौके पर ही सभी सैंपलों की जांच की और पुलिसकर्मियों को रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराई।शिविर का उद्देश्य केवल जांच नहीं, बल्कि एच आईवी



के प्रति सकारात्मक जागरूकता फैलाना और समय रहते पहचान व रोकथाम सुनिश्चित करना भी रहा।
यह स्वास्थ्य जांच अभियान उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अंतर्गत पूरे जनपद में चरणबद्ध रूप से चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आने वाले दिनों में जनपद के अन्य सभी थानों,चौकियों तथा पुलिस कार्यालयों में भी इसी तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे।इस अभियान को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि पुलिस बल हमारी सुरक्षा की रीढ़ है,और उनका शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहना समाज के लिए भी आवश्यक है।इस तरह के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण जागरूकता बढ़ाने और समय रहते किसी भी बीमारी की पहचान में मदद करते हैं।

# उधारी के पैसे मांगना पड़ा महंगा: धर्मकांटा मालिक पर हमला

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के जामो थाना क्षेत्र में उधारी के पैसे मांगने पर एक धर्मकांटा मालिक पर जानलेवा हमला कर दिया गया।हमलावरों ने न केवल पीड़ित की कार और धर्मकांटा कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की, बल्कि लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई भी की।पूरी घटना धर्मकांटा में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।पुलिस ने तीन महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीशपुर निवासी अवसर अहमद उर्फ सोनू पिछले तीन वर्षों से लकड़ी का व्यवसाय कर रहे हैं।और जामो क्षेत्र में एक धर्मकांटा संचालित करते हैं।उन्होंने लगभग एक वर्ष पूर्व राम ज्ञानी निवासी शिवगढ़ घाटमपुर को 40,000 रुपए उधार दिए थे। मंगलवार को जब अवसर अहमद ने रामज्ञानी से उधार की रकम वापस मांगी तो कहासुनी हो गई।अगले ही



दिन मंगलवार को राम ज्ञानी अपनी बेटी पूनम,बहन फूलमाता,पत्नी और बेटे करन के साथ मौके पर पहुंचे। पहले उन्होंने अवसर की कार में तोड़फोड़ की और जब अवसर ने विरोध किया,तो सभीआरोपी धर्मकांटे के कार्यालय में घुस गए और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया द्य ऑफिस में की तोड़फोड़,लाठी-डंडों से पिटाई की।हमले के दौरान कार्यालय में रखा कंप्यूटर,प्रिंटर सहित अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया।आरोपियों ने लाठी-डंडों से अवसर अहमद की पिटाई की,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह मामला शांत हुआ।और पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित की तहरीर पर जामो थाना पुलिस ने तीन महिलाओं सहित पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।पुलिसअधिकारियों ने बताया कि सी सी टी वी फुटेज को साक्ष्य के तौर पर संकलित किया गया है।और मामले की जांच जारी है।जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने पुलिस से कड़ी कार्यवाही की मांग की है और कहा कि यदि उधारी मांगने पर इस प्रकार हमला होगा, तो आम लोग न्याय के लिए कहां जाएंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में नगर निकाय की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकाय द्वारा कराए जाने वाले कार्यों को लेकर नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं अधिकारियों के साथ बैठक हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने नगर-निकाय के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को लोकहित/जनोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के उपयोगार्थ क्रय की जाने वाली सामग्री आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी के क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। बैठक में स्ट्रीट लाइट और जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए अधूरे कार्यों की वजह से जन सामान्य को होने वाली समस्या पर भी चर्चा हुई।

# लाखों की चोरी, थाना प्रभारी पर लापरवाही का आरोप, पीड़ित ने सीएम से लगाई न्याय की गुहार

## खारा के पूरे दुनिया गांव में परिवार की आंखों के सामने लूटा घर

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी

तहसील तिलोई क्षेत्र के थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव पूरे दुनिया मजरे खारा में बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात ने शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता शिवानी पत्नी सूरज दीक्षित ने आरोप लगाया है कि तीन अज्ञात चोरों ने उसके घर से लगभग दस से बारह लाख रुपये मूल्य के जेवरात और नगदी चोरी कर ली।इस घटना से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है।चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़िता के अनुसार जब उसने घटना की जानकारी थाना शिवरतनगंज पुलिस को दी तो कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई,बल्कि मामला दबाने की कोशिश की गई।उन्नीस जुलाई की रात करीब 1:30 बजे, तीन अज्ञात चोर घर में घुसे।परिजन जागे तो चोर भाग



निकले,लेकिन तब तक घर से करीब 130 ग्राम सोना,चांदी के आभूषण, मंगलसूत्र,अंगूठियां,पायल,बच्चों के जेवर, नकदी सहित कुल दस लाख रुपये का सामान उठा ले गए।पीड़िता का आरोप है कि थाना प्रभारी शिवरतनगंज ने मामले में न तो मुकदमा गंभीर धाराओं में दर्ज किया और न ही किसी आरोपी की पहचान या गिरफ्तारी को लेकर कोई कदम उठाया।परिवार का कहना है कि पुलिस की लापरवाही से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं,और आमजन में असुरक्षा का माहौल है।थक-हारकर पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की मांग की है।उन्होंने कहा कि जब एक गरीब परिवार की वर्षों की पूंजी इस तरह लूट ली जाए और पुलिस मूकदर्शक बनी रहे,तो सिस्टम पर भरोसा कैसे किया जाए? परिवार द्वारा सोशल मीडिया पर डाला गया वीडियो और पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है।उसमें लिखा गया है,यह सिर्फ चोरी नहीं,एक गरीब की उम्मीदों और मेहनत की हत्या है। सिस्टम मूक बना है,न्याय की उम्मीद मुख्यमंत्री से है।अब तक किसी वरिष्ठ अधिकारी की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पीड़िता को न्याय नहीं मिला तो बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# योगी राज में दबंगों, अपराधियों व पुलिस गठजोड़ का मनोबल सातवें आसमान पर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

प्रयागराज के करछना क्षेत्र के इसौटा में दलितों आदिवासियों पर पुलिसिया संरक्षण में किए गए हमले और निर्दोष दलित आदिवासी नौजवानों को ही गंभीर आपराधिक मामलों में जेल भेजने के विरुद्ध भाकपा (माले ) के राज्यव्यापी आह्वान पर कार्यकर्ताओ ने जूलूस निकालकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सभा की

भाकपा (माले) की राज्य स्थाई समिति के सदस्य विजय विद्रोही ने अपने संबोधन में कहा कि विगत अप्रैल में एक दलित नौजवान को दबंगों ने जलाकर मार दिया था। मृतक नौजवान के परिजनों से मिलने 29 जून को सांसद चंद्रशेखर प्रयागराज पहुंचे तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया।इस घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर दबंगों ने हमला कर दिया और बड़े पैमाने पर आगजनी की। दबंगों पर कार्रवाई की




वजाय पुलिस ने दलित आदिवासी नौजवानों को ही गंभीर धाराओं में जेल भेज दिया।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार में सामंती ताकतों और दबंगों का मनोबल सातवें आसमान पर है और इन्हें सरकार और पुलिस प्रशासन का खुला समर्थन मिला हुआ है। पूरे प्रदेश में दबंगों अपराधियों और पुलिस प्रशासन का गठजोड़ दलितों,आदिवासियों, अल्पसंख्यकों व महिलाओं पर कहर बनकर टूट पड़ा है। करछना प्रयागराज की घटना उसी की एक कड़ी है।

माले नेता ने कहा कि दलितों आदिवासियों पर पर हमला करने वाले दबंगों पर कार्रवाई एवं जेल में बंद निर्दोष दलित आदिवासी नौजवानों को रिहा नहीं किया गया तो पार्टी प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन में उतरेगी।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन के जरिए घटना की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराने, जेल में बंद निर्दोष दलित आदिवासी नौजवानों पर लगे फर्जी मुकदमे खत्म करने,घटना के लिए जिम्मेदार दबंगों व पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने, मृतक दलित नौजवान देवीशंकर के परिजनों को मुआवजा, जमीन व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, प्रदेश में दलितों आदिवासियों, अल्पसंख्यकों व महिलाओं पर हो रहे हमलों पर रोक लगाने सहित कई अन्य मांगें की गईं। आज के कार्यक्रम में जिला कमेटी सदस्य फूल चंद्र मौर्या, रामेश्वर प्रधान ,अरुण कुमार , हनुमान अम्बेडकर , राजेश कुमार , हरिलाल,रामधनी , गुलाम अहमद सिद्दीकी , रामा देवी , उमानाथ ,जागेश्वर पाल सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित किया गया शिविर


जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राजकुमार सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वावधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों के लिए विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक

# श्री श्री राधेशरणम् पीठ द्वारा गणेश शंकर पांडे की जन्म जयंती विशाल भंडारे के साथ धूमधाम से मनाई गई

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली आज श्री श्री राधे शरणम् पीठ द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणेश शंकर पांडे की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई सबसे पहले उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि कर सच्ची श्रद्धांजलि दी गई आपको बताते चलें गणेश शंकर पांडे जी बहुत ही सरल स्वभाव के कांग्रेस पार्टी के जिले स्तर से लेकर प्रदेश व देश में बड़े पदों पर रहकर कांग्रेस का परचम लहराया वह कांग्रेस के तथा गांधी फैमिली के बहुत ही निकट माने जाते थे इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी डॉ सुषमा गणेश पांडे बेटी सृष्टि शंकर पांडे बेटा कुमार सौम्या पांडे तथा दामाद अनुभव जी इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकुमार दीक्षित विजय शंकर अग्निहोत्री वीके शुक्ला रमेश शुक्ला



निर्मल शुक्ला पंकज तिवारी रोहित सिंह राजेश यादव आयुष द्विवेदी सरदार भूपेंद्र सिंह अखिलेश अवस्थी दिनेश त्रिवेदी पवन त्रिवेदी अभय सिंह शिवानंद मौर्य अखिलेश मिश्रा श्रीमती शैलजा सिंह श्रीमती पूनम तिवारी शिवा शंकर शुक्ला प्रमोद त्रिपाठी रमाकांत त्रिपाठी सहित सैकड़ों कांग्रेस के तथा रायबरेली जनपद के वरिष्ठ लोगों ने अपनी सच्ची श्रद्धांजलि दी तथा प्रसाद ग्रहण किया।

# हरचंदपुर थाना क्षेत्र व विकासखंड क्षेत्र में हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटाई जारी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली के हरचंदपुर थाना क्षेत्र में वन माफिया द्वारा प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। स्थानीय समाजसेवियों की शिकायतों के बावजूद वन विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।
हरचंदपुर विकासखंड क्षेत्र के रूप खेड़ा, रामपुर और जोहवासार्की में आम और महुआ के पेड़ों की कटाई की गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग के उच्च अधिकारी मोटी रकम लेकर इस अवैध कटाई को अनदेखा कर रहे हैं।
समाजसेवी आलोक, विपिन, निर्मला, अवधेश और अमृता ने बताया कि क्षेत्र में फलदर वृक्षों की भी अवैध कटाई हो रही है। उनका कहना है कि पर्यावरण को होने वाले इस नुकसान से भविष्य में गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। क्योंकि वनरक्षक बने वनभक्षक पर्यावरण खतरे में अब कौन बचाएगा हरे भरे पेड़ो को वन विभाग के अधिकारियों का चल रहा है पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का खुला रेट पैसा दो पेड़ काटो। मामले में रेंजर अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जांच चल रही है। एसडीओ मयंक अग्रवाल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वन विभाग के कर्मचारियों पर सरकारी वेतन लेने के बावजूद अपनी जिम्मेदारियों की अनदेखी करने का आरोप है।

# जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर दिए कड़े निर्देश

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर चर्चा करते हुए रबी 2023 के लिए फसलवार प्रस्तावित बीमित धनराशि एवं प्रीमियम की दर, योजना की तीन वर्ष की प्रगति, खरीफ एवं रबी 2023-24 की क्षतिपूर्ति रिपोर्ट और खरीफ 2025 के लिए लक्ष्य एवं प्रगति की समीक्षा की। बैठक मे जिले की प्रमुख बीमित फसलों के रकबे एवं योजना अंतर्गत खरीफ व रबी फसलों की प्रीमियम राशि के संबंध में समीक्षा की गई। साथ ही बीमित कृषकों द्वारा जमा की गई प्रीमियम राशि संबंधित बैंक के माध्यम से समय अवधि में बीमा कंपनी को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# राम जन्मभूमि परिसर में बनेगी रामायण कालीन पंचवटी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

मंदिर की इस पंचवटी में रामायण में वर्णित 88 प्रकार के दुर्लभ और औषधीय पौधे भी रोपित किए जाएंगे। जो उस युग के जैविक जीवन और जैविक विविधता को दर्शाएंगे। श्रीराम जन्मभूमि परिसर अब त्रेता युग की स्मृतियों को जीवंत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ा चुका है। रामायणकालीन स्वरूप की कल्पना के अनुरूप 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही है, जो रामलला के भक्तों को न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करेगी बल्कि उन्हें त्रेता युग के प्राकृतिक परिवेश का भी अनुभव कराएगी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम जन्मभूमि परिसर में विकसित होने वाली पंचवटी न केवल दर्शनीय स्थल होगी, बल्कि यह ध्यान, जप, साधना और रामायण श्रवण जैसी गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थल के रूप में विकसित होगी।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौपा

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा अन्नदाता किसानों को खरीफ फसल की सिचाई के लिए समुचित विद्युत एवं यूरिया खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मशा को लेकर महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी रायबरेली को सौपा गया, कांग्रेस जिला प्रवक्ता महताब आलग ने बताया कि जनपद की समस्त तहसीलो सदर, महराजगंज, लालगंज, डलमऊ और ऊंचाहार÷ में जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौपा।
इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यद्दा पंकज तिवारी ने कहा कि प्रदेश का अन्नदाता किसान आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और भाजपा की दोहरी नीति के चलते अपनी बदहाली पर आसू बहा रहा, वर्तमान समय में किसानों को खाद-पानी की अत्यन्त आवश्यकता है, किन्तु भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते किसानों का बुरा हाल है, बिजली की अव्यवस्था व बाधित विद्युत आपूर्ति के चलते किसानों को विद्युत चलित नलकूपों से कोई लाभ



नहीं हो रहा है, वहीं दूसरी ओर अधिकतर नहरे सूखी पड़ी है, डीजल महगा होने के कारण खेती में लागत बहुत आ रही है और खाद की काला बाजारी के चलते किसानो को दर-दर भटकते हुए अधिक मूल्य पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है, कांग्रेस पार्टी सदैव किसानों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और किसानों के हितो के लिए संघर्ष करने को प्रतिबद्ध है।
शहर अध्यक्ष मीरज श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा ने अपनी चुनावी सकल्प पत्र में किसानो को मुफ्त बिजली एवं उनकी आय को दुगनी करने का वादा किया था, लेकिन भाजपा का यह वादा भी बाकी वादों की तरह चुनावी जुगला साबित हुआ है, किसान यूरिया एव सिचाई के लिए नाहि-त्राहि कर रही है और यूरिया खाद के लिए सहकारी समितियों व निजी दुकानों पर काला बाजारी के चलते इस उमस भरी गर्मी में दिन भर लाइन लगाकर बढ़े दामों पर खरीदने को मजबूर है. भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है, जिसे सिर्फ उद्योगपतियो की चिन्ता है।
ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप कांग्रेस किसान प्रकोष्ट के कार्यकर्ताओ सहित कांग्रेस फन्टल, विभाग, प्रकोष्ठ के जिलाध्यदक्ष गण, जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यदक्ष, महासचिव, सचिव, जनपद के समस्त ब्लाक अध्यदक्ष, वार्ड अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ आम जन बड़ी सध्या में उपस्थित रहा।



### विद्यालय विलय करने का आदेश तत्काल...

जौनपुर–जिला मुख्यालय पर सरदार सेना सामाजिक संगठन के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में पांच सुत्रीय ज्ञापन राज्य पाल महोदया को नामित ज्ञापन...

▶ शेष पेज 10 पर...

# वर्चस्व कायम करने के लिए दबंगों ने युवक को पीटा, पुलिस तालाश में जुटी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



गोविंद नगर थाना क्षेत्र मे एक बार फिर दबंगों ने कानपुर पुलिस को खुली चुनौती दी है। दबंगों ने एक युवक को दिनदहाड़े बीच रास्ते मे रोककर उसको जान से मारने का प्रयास किया है। क्षेत्रीय लोगों की भीड़ एकत्रित होते देख दबंग खून से लतपत युवक अधमरा छोड़कर फरार हो गए। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का इलाज कराने के बाद दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बता दें कि पूरा मामला थाना गोविंद नगर क्षेत्र के गुजैनी का है जहां बीती 19 तारीख को सब्जी मंडी से घर लौट रहे गुजैनी एच ब्लॉक निवासी विजय यादव को कुछ दबंगों ने सरेराह रोककर बेरहमी पीटा था। पीड़ित विजय यादव का आरोप है कि मै गुजैनी सब्जी मंडी से साम करीब 6 बजे अपने घर लौट रहा था। तभी पहले से घात लगाए बैठे अपराधी प्रवृत्ति का दबंग सिद्धार्थ द्विवेदी उर्फ पासा ने मुझे घर से थोड़ा पहले बीच रोड पर रोक लिया और गाली गलौज करने लगा तभी अचानक पासा के साथी पवन तिवारी और लवी तिवारी आकर मुझे मारने लगे। तभी पासा ने मुझे लात मारी तो मै रोड पर गिर गया जिसके बाद पासा और उसके साथी जान से मारने की नीयत से मेरे सिर पर ईंट से प्रहार करने लगे। जिस कारण मेरे सिर और आंख मे गम्भीर चोटें आईं हैं। तभी आसपास के लोगों की भीड़ देख पासा, पवन और लवी तीनों लोग मुझे खून से लतपत मरणासन्न हालत मे छोड़कर भाग निकले। जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों की मदद से इस बात की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने विजय का मेडीकल करा कर सिद्धार्थ द्विवेदी उर्फ पासा, पवन तिवारी और लवी तिवारी के ऊपर गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद सिद्धार्थ द्विवेदी उर्फ पासा लगातार उस पर समझौते का दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है एवं अपने साथियों द्वारा घर से न निकलने की धमकी भी दिलवा रहा है।

जानकारी के मुताबिक गुजैनी निवासी सिद्धार्थ द्विवेदी उर्फ पासा के ऊपर गोविंद नगर और बर्रा थाने मे कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह कई बार जेल भी जा चुका है। इसको कई सफेदपोष नेताओं का संरक्षण भी प्राप्त है। ऐसे ही संरक्षणों की शय पाकर पासा आए दिन छोटे छोटे बच्चों और कमजोर लोगों से मारपीट कर उनसे रंगदारी और वसूली करता है। सूत्र बताते हैं कि पासा सट्टे का कारोबार और फर्जी अकाउंट से पैसों का लेनदेन भी करता है। वही गोविंद नगर थाना प्रदीप सिंह का कहना है कि मारपीट के बाद युवक की तहरीर पर गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसके बाद पुलिस द्वारा घटनास्थल पर जाकर कुछ कुछ सीसीटीवी फुटेज एकत्रित किए गए हैं। जिसमे पासा के साथ सभी आरोपी मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सभी आरोपियों की तलाश मे पुलिस जुटी हुई है जल्द ही आरोपियों को जेल भेज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कम बारिश में डूब गया छातों का कारोबार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में दो दशक से लगातार कम हो रही बारिश से बिसाती बाजार, यतीमखाना और खपरा मोहाल का छाता कारोबार धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। 10 से 15 साल पहले यहां आठ से 10 छाता बनाने के कारखाने थे, जो अब दो या तीन ही बचे हैं। ऊपर से सरकार ने जीएसटी लागू करने के साथ ही 12 फीसदी टैक्स लगा दिया है, जबकि पहले कोई कर नहीं लगता था। अब स्कूली बच्चों के सहारे यह कारोबार चल रहा है।

शहर के मेस्टन रोड में छाता और रेनकोट का थोक बाजार है, जहां 10-15 थोक कारोबारी हैं। विजयनगर चौराहा के पास पन्नी का थोक बाजार है। बिरहाना रोड में कपड़ों के तिरपाल का काम होता है। गुमटी नंबर पांच, सीसामऊ, गोविंदनगर, चावला मार्केट की दुकानों में फुटकर छाता और रेनकोट की बिक्री होती है। रेनकोट की शहर में केवल खरीद-बिक्री होती है। व्यापारी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता से इन्हें मंगवाते हैं। यतीमखाना और खपरा मोहाल के आसपास छातों के कारखाने बचे हैं।

# बहन के ससुराल में युवती ने फंदा लगाकर जान दी, पुलिस जांच में जुटी





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के न्यू आजाद नगर गंगापुर में बहन के ससुराल में रह रही युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के दौरान मंगलवार सुबह घर पर कोई नहीं था। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। मूलरूप से बाराबंकी के हर्दयगढ़ निवासी ट्रक चालक सौरभ शुक्ला न्यूआजाद नगर गंगापुर में पत्नी शिवा व बेटी सान्या के साथ किराए पर रहते हैं। दो साल से कन्नौज के छिबरामऊ अतरौली निवासी सौरभ की साली शिखा पांडेय (19) साथ में रह रही थी। सौरभ के अनुसार चार दिन पहले वह ट्रांसपोर्ट नगर से ट्रक लेकर अलीगढ़ गए थे। सोमवार सुबह पत्नी शिवा बेटी का आधार कार्ड बनवाने मायके अतरौली गई थी। घर पर साली शिखा अकेली थी। मंगलवार सुबह मकान मालिक ने शिखा को पानी भरने के लिए आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा न खुलने पर रोशनदान से देखा तो शिखा का शव पंखे के कुंडे से लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। शिखा तीन बहनों में सबसे छोटी थी। सेनपश्चिम पारा थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# निर्माणाधीन गेस्ट हाउस में मजदूर की मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन गेस्ट में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी कर्मचारी ने उसे हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने साथी कर्मी पर नशेबाजी में हत्या का आरोप लगाया है। हमीरपुर के थाना कुरारा के गांव झलोखर निवासी शिवशंकर (55) दो साल पहले गांव से लापता हो गए थे। भांजे जितेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन उनका कुछ भी नहीं पता चल सका था।

इसके बाद उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। सोमवार शाम पुलिस ने सूचना देकर वाट्सएप में शिवशंकर की फोटो भेजी। इस पर उन लोगों ने पहचान कर ली। बताया कि मामा शिवशंकर सागरपुरी में निमार्णाधीन गेस्ट हाउस में मजदूरी कर रहे थे। रविवार रात गेस्ट हाउस में सीढ़ी से गिरने की बात कही जा रही है। भांजे के अनुसार उन्होंने साथ काम करने वाले कर्मचारी से बात की तो वह हड़बड़ाने लगा। उसने रविवार रात शिवशंकर के साथ मुर्गा खाने और दारू पीने की बात कबूली। भांजे ने नशेबाजी में सिर पर किसी भारी वस्तु से वार कर हत्या करने का आरोप लगाया। हनुमंत विहार थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी से मौत की पुष्टि हुई है। परिजन तहरीर देंगे तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संपन्न हुआ दिव्यांगता सशक्तिकरण कैंप में 38 बच्चों का परीक्षण



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर ब्लाक सभागार में विकलांगता परीक्षण कैंप संपन्न हुआ मा. अध्यक्ष उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय प्रयागराज के निर्देशों के अनुपालन में 22 जुलाई मंगलवार को दीक्षा जैन मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर के आदेश के अनुक्रम में खंड विकास कार्यालय बिल्हौर में दिव्यांग सशक्तिकरण कैंप का आयोजन किया गया इस कैंप का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता की जांच तथा आवश्यकतानुसार उपकरण आदि उपलब्ध कराने हेतु रजिस्ट्रेशन करना रहा। रवि कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर की निगरानी में कैंप में कुल 38 बच्चों का रजिस्ट्रेशन, 21 बच्चों को दिव्यांगता का सर्टिफिकेट तथा 10 बच्चों को दिव्यांगता उपकरण हेतु चिन्हित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग से विमलेश कुमार बाजपेई आदेश दुबे, गोविंद कुमार स्वास्थ्य विभाग टीम से डॉ. जेपी गुप्ता (ऑर्थोपेडिक) डॉ. डीएस राजपूत (आप्थैल्मोलॉजिस्ट) डॉ सुधांशु प्रकाश मिश्रा(क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट) आरके सिंह, शिवराजपुर स्पेशल एजुकेटर टीम से संजय पांडेय अनिल पांडे तथा सूर्यपाल ने अपने दायित्व का निर्वहन करके कैंप को सफल बनाया।

# पहले कारोबारियों को भेज दिए नोटिस, अब दे रहे तकनीकी चूक का हवाला

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में जीएसटीएन की नोटिस भेजने के मामले में बड़ी लापरवाही सामने आई है। ऐसे कारोबारियों को नोटिस भेज दिए गए जिनका पंजीकरण वित्तीय वर्ष 2024-25 से पहले ही रद्द हो चुका था या जिन्होंने अपने रिटर्न पहले ही दाखिल कर दिए थे। अब स्पष्टीकरण जारी करके कहा जा रहा है कि तकनीक चूक के कारण करदाताओं को नोटिस चले गए। जानकारों का कहना है कि कानपुर में एक हजार से ज्यादा कंपोजिशन स्कीम से जुड़े कारोबारियों को नोटिस भेजे गए। चूक सामने आने के बाद सभी नोटिसों को रद्द कर दिया गया है।

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम 2017 की धारा 39(2) और सीजीएसटी नियम के नियम 68 के तहत फॉर्म जीएसटीआर 4 दाखिल न करने की स्थिति में फॉर्म जीएसटीआर 3ए में नोटिस जारी करना अनिवार्य है। दरअसल, जीएसटीआर 4 कंपोजीशन स्कीम के तहत वार्षिक रिटर्न दाखिल करने वाले कारोबारियों के लिए होता है। रिटर्न न दाखिल होने की स्थिति में नोटिस जारी किया जाता है। जून के अंतिम सप्ताह से कारोबारियों को नोटिस आने शुरू हो गए थे। जो लगातार भेजे जा रहे थे। कानपुर सीएएस सीपीई स्टडी सर्किल के उप संयोजक सीए नितिन सिंह ने बताया कि जीएसटीएन पोर्टल ने हाल ही ये स्पष्टीकरण जारी किया है जो नोटिस जारी हो गए थे। वो सिस्टम में एक तकनीकी त्रुटि के कारण हुआ था।

### इन नोटिस को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दें

कुछ ऐसे करदाताओं को भी जीएसटीआर-3ए नोटिस जारी किए गए हैं। जिनका पंजीकरण वित्तीय वर्ष 2024-25 से पहले ही रद्द हो चुका था या जिन्होंने रिटर्न पहले दाखिल कर दिए थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जीएसटीएन की तकनीकी टीम इस समस्या की जांच कर रही है और इसे ठीक करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। इस तरह की त्रुटियां भविष्य में न हो इसके लिए सिस्टम में सुधार किए जा रहा है। जिन करदाताओं ने पहले ही फॉर्म जीएसटीआर-4 दाखिल कर दिया है या जिनका जीएसटी पंजीकरण वित्तीय वर्ष 2024-25 से पहले रद्द हो चुका है, उन्हें सलाह दी गई है कि वे इन नोटिस को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दें।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बैंक में पासबुक प्रिंट के दौरान महिलाओं ने 20 हजार रुपए निकाले

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर कोतवाली के सामने स्थित बैंक ऑफ इंडिया में एक महिला के साथ चोरी की घटना सामने आई है। बैड़ी अलीपुर गांव की रहनेवाली सुनीता ने बैंक से 20 हजार रुपए निकाले। मंगलवार शाम करीब 3:30 बजे की यह घटना है। सुनीता पैसे निकालने के बाद ऑटोमेटिक पासबुक प्रिंटिंग मशीन पर पासबुक अपडेट करा रही थीं। इसी दौरान दो महिलाओं ने उनके पर्स से पैसे चुरा लिए। मंगलवार शाम करीब 3:30 बजे की यह घटना है। सुनीता पैसे निकालने के बाद ऑटोमेटिक पासबुक प्रिंटिंग मशीन पर पासबुक अपडेट करा रही थीं। इसी दौरान दो महिलाओं ने उनके पर्स से पैसेचुरा लिए। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने बैंक अधिकारियों और पुलिस को सूचित किया। बैंक के सीसीटीवी फुटेज में दोनों महिला चोर साफ नजर आ रही हैं। थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि पुलिस आरोपी महिलाओं की पहचान करने में जुटी है।

### जाजमऊ गंगा किनारे मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर के जाजमऊ में गंगा किनारे युवक की खून से लथपथ लाश मिली। गंगा तट पर मंगलवार सुबह अरबाज नामक 20 वर्षीय युवक का शव मिला जिसके गले पर चाकू से वार के निशान थे। सूचना पर जाजमऊ पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद जाजमऊ पुलिस और डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। डीसीपी ने बताया कि किसी धारदार हथियार संभवत- चाकू से गला काटकर हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि मामले में स्वजनों से कोई तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक का गला घोंटकर फिर धारदार हथियार मारकर हत्या की गई। शव उसके घर से सिर्फ 100 मीटर की दूरी पर मिला है। तब भी परिवार या मोहल्ले के लोगों को इसकी भनक नहीं लगी। सुबह जब इलाके के लोग गुजर रहे थे, तब उन्होंने परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद परिवार के लोग ने चकेरी थाने की पुलिस को सूचना दी। बेसूध मां बोली मैंने मना भी किया था कि न जाओ। लेकिन नहीं माना था। अब कभी लौटकर नहीं आएगा। मृतक के पिता ने बेटे के दोस्तों पर शक जताते हुए मामले दर्ज कराया है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के आवास विकास तीन स्थित अंबेडकर पुरम में मंगलवार को एक युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस के अनुसार, झुलसा युवक 22 वर्षीय अमित उर्फ भूरा हमीरपुर का निवासी है और स्नेहा बंधन गेस्ट हाउस में कार्यरत था। वह गेस्ट हाउस के बाहर सजावट का कार्य कर रहा था, इसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा उसे तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से उसे उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

### कुंभ मेले के बाद गायब हैं 161 पुलिसकर्मी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर मीडिया में प्रसारित हो रही उस खबर को कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने निराधार और असत्य बताया है, जिसमें दावा किया गया था कि कुंभ मेले के बाद से 161 पुलिसकर्मी गायब हैं। डीसीपी एसएम कासिम आबिदी ने स्पष्ट किया है कि जांच में केवल 53 पुलिसकर्मी ही विभिन्न थानों, यातायात लाइन, और पुलिस लाइन से गैरहाजिर पाए गए हैं। इन 53 अनुपस्थित पुलिसकर्मियों की विभागीय जांच करवाई जा रही है। जांच के बाद जो भी निष्कर्ष सामने आएगा, उसके आधार पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जांच के दौरान यदि यह पता चलता है कि अनुपस्थिति किसी गंभीर कारण जैसे दुर्घटना या पारिवारिक समस्या के कारण हुई है, तो उसे ध्यान में रखा जाएगा। हालांकि, यदि जानबूझकर लापरवाही या अनुशासनहीनता पाई जाती है, तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पॉपुलर धर्म कांटा के पास पिकअप से रिफाइंड तेल चोरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के रूमा स्थित पॉपुलर धर्म कांटा के पास खड़ी एक कंटेनर वाहन से अज्ञात चोरों ने 70 से 80 डिब्बे रिफाइंड तेल चोरी कर लिए। वाहन चालक मुकेश कुमार पुत्र शंकर लाल निवासी राजस्थान ने बताया कि वह 17 जुलाई को मध्य प्रदेश से भागलपुर, बिहार के लिए रिफाइंड तेल लेकर निकला था। रामादेवी से लगभग पांच किलोमीटर पहले आरटीओ अधिकारी हरमिंदर प्रताप सिंह ने वाहन को रोककर पॉपुलर धर्म कांटा पर खड़ा करवा दिया। इसके बाद 43,000 का चालान करते हुए चाबी व कागजात साथ ले गए। पीड़ित ने बताया कि पास में गाड़ी की चाबी ना होने की वजह से वह आगे गाड़ी पर ही सो गया। 18 जुलाई की रात तेज आंधी और बारिश का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने रस्सी काटकर तिरपाल हटाया और तेल के डिब्बे चोरी कर लिए। पीड़ित चालक ने बताया कि उसने चौकी तथा थाने में तहरीर दी है। अभी तक उसे बरगलाया जा रहा है।

# यदुपति ट्रेड बिज्ज से 1.97 करोड़ की ठगी, 1.28 करोड़ रुपये होल्ड कराए

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




कानपुर में साइबर अपराधियों ने नामी रियल इस्टेट और ट्रेडिंग कंपनी यदुपति ट्रेड बिज्ज के साथ 1.97 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। यह वारदात फर्जी वॉट्सएप अकाउंट पर एमडी की फोटो लगाकर की गई। अपराधियों ने कंपनी के निदेशक को रुपये ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। रुपये ट्रांसफर होने के बीच कंपनी के एमडी और निदेशक की दिल्ली में मुलाकात हो गई। सच सामने आने पर बैंक से 1.28 करोड़ रुपये होल्ड करा लिए। कमिश्नरी के साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कमला टावर में यदुपति ट्रेड बिज्ज का कार्यालय है। यहां रियल इस्टेट और ट्रेडिंग कंपनी का बिजनेस होता है। रविवार को कंपनी के निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल के वॉट्सएप नंबर पर एक अंजान नंबर से मैसेज आया। उसमें कंपनी के मैनेजर राघवपति सिंहानिया की फोटो लगी हुई थी। मैसेज में नंबर सेव करने के लिए कहा गया। निदेशक ने नंबर सेव कर लिया। सोमवार की सुबह फर्जी से मैसेज आया। उसमें निदेशक से पूछा गया कि वह कहां पर हैं। निदेशक ने जवाब दिया कि कार्यालय में हूं।

कंपनी से काट्रेक्ट किया जा रहा है साइनफर्जी वॉट्सएप अकाउंट तैयार करने वाले साइबर अपराधी ने वॉट्सअप चैट की। कहा कि वह एक जरूरी मीटिंग में व्यस्त हैं। कंपनी से काट्रेक्ट साइन किया जा रहा है। एडवांस रुपये ट्रांसफर करने हैं। साइबर अपराधी ने कोलकाता की फार्मा कंपनी मां तारा का नाम, बैंक की डिटेल, आईएफएससी कोड आदि दिया। कहा कि 1.97 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दो। सहमति के लिए यूटीआर नंबर भेज देना। निदेशक ने रुपयों को खाते में भेज दिया। निदेशक उस समय दिल्ली में ही थे।

### ट्रांजेक्शन और वॉट्सएप अकाउंट नंबर की हो रही है जांच

उनकी अचानक एमडी से मुलाकात हो गई। उन्होंने रुपयों के बारे में पूछा तो एमडी ने ऐसे किसी भी मैसेज से इन्कार कर दिया। निदेशक ने तुरंत आईसीआईसीआई दिल्ली के हेड ऑफिस के अधिकारियों से बातचीत की। कानपुर की ब्रांच को भी जानकारी देकर रुपये होल्ड कराए। इस दौरान 15 से 16 ट्रांजेक्शन में 69 लाख रुपये चले गए। यह रुपये अलग-अलग कंपनियों को ट्रांसफर हो गए। गुरुग्राम साइबर क्राइम थाने में शिकायत करने पर बताया कि घटनास्थल कानपुर है। रिपोर्ट वहीं दर्ज होगी। इसके बाद कंपनी ने कानपुर साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। एसीपी साइबर क्राइम श्वेता कुमारी ने बताया कि ट्रांजेक्शन और वॉट्सएप अकाउंट नंबर की जांच की जा रही है।

# बिल्हौर तहसील लेखपाल संघ चुनाव में जीतेंद्र सिंह यादव अध्यक्ष, सुनील चौधरी मंत्री बने

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील सभागार में लेखपाल संघ के दो पदों पर रोमांचक मुकाबला हुआ। चुनाव को लेकर सुबह से ही लेखपालों में काफी उत्साह देखा जा रहा था। दोनों पदों पर भारी अंतर में प्रत्याशियों ने प्रतिद्वंदियों को हराकर जीत दर्ज की। बाकी पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित चुने गए। बिल्हौर तहसीलदार अनुभव चंद्रा ने जीत का प्रमाण पत्र देकर सभी पदाधिकारियों को जीत की शुभकामनाएं दी ।मंगलवार उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ चुनाव के अध्यक्ष मंत्री और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चुनाव को लेकर लेखपाल तहसील में पहुंचे दोनों पदों पर कुल 82 वोट पढ़ने थे लेकिन 75 वोट ही पड़ सके लेखपालों ने अपने मत का प्रयोग किया। इसमें जीतेंद्र सिंह यादव को 43 वोट और उनके प्रतिद्वंदी शिवशंकर को 32 वोट मिले वहीं मंत्री पद के लिए सुनील चौधरी और प्रमोद श्रीवास्तव के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा लेकिन सुनील चौधरी ने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रमोद श्रीवास्तव को 9 वोटो से पराजित कर दिया । सुनील चौधरी को 42 वोट तथा प्रमोद श्रीवास्तव को 33 वोट मिले महेंद्र पाल सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधांशु सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष स्वाति राजपूत उप मंत्री ऋषभ दुबे कोषाध्यक्ष पंकज सोनकर ऑडिटर पदों पर निर्विरोध घोषित किए गए सभी ने एक दूसरे को जीत की बधाइयां देकर मुंह मीठा कराया चुनाव जीतने के बाद विजयी प्रत्याशियों को फूल माला पहनाकर चुनाव अधिकारियों ने स्वागत किया गया।

इसके बाद चुनाव अधिकारियों ने नवनिर्वाचित ने जीत की शुभकामनाएं दी और क्षेत्र में निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की बात कही।

# सैदापुर में बिजली नहीं, स्कूली बच्चे और ग्रामीण गर्मी से परेशान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



परियर। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी में स्थित ग्राम पंचायत परियर के सैदापुर गांव में पिछले 5 दिनों से बिजली नहीं है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पूरा गांव पिछले 5 दिनों से अंधेरे में डूबा हुआ है। गर्मी के मौसम में बिजली ना होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदापुर के बच्चे भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि उन्होंने इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित जेई को फोन पर दी है किंतु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार आम जनमानस की सुख सुविधा को ध्यान में रखते हुए विद्युतीकरण को सुदृढ़ बनाने में काम कर रही है। विद्युत उपखंड सफीपुर के जेई दिलीप कुमार गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि कल सुबह तक नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा और बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। लेकिन यह आश्वासन कितना सही है।

## पहलगाम आतंकी हमले के तीन माह पूरे, शहीद शुभम द्विवेदी को दी गई श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले को तीन महीने बीत चुके हैं, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस दर्दनाक हमले में कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी ने भी अपनी जान गंवाई थी। उनकी त्रिमासिक तिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हाथीपुर रघुवीर नगर स्थित आवास पर किया गया, जिसके बाद भंडारे का भी आयोजन हुआ। शुभम के पिता संजय द्विवेदी, पत्नी ऐशान्या, बहन आरती दुबे और भाई सौरभ द्विवेदी के साथ-साथ उनके चाचा ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज कुमार द्विवेदी ने वार्षिक क्रिया करते हुए कहा कि सनातन धर्म में अन्नदान को श्रेष्ठ दान माना गया है और इससे आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है।

पितृ भी इससे प्रसन्न होते है।

 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# बिहार चुनाव के बहाने ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने की तैयारी

**कई मतदाताओं की मृत्यु की जानकारी अपडेट नहीं हुई है। सबसे अहम मतदाता सूची में दूसरे देशों से आए अवैध अप्रवासियों को भी अलग किया जाना ज़रूरी है। जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, हाईस्कूल सर्टिफिकेट, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एनआरसी में नाम, परिवार रजिस्टर ज़मीन या आवास आवंटन पत्र, केंद्र या राज्य सरकार के कर्मचारी या पेंशनर का कोई आई कार्ड सरकार या बैंक या पोस्ट ऑफिस या एलआईसी या सरकारी कंपनी का आई कार्ड या सर्टिफिकेट, इनमें से कोई भी एक पेश करना अनिवार्य है।**

*देश के विपक्षी दलों को विगत राज्यों के विधानसभा और लोकसभा में मिली करारी हार पच नहीं पा रही है। विपक्षी दलों ने इस हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने में कसर बाकी नहीं रखी। इसके लिए विपक्षी दलों ने तमाम तकरीबें इस्तेमाल की। इसके बावजूद चुनावी हार का सिलसिला थम नहीं सका। अब नया विवाद बिहार में मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण पर हो रहा है। विपक्षी दल इसे भाजपा की चाल बता रहे हैं, ताकि लाखों मतदाता मतदान से वंचित रह सकें। इससे पहले भी विधानसभा और लोक सभा चुनाव में विपक्षी दलों ने इसी तरह का बखेड़ा करने का प्रयास किया था। इसके लिए चुनाव आयोग को निशाना बनाया गया। वास्तविक जमीनी मुद्दों पर चुनाव लडऩे के बजाए इस तरह की पैतरेबाजी से विपक्षी दलों को मतदाताओं ने नकारने में कसर बाकी नहीं रखी। मौजूदा मुद्दा भी कुछ इसी तरह का है। इसको लेकर बिहार चुनाव में चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इसे भाजपा की मिलीभगत की साजिश करार दिया जा रहा है। जबकि चुनाव आयोग ने ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे विपक्षी दल बौखलाएं हुए हैं। आयोग संविधान के दायरे में रह कर ही बिहार में चुनाव की तैयारियों को अंजाम दे रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग की विशेष प्रक्रिया जिसे संक्षेप में सर कहा जा रहा है। दरअसल, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए किसी भी चुनाव से पहले मतदाता सूची को अपडेट किया जाता है जो एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन चुनाव आयोग ने इस बार 1 जुलाई से मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा शुरू कर दी है। इसे लेकर विपक्ष सवाल उठा रहा है, नीयत पर शक़ कर रहा है। चुनाव आयोग की दलील है कि बिहार में मतदाता सूची की गंभीर समीक्षा की ऐसी आखिरी प्रक्रिया 2003 में हुई थी और उसके बाद से नहीं हुई है। इसलिए ये मुहिम ज़रूरी है। समीक्षा के लिए चुनाव आयोग ने मतदाताओं के लिए एक फॉर्म तैयार किया है, जो मतदाता 1 जनवरी, 2003 की मतदाता सूची में शामिल थे, उन्हें सिर्फ ये अर्थात गणना पत्र भरकर जमा करना है। उन्हें कोई सबूत नहीं देना होगा। बिहार में ऐसे 4.96 करोड़ मतदाता हैं। चुनाव आयोग ने 2003 की ये वोटर लिस्ट अपनी वेबसाइट पर डाल दी है। सारा हंगामा 2003 के बाद मतदाता बने लोगों से सबूत मांगने को लेकर है। चुनाव आयोग के मुताबिक 1 जुलाई 1987 से पहले पैदा हुए नागरिकों जो 2003 की मतदाता सूची में नहीं थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि और जन्मस्थान का सबूत देना होगा। ऐसे सभी मतदाता आज की तारीख़ में 38 साल या उससे बड़े होंगे। जो लोग 1 जुलाई 1987 से लेकर 2 दिसंबर 2004 के बीच पैदा हुए हैं, उन्हें अपनी जन्मतिथि और जन्मस्थान और अपने माता-पिता में से किसी एक की जन्मतिथि और जन्मस्थान का सबूत देना होगा। ये सभी लोग क़रीब आज 21 से 38 साल के बीच के होंगे। इसके अलावा 2 दिसंबर 2004 के बाद पैदा हुए नागरिकों को अपनी जन्मतिथि और जन्मस्थान और अपने माता-पिता दोनों की ही जन्मतिथि और जन्मस्थान का भी सबूत देना होगा। बस इन ही सबूतों की मांग को लेकर सारा विवाद खड़ा हो गया है कि इतनी जल्दी ये सबूत कहां से लेकर आएं। विपक्ष ने और कई नागरिक संगठनों ने ये सवाल खड़े किए हैं। आयोग के मुताबिक 2003 के बाद बीते 22 साल में तेज़ी से शहरीकरण हुआ है, अर्थात गांवों से लोग शहरों में गए हैं प्रवास काफ़ी तेज़ हुआ है। बिहार के लोग दूसरे राज्यों गए हैं, दूसरे राज्यों के लोग बिहार आए हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**सरकार को कुछ कठिन प्रश्नों का सामना करना पड़ सकता है। संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है। उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे प्रतिनिधि संसद के चालू सत्र में हंगामा करके राजनीति चमकाने और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की बजाय संसद के बहुमूल्य समय और संसाधनों का सकारात्मक और सार्थक उपयोग करेंगे।**

# संसद में हंगामा मतलब समय और संसाधनों की बर्बादी



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57.87 प्रतिशत, राज्यसभा में 41 प्रतिशत रही। संविधान पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 16 घंटे जबकि राज्यसभा में 17 घंटे बहस हुई। वहीं, लेजिस्लेटिव थिंक टैंक पीआरएस इंडिया के अनुसार 20 दिनों की कार्यवाही में से लोकसभा में 12 दिन प्रश्न काल 10 मिनट से ज्यादा नहीं चल सका।**

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? लेकिन राहुल गांधी द्वारा अनाप-शनाप तरीके से ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना किसी के भी गले नहीं उतर रही है। वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है। ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट के आड़ में संसद को समय बर्बाद कर रहा है। विपक्ष अपने आलोचना धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान-सम्मान पर बेजा टीका-टिप्पणियां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष-विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते करते देश के मान सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। और देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए। मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिये करता है। 2023 के बजट सत्र में अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग की एक और रिपोर्ट सामने आई थी। तब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के समय को लेकर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा था कि, पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले विदेश से एक रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। इसको आधार बनाकर विपक्ष संसद में हंगामा खड़ा करता है। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया था। अब हिंडनबर्ग के बारे में एक भी शब्द राहुल गांधी या विपक्ष का कोई नेता बोलता सुनाई नहीं देता। विपक्ष की राजनीतिक सोच और विचार का समर्थन करने वाला एक तथाकथित तबका देश में मौजूद है। ये लोग भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के विरोध के लिए 'से नो टू वॉर' कह रहे थे वही लोग आज सीजफायर की खिल्ली उड़ा रहे हैं। अब यही लोग कह रहे हैं कि सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे झुक गई। यह लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इरादे और जज्बे से कर रहे हैं। इनका मूल उद्देश्य यही है कि किसी भी तरह यह साबित कर सकें कि सीजफायर को स्वीकार करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक कमजोर पीएम साबित किया जा सके। इस तरह की दोहरा रवैया देखकर वास्तव में हंसी आती है कि खुद को बुद्धिजीवी समझने वाले ये लोग आखिर चाहते क्या हैं? इस साल बजट सत्र में राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी 119 प्रतिशत, जबकि लोकसभा की 118 प्रतिशत रही। विपक्ष ने नई शिक्षा नीति, मणिपुर के हालात और बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल पूछे थे। इस दौरान कुल 16 बिल पास हुए। जट सत्र के आंकड़े भले थोड़े अच्छे दिख रहे हों, पर आमतौर पर संसद से हंगामे की तस्वीरें ही ज्यादा आती हैं। लेकिन बजट सत्र के विपरीत शीतकालीन सत्र में संसद के बहुमूल्य समय और संसाधन नष्ट हुए। 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57.87 प्रतिशत, राज्यसभा में 41 प्रतिशत रही। संविधान पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 16 घंटे जबकि राज्यसभा में 17 घंटे बहस हुई। वहीं, लेजिस्लेटिव थिंक टैंक पीआरएस इंडिया के अनुसार 20 दिनों की कार्यवाही में से लोकसभा में 12 दिन प्रश्न काल 10 मिनट से ज्यादा नहीं चल सका। शीत सत्र उदाहरण है, जब लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार दोहरा रहे हैं कि उन्होंने दोनों पड़ोसियों में शांति कराई। अब तो उन्होंने यह भी दावा कर दिया है कि संघर्ष में कुछ जेट गिरे थे। सरकार पर स्थिति स्पष्ट करने का दबाव होगा। इसी तरह, चुनाव आयोग का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी सर केवल वोटिंग लिस्ट की समीक्षा तक सीमित नहीं रह गया है।



**वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है।**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 26:30 तक |
| नक्षत्रः | आर्द्रा 17:54 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | व्याघात, 12:31 |
| सूर्योदयः | 05:39 |
| सूर्यास्तः | 19:08 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 12:24-14:05 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### मचने लगा बवाल !

*शुरु हो गया सत्र ।*
*मचने लगा बवाल ।।*
*दौड़ रहा विपक्ष ।*
*लेकर के सवाल ।।*
*हंगामा है भारी ।*
*थे जिसके आसार ।।*
*अपने अपने ढंग से ।*
*सबका शुरू प्रचार ।।*
*हास्यास्पद है स्थिति ।*
*कहीं पर उमंग ।।*
*समझ रहा जनमानस ।*
*है रंग में ये भंग ।।*
*देखते और सुनते ।*
*गए दशक अब बीत ।।*
*भंग कार्यवाही को ।*
*बता देंगे जीत ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## बरसात के मौसम में डायबिटीज के मरीज भूलकर भी न करें इन चीजों का सेवन

**बरसात** का मौसम हर किसी को भाता है। लेकिन मन को लुभाने वाला ये मौसम कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ाता है। बारिश के मौसम में हमारा मेटाबॉलिज्म और डाइजेशन स्लो हो जाता है। इस कारण बरसात में लोग बीमार भी ज्यादा पड़ते हैं। ऐसे में पेट में इंफेक्शन, डायरिया, टाइफाइड और स्किन इंफेक्शन से जुड़ी समस्याएं लोगों को ज्यादा होती हैं। इतना ही नहीं अगर आपको डायबिटीज है, तो बरसात में आपको अपना ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत होगी। क्योंकि, खानपान से जुड़ी कोई भी गलती आपके ब्लड शुगर लेवल पर असर डाल सकती है। इसलिए डायबिटीज में खासकर बरसात के दौरान कुछ चीजें खाने की मनाही होती है। फिर चाहे, ये चीजें हमारी डेली डाइट का हिस्सा क्यों न हो। क्या आप जानते हैं कौन-सी चीजें डायबिटीज वालों को बरसात के दौरान नहीं खानी चाहिए?

**डायबिटीज के मरीजों को मानसून में डाइट पर खास ध्यान क्यों देना चाहिए?:** बरसात के मौसम में उमस और नमी दोनों बनी रहती है। इस कारण इंफेक्शन का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए जिन लोगों को डायबिटीज है उनके लिए यह मौसम और भी ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है। अगर खानपान का ध्यान न रखा जाए, तो ऐसे में ब्लड शुगर इंबैलेंस होने की संभावना बढ़ सकती है। इसके अलावा, ऐसे में डाइजेशन भी खराब हो सकता है।



**तली-भूनी चीजें:** बारिश में मौसम में गरमा गर्म मसालेदार और तला-भूना खाने का हर किसी का मन करता है। बारिश में मौसम में तले हुए और तैलीय खाद्य पदार्थ जैसे पकौड़े, समोसे और भजिया का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि, ये चीजें वजन बढ़ा सकती हैं और इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ने का कारण भी बन सकती हैं।

**स्ट्रीट फूड:** बारिश के मौसम में स्ट्रीट फूड से दूरी बनाकर रखें, क्योंकि इनमें दूषित पानी या टॉक्सिक कंपाउंड मौजूद होते हैं। इसके कारण फूड पॉइजनिंग और पेट में इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए डायबिटीज वालों को खासकर बरसात में स्ट्रीट फूड से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

**अत्यधिक मीठी चीजें:** डायबिटीज के मरीजों को अत्यधिक मीठी चीजों से भी दूरी बनाकर रखनी चाहिए। ऐसे में आम, लीची और केले जैसे हाई शुगर वाले फलों का सेवन कम से कम करना चाहिए। क्योंकि ये फल तेजी से ब्लड शुगर बढ़ने का कारण भी बन सकते हैं। इनके अलावा, कार्बोनेटेड लिक्विड, शुगरी जूस और कुल्फी या आइस कैंडी जैसी बर्फ से बनी मिठाइयों का सेवन भी न करें। क्योंकि इन चीजों में भी शुगर ज्यादा होती है जिसका पता नहीं चल पाता है।

**बाहर का कच्चा सलाद:** बाहर बिकने वाले कच्चे सलाद और कटे हुए फलों का सेवन न करें। अक्सर हम इन्हें हेल्दी समझकर खा लेते हैं। जबकि ये खाद्य पदार्थ गंदे पानी से धुले हो सकते हैं। इनके बजाय, घर पर बना हल्का खाना खाएं, जिसमें फाइबर ज्यादा हो और ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम मात्रा में रहे। सोच-समझकर खाने और खाने-पीने का ध्यान करके, डायबिटीज के पेशेंट बरसात में भी स्वस्थ रह सकते हैं। साथ ही, मानसून के मौसम में होने वाली परेशानियों से बच सकते हैं।

**निष्कर्ष:** लेख में हमने जाना बरसात के मौसम में डायबिटीज वालों के लिए डाइट में बदलाव करने क्यों जरूरी है। साथ ही, ऐसे में किन चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए। एक्सपर्ट के मुताबिक, डायबिटीज में तला-भूना और मसालेदार खाना खासकर बरसात में नहीं खाना चाहिए। इसके अलावा, बहुत ज्यादा मीठे फल, खुला खाना और कच्ची सब्जियों का सेवन भी नहीं करना चाहिये।

### एक्सप्रेस विशेष

# बाजार बनाम किसान : कृषि उत्पादन में उत्प्रेरकों की सच्चाई



अवधेश मिश्र

**भारतीय कृषि को नई नैतिक दिशा की आवश्यकता है जहां किसानों की आवाज़ केवल खेत तक सीमित न रह जाए, बल्कि नीति निर्माण की नींव बन सके। उत्प्रेरकों के नाम पर चल रहा यह बाज़ारीकरण अब वैज्ञानिक कसौटी पर परखा जाना चाहिए।**

**भारतीय** कृषि अब एक नई टकराहट के केंद्र में है—जहां खेतों की ज़रूरतों और बाजार की आपूर्तियों के बीच सामंजस्य नहीं, बल्कि संघर्ष पनप रहा है। उत्पादन में सुधार के नाम पर प्रचारित किए जा रहे उत्प्रेरक उत्पाद जैसे बायोस्टिमुलेंट, नैनो यूरिया और अन्य कृषि इनपुट्स की सच्चाई अब किसानों की ज़मीनी शिकायतों, वैज्ञानिक प्रमाण की कमी और संस्थागत उदासीनता के बीच जांच के घेरे में है। हालिया विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान जब किसानों की शिकायतों को सुना गया, तब यह स्पष्ट हुआ कि प्रचारित उत्पादों की प्रभावशीलता को लेकर जमीन पर गहरी निराशा फैली हुई है। किसान बताते हैं कि बायोस्टिमुलेंट्स के प्रयोग से उत्पादन में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। कई बार तो मिट्टी की संरचना बिगड़ी और फसल की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई। यह विरोधाभास तब और गंभीर हो जाता है जब उत्पादों को जैविक वृद्धि प्रोत्साहक कहकर विज्ञापित किया जाए, लेकिन उनके प्रभाव का कोई वैज्ञानिक आधार न हो। बायोस्टिमुलेंट को वर्ष 2021 में उर्वरक नियंत्रण आदेश की अनुसूची VI में शामिल किया गया था। इसके तहत किसी भी उत्पादक को पंजीकरण और वैज्ञानिक परीक्षण करवाना अनिवार्य है। बावजूद इसके, एक समय पर करीब 30,000 उत्पाद बाज़ार में बिक रहे थे—जिनमें से अधिकतर बिना वैज्ञानिक प्रमाण के ही किसानों तक पहुँच गए। सख्ती के बाद यह संख्या घटकर लगभग 650 रह गई है, जो इस बात का संकेत है कि पूर्ववर्ती स्वीकृति व्यवस्था बेहद लचर रही। प्रशासनिक चुप्पी और वैज्ञानिक संस्थानों की निष्क्रियता पर सवाल उठते ही एक केंद्रीय बिंदु उभरता है—क्या किसानों की जरूरतें बाज़ार की रणनीति में शामिल ही नहीं हैं? केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से पूछा था क्या हमारे पास ऐसा कोई वैज्ञानिक डेटा है जिससे यह सिद्ध हो सके कि बायोस्टिमुलेंट से कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है? यह प्रश्न सिर्फ एक मंत्रालय के लिए नहीं, बल्कि पूरे तंत्र के लिए चुनौती है। यदि उत्तर नहीं है, तो स्वीकृत उत्पादों की भूमिका किस आधार पर तय की गई? इस पूरे परिप्रेक्ष्य में आईसीएआर जैसी वैज्ञानिक संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। केंद्रीय कृषि मंत्री की चेतावनी भी यही थी कि आईसीएआर किसानों के लिए है, कंपनियों के लिए नहीं। लेकिन यदि इन संस्थानों से जुड़ी परीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है, और उत्पादन से पहले कोई विश्वसनीय परीक्षण रिपोर्ट सामने नहीं आती, तो यह संदेह बढ़ता है कि कहीं न कहीं संस्थागत स्वीकृति बाज़ार के दबाव में दी जा रही है। नैनो यूरिया और नकली खाद-बीज की बिक्री भी इस संकट को और गहरा करती है। किसानों ने शिकायत की है कि नैनो यूरिया पारंपरिक यूरिया की तरह प्रभावकारी नहीं है। वहीं घटिया बीजों की बिक्री ने उत्पादन को प्रभावित किया और किसानों को आर्थिक नुकसान पहुँचाया। ऐसे मामलों में उत्पादों को सरकारी मान्यता प्राप्त बताकर बेचना किसानों की भरोसेमंद प्रणाली पर गहरा आघात है। राजस्थान और बीकानेर में घटिया उत्पादों के गोदामों की सीलिंग और अधिकारियों के निलंबन जैसी घटनाएं यह सिद्ध करती हैं कि इस संकट की जड़ें केवल नीति में नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर भी फैली हुई हैं। यदि निगरानी और स्वीकृति प्रणाली अपने उद्देश्य से भटकती है, तो किसान केवल उपभोक्ता नहीं, प्रयोगशाला के विषय बन जाते हैं। अब ज़रूरत है कि वैज्ञानिक परीक्षण को पंजीकरण से पहले अनिवार्य किया जाए। सैंपल टेस्टिंग की प्रक्रिया पारदर्शी और सार्वजनिक हो, और उसकी रिपोर्ट सुलभ तरीके से किसान समुदाय को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, यदि कोई उत्पाद मानकों पर खरा नहीं उतरता है तो उसकी बिक्री पर पूर्ण रोक लगाई जाए। दोषी अधिकारियों और कंपनियों पर एफआईआर दर्ज हो, लाइसेंस रद्द किए जाएं, और किसानों को मुआवज़ा देने की विधिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह प्रश्न अब केवल तकनीकी नहीं रह गया है, बल्कि नैतिक और संस्थागत जवाबदेही का बन चुका है। जब वैज्ञानिक संस्थाएं कंपनियों के दबाव में आकर कार्य करें, और नियामक संस्थाएं उत्पादन की कसौटी को दरकिनार करें, तो किसान के पास कोई विकल्प नहीं बचता। यह स्थिति उस सामाजिक और नीति संकट की ओर इशारा करती है, जिसकी अनदेखी अब संभव नहीं। भारतीय कृषि को नई नैतिक दिशा की आवश्यकता है—जहां किसानों की आवाज़ केवल खेत तक सीमित न रह जाए, बल्कि नीति निर्माण की नींव बन सके। उत्प्रेरकों के नाम पर चल रहा यह बाज़ारीकरण अब वैज्ञानिक कसौटी पर परखा जाना चाहिए।

**यह प्रश्न अब केवल तकनीकी नहीं रह गया है, बल्कि नैतिक और संस्थागत जवाबदेही का बन चुका है। जब वैज्ञानिक संस्थाएं कंपनियों के दबाव में आकर कार्य करें, और नियामक संस्थाएं उत्पादन की कसौटी को दरकिनार करें, तो किसान के पास कोई विकल्प नहीं बचता। यह स्थिति उस सामाजिक और नीति संकट की ओर इशारा करती है, जिसकी अनदेखी अब संभव नहीं।**

# सफाई, जलापूर्ति और कर वसूली को लेकर नगर पालिका बोर्ड की बैठक आयोजित



■ पालिकाध्यक्ष ने दिए प्रतिदिन निरीक्षण के निर्देश, स्ट्रीट लाइट और निर्माण कार्यों पर भी हुई चर्चा

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

नगर पालिका परिषद कार्यालय में सोमवार को पालिका बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर की मूलभूत सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई अहम विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने की।

डॉ. अग्रवाल ने साफ निर्देश दिए कि शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन टीम बनाकर मोहल्लों का स्थलीय निरीक्षण किया जाए और सफाई की स्थिति का मूल्यांकन किया जाए। साथ ही संबंधित वार्डों में तैनात सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से जांची जाए। सफाई व्यवस्था में कमी या कर्मचारियों के अनुपस्थित पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

सावन के मद्देनजर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि प्रमुख मंदिरों और कांवर यात्रा मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है कि संपूर्ण रूट पर स्ट्रीट लाइट की स्थिति की जांच की जाए और जहां भी खराबी हो, उसे तत्काल ठीक किया जाए।बैठक में जलापूर्ति व्यवस्था पर भी गंभीर चर्चा की गई। डॉ. अग्रवाल ने जलकल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खुद फील्ड में जाकर निरीक्षण करें, ताकि किसी भी मोहल्ले में पेयजल संकट न उत्पन्न हो। टूटी पाइपलाइन या अन्य तकनीकी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराए जाने के निर्देश दिए गए।

### निर्माण कार्य और कर वसूली पर विशेष जोर

अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार ने जानकारी दी कि पालिका क्षेत्र में कराए गए निर्माण कार्यों की सूची तैयार की जा रही है। जिन वार्डों में सड़क या अन्य निर्माण कार्य अधूरे हैं, वहां कार्य प्राथमिकता से पूरे कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गृह कर और जलकर की वसूली अभियान चलाकर तेज की जा रही है। सभी टैक्स कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लक्ष्य के अनुसार वसूली सुनिश्चित करें।सफाई व्यवस्था को लेकर अधिशासी अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुबह और दोपहर के समय सफाई कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी की जा रही है।

### बैठक में बड़ी संख्या में सभासद रहे मौजूद

बैठक में सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, विपिन कुमार उर्फ राजू फौजी, जाहिदा बी, राशिद हुसैन, शबनम, निर्मल सिंह टीटू, इकबाल हजरत, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, शैलेन्द्र कौर, सुनीता सिंह, श्यामलता, माया देवी, मेहनाज बेगम, पल्लवी, शिखा वर्मा, रत्ना शुक्ला, पुष्पा उपाध्याय, शिवम, चेतन गंगवार समेत कई अन्य सभासद उपस्थित रहे। साथ ही राज्य मंत्री प्रतिनिधि राकेश सिंह और सभी विभागों के प्रभारी अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।बैठक के दौरान जनहित से जुड़े मुद्दों पर कई सुझाव भी आए, जिन पर अमल का आश्वासन पालिकाध्यक्ष ने दिया।

## छोटी सी कार्रवाई कर मामले को दबाने पर लगी गौरीफंटा पुलिस

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी।** थाना गौरीफंटा बॉर्डर पर टैक्सी माफियाओं का इस कदर कब्जा हुआ है कि अब रोडवेज कर्मचारियों के लिए मुसीबत बन गई है एक दर्जन से अधिक विभाग होते हुए भी कोई कुछ नहीं कर सकता उसकी बड़ी वजह नेपाल व पुलिस महकमा है अगर विभाग कार्रवाई करता है तो भारतीय टैक्सी माफिया नेपाल में डेरा जमाकर के सवारियों को नेपाल में ही रोकर टिकट काटने और डग्गामार वाहनों में भरवाने लग जाते हैं इनकी वजह से तमाम विभागों को भी खासा परेशानी उठानी पड़ती है वही दोनो देशो के संयुक्त मिलकर कार्रवाई करने की जरूरत है जिससे बदनाम होते देश और शोषण हो रहे यात्रियों को बचाया जा सके। वही छोटी कार्रवाई के बाद से समय बीतते ही नेपाल से लेकर भारतिय सीमावर्ती चौकी के नाक के नीचे से डग्गामार वाहनों का धंधा फिर शुरू हो जाता है अब ही हाल ही में परिवाहन निगम की सरकारी बस से दो दलालों ने सवारियों को उतारकर डग्गामार वाहनों को देखते ही देखते बेच दिया जिसका विरोध सरकारी बस के चालक परिचालक ने किया तो उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। दो दलालों के कुनबे ने रोडवेज के चालक परिचालक पर हमला बोल दिया यह सब नजारा सुरक्षा में लगे पुलिस के जवान देख रहे थे रोकना भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझे।

# बीसलपुर सहकारी चीनी मिल के आधुनिकीकरण की ओर बढ़ा कदम

■ केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, किसानों ने जताया आभार

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**





क्षेत्र की प्रमुख बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल के आधुनिकीकरण और नवीनीकरण की राह अब प्रशस्त होती नजर आ रही है। लंबे समय से खस्ताहाल मशीनों और सीमित उत्पादन क्षमता के चलते किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था। इस संदर्भ में किसान नेता एवं क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने पीलीभीत के सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन सौंपकर मिल की स्थिति सुधारने की मांग की थी। किसानों की इस गंभीर समस्या को समझते हुए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर बीसलपुर सहकारी चीनी मिल के आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह न केवल किसानों के हित में है, बल्कि शासन द्वारा हर वर्ष मशीनरी की मरम्मत पर खर्च किए जाने वाले करोड़ों रुपये के नुकसान को भी रोकेगा।

### किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने जताया विश्वास

किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने कहा, श्री जितिन प्रसाद किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं और उनके समाधान हेतु तत्पर रहते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके प्रयासों से बीसलपुर सहकारी चीनी मिल का कायाकल्प शीघ्र होगा। यह कार्य क्षेत्रीय गन्ना किसानों के हित में और शासन के राजस्व की बचत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। किसान समुदाय की ओर से श्री पटेल ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह निर्णय पीलीभीत को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि यह चीनी मिल वर्ष 1977 में पूर्व मंत्री बाबू तेज बहादुर गंगवार के प्रयासों से स्थापित हुई थी, और अब इसका पुनर्नवीनीकरण समय की आवश्यकता है। अब किसानों को उम्मीद है कि बीसलपुर सहकारी चीनी मिल की दशा में सुधार होगा और गन्ना किसानों को उनकी मेहनत का वाजिब मूल्य और लाभांश समय पर मिलेगा।

### किसानों को नहीं मिल पा रहा लाभांश......

बीसलपुर क्षेत्र गन्ना उत्पादन में अग्रणी है, लेकिन सहकारी चीनी मिल की जर्जर मशीनें हर वर्ष समय पर और पूरी क्षमता से गन्ने की पेराई नहीं कर पातीं। परिणामस्वरूप किसानों का गन्ना समय से नहीं पिराया जाता और उन्हें मजबूरी में प्राइवेट मिलों को गन्ना देना पड़ता है, जिससे उनकी अपनी सहकारिता से जुड़ाव कमजोर होता जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सहकारिता का अंशधारक होने के बावजूद किसानों को वर्षों से लाभांश नहीं मिला है, जिससे उनका विश्वास इस प्रणाली से डगमगा रहा है।

### केंद्र सरकार दे रही सहकारिता को बढ़ावा

भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकारिता क्षेत्र को सशक्त करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। इस क्रम में बीसलपुर चीनी मिल का आधुनिकीकरण सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास होगा।

# तमंचे और चाकू की नोक पर लूट की वारदात, व्यापारी का परिवार बना निशाना



**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

■ दो वर्षीय मासूम की गर्दन पर चाकू रखकर बदमाशों ने की लूटपाट, हाथ-पैर बांधकर दिया वारदात को अंजाम

पूरनपुर। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में सोमवार रात बदमाशों ने दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया। रायपुर गांव में एक फर्नीचर व्यापारी के घर में घुसे बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर नगदी और जेवरात लूट लिए। घटना के दौरान एक बदमाश ने व्यापारी के दो वर्षीय मासूम बेटे की गर्दन पर चाकू रखकर सभी को डराया, वहीं दूसरे ने तमंचा तानकर व्यापारी को काबू में कर लिया। वारदात के बाद बदमाश धमकी देते हुए फरार हो गए।

### घर में घुसे बदमाश, मासूम को बनाया ढाल

रायपुर गांव निवासी फखरुल हसन पेशे से फर्नीचर व्यापारी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि सोमवार रात भोजन के बाद परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। तभी अज्ञात बदमाश दीवार फांदकर घर में दाखिल हो गए। अचानक एक बदमाश ने उनके दो साल के बेटे की गर्दन पर चाकू रख दिया, जबकि दूसरे ने तमंचा तानकर फखरुल को अपने कब्जे में ले लिया।

### पुलिस ने की जांच, घटना को मान रही संदिग्ध

सूचना पर सेहरामऊ उत्तरी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित परिवार से पूछताछ की गई। हालांकि पुलिस फिलहाल घटना को संदिग्ध मान रही है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही लूट की सच्चाई सामने लाई जाएगी। इस दुस्साहसिक लूट की घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों में डर और गुस्से का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि मासूम को कुछ हो जाता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

### हाथ-पैर बांधकर मुंह में ठूंसा कपड़ा, अलमारी तोड़कर उड़ाए गहने और नगदी

शोर मचाने की कोशिश करते ही बदमाशों ने व्यापारी के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद बदमाश घर में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें से करीब नौ तोला सोने के जेवरात और 47 हजार रुपये नकद लूट ले गए। लूटपाट के बाद बदमाशों ने पीड़ित परिवार को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। बदमाशों के भागते ही किसी तरह व्यापारी ने शोर मचाया। देखते ही देखते आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई।

# भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रवि तिवारी के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर बढ़ती हुई विद्युत कटौती, यूरिया आपूर्ति की किल्लत पुलिसिया लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेस जनों ने कांग्रेस भवन से चलकर तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर किसान विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर सदर उप जिला अधिकारी को महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

उक्त प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस उपाध्यक्ष रवि तिवारी ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि समूचे जनपद का किसान खाद के लिए त्राहिमाम कर रहा है और ये किसान विरोधी सरकार बदले में किसानों को लाठियां दे रही है सरकार को ये नहीं भूलना चाहिए कि इन्हीं अन्नदाताओं की बदौलत आज आप सरकार में हैं तख्ता पलटने में देर नहीं लगती आने वाले समय में देश का किसान, नौजवान, व्यापारी, महिलाए सभी मिलकर सबक सिखाने का काम करेगी द्य साथ ही तिवारी ने यह भी बताया कि आज समूचे जनपद में प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर महा महिमा राज्यपाल को संबोधित उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने का कार्य किया।

कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को समय-समय पर उठाती रही है और आगे भी उठाते रहेंगे।

उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित देवेंद्र कुमार पंकज दीक्षित, सत्ती सरन गौतम, जावेद अली एडवोकेट, जितेन्द्र कुमार राठौर, रामपाल शाक्य, अब्दुल रहीम, सलीम अहमद, सुनील कुमार वर्मा, रऊफ कुरैशी, अमित मिश्रा, नन्द किशोर पाल, राजेंद्र गुप्ता, लतीफ आजम, वीरेंद्र कुमार आदि सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# कुम्भी चीनी मिल ने मानसून सत्र की बुवाई का शुभारंभ किया

**जन एक्सप्रेस। अमीर नगर खीरी**

चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम पलिया में कृषक बृजेश सिंह के खेत पर 4 फीट की दोहरी पंक्ति विधि से को 0118 गन्ने की बुवाई कराई गई। गन्ना प्रबंधक मनीष सिंह बघेल ने फीता काटकर मानसून बुवाई सत्र का शुभारंभ किया। गन्ना प्रबंधक ने दो दर्जन से अधिक किसानों को संबोधित करते हुए दोहरी पंक्ति विधि से 4 फीट की दूरी पर अधिक से अधिक गन्ना बुवाई करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक जगपाल सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि किसान भाई गन्ने के साथ सहफसल आलू, चना, मटर, सरसों, मिर्च इत्यादि की खेती कर अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। मानसून बुवाई सत्र के मौके पर सी डी ओ भानु प्रताप शर्मा ,सुपरवाइजर कपिल ढिल्लों, वी प्रांजल आदेश कुमार व गन्ना किसान उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जर्जर तहसील भवन कर रहा हादसे का इंतजार

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। पूरनपुर।** एशिया की सबसे बड़ी तहसील कही जाने वाली पूरनपुर तहसील का पुराना भवन अब खंडहर बन चुका है और किसी भी वक्त जानलेवा हादसे का कारण बन सकता है। वर्षों से अधिवक्ताओं द्वारा शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। पुराना तहसील भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। दीवारें जगह-जगह से गिर चुकी हैं, खिड़कियाँ और चौखटें उखड़ चुकी हैं और छत का भारी भरकम लिंटर टूटी-फूटी दीवारों पर टिका हुआ है। इसके बावजूद इस खतरनाक ढांचे के नीचे प्रतिदिन लगभग 250 अधिवक्ता, मुंशी, वादकारी और आम नागरिक बैठते हैं।पूर्व कोषाध्यक्ष प्रांतीय अधिवक्ता संघ पूरनपुर, दुर्गेश सक्सेना एडवोकेट ने पुनः प्रशासन को पत्र लिखकर इस खतरनाक ढांचे को गिराकर समस्या के समाधान की मांग की है। उन्होंने चेताया कि यदि तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई तो एक दिन यह जर्जर भवन किसी बड़ी त्रासदी का कारण बन सकता है।

### पिकअप की टक्कर से घायल मासूम की मौत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** थाना घुंघचाई क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन वर्षीय मासूम शिबांश की जान चली गई। मामला बीस जुलाई की देर रात का है, जब एक दवाई डीलर सप्लाई देने के लिए गांव सिमरिया (ता.अजीतपुर बिल्हा) पहुंचा था।दवा की सप्लाई के बाद जब पिकअप चालक वाहन लेकर पीछे हटा, तो दरवाजे पर खेल रहे गांव निवासी विजय पाल के पुत्र शिबांश को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल मासूम को परिजन अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और लोगों ने वाहन का घेराव कर हंगामा किया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिजनों ने शोक में बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया। पीड़ित पिता विजय पाल की तहरीर पर चालक सतीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### घरेलू विवाद में मां, भाई और बहन को पीटा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र में एक परिवार पर उस समय हमला कर दिया गया, जब घर का मुखिया बाहर गया हुआ था। गांव निवासी सचिन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 15 जुलाई को किसी कार्यवश बाहर था और घर पर उसकी मां गीता देवी, भाई अनुज और बहन रोशनी थे।शाम को गांव के ही गुड्डू, प्रेमा और सिकंदर समेत अन्य लोग धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए उसकी मां गीता देवी को बेरहमी से पीट दिया। बीच-बचाव करने आए भाई और बहन को भी नहीं बख्शा और उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया।शोर सुनकर ग्रामीणों ने किसी तरह झगड़ा शांत कराया, मगर आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुराने श्रम कानूनों को बहाल किया जाएं: सुरेंद्र कुमार एडवोकेट

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** समाजवादी मजदूर सभा के प्रांतीय आह्वान पर मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने सुरेंद्र कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में नारेबाजी करते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय मांगपत्र जिलाधिकारी महोदया को सौंपा गया और मांग की गई कि मनरेगा मजदूरों को वर्ष में 300 दिनों का कार्य दिवस व 600रु प्रतिदिन मजदूरी की गारण्टी हो, श्रम पोर्टल को तत्काल खोल दिया जाय सभी आवेदन कर्ता पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जाय, पुराने श्रम कानूनों को बहाल किया जाय तथा नई श्रम संहिता को समाप्त किया जाय, प्रदेश के लगभग पांच हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद होने से रोका जाये, पूरे प्रदेश में दलितों,अल्पसंख्यको पर पुलिसिया उत्पीड़न पर रोक लगाई जाय, इसके साथ ही जिला अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह में कहा कि खाद की कालाबाज़ारी पर रोक लगाई जाय और किसानों को सुगमता से खाद दिलाई जाय, बाढ़ से कटान को रोकने के लिए उचित उपाय किये जाय! इसके साथ ही स्थानीय समस्याओं को ज्ञापन में शामिल किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, गुरप्रीत सिंह जिला अध्यक्ष मजदूर सभा, विनोद कुमार वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मजदूर सभा, रियाजुल्ला खान, आकाश यादव, इंद्रपाल शाक्य, धर्मराज, अमनजीत सिंह, मनोज विश्वकर्मा, मो0 अनीस, विनय मिश्रा, इमरान रजा, अनिल कुमार, उमेश यादव, सरदार सुखदेव सिंह, मनदीप सिंह सहित दर्जनों समाजवादी मजदूर सभा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सांप काटने से अधेड़ महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** रेहरिया क्षेत्र के गांव झखरा में एक अधेड़ महिला को जहरीले सर्प ने काट लिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। गांव झखरा निवासी अफरोज बानो 45 वर्षीय सोमवार की रात 11 बजे करीब घर के अंदर एक जहरीले सर्प ने डस लिया जिससे घर में चीख पुकार मच गई परिजनों ने आनंन-फानन में इलाज के लिए गोला सी एच सी पर भर्ती कराया था इलाज के दौरान हालत बिगड़ने लगी इसी बीच उसने दम तोड़ दिया उम्मीद को लेकर परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत् घोषित कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते हैं घर में कोहराम मच गया मृतका अपने पीछे पति और बच्चों को रोते बिलखते छोड़ गई है।

## साहब एक नज़र इधर भी

# ग्राम प्रधान ने फर्जी जॉब कार्ड बनाकर ठिकाने लगाए लाखों रुपये





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शासन द्वारा ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के बावजूद मनरेगा और ग्राम निधि से संबंधित घोटालों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा मामला बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम पस्तोर कुईयां से सामने आया है, जहां के ग्राम प्रधान पर परिवार के नाम फर्जी जॉब कार्ड बनाकर लाखों रुपये की सरकारी धनराशि के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगा है। गांव के निवासी शैलेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर ग्राम प्रधान की कथित अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मनरेगा योजनांतर्गत गांव में हुए कार्यों में भारी फर्जीवाड़ा किया गया है। प्रधान ने अपने भतीजे और अन्य परिवारजनों के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान ग्राम निधि से करा लिया।शिकायतकर्ता के अनुसार, जिन नामों से भुगतान कराया गया हैं। अमित कुमार पुत्र ओमप्रकाश, विकास वर्मा पुत्र ओमप्रकाश और संघप्रिय गौतम वे गांव के निवासी ही नहीं हैं, बल्कि ग्राम प्रधान के पारिवारिक सदस्य हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर पंचायतीराज विभाग ने मामले की जांच शुरू तो कर दी है, लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी बिलसंडा, अमित शुक्ला ने जानकारी दी कि जांच का कार्य एडीओ पंचायत को सौंपा गया है, जो फिलहाल लंबित है। न्याय न मिलने से आहत शिकायतकर्ता शैलेंद्र कुमार ने भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही नहीं हुई तो वे विकास खंड कार्यालय के सामने धरना देंगे। इस प्रकरण के उजागर होने से ग्रामीणों में भी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जहां शासन की योजनाएं गरीबों को रोजगार और सहायता देने के लिए चलाई जा रही हैं, वहीं कुछ जिम्मेदार लोग अपने पद का दुरुपयोग कर उन्हें पलीता लगाने में जुटे हैं।

अब देखना यह है कि शासन और प्रशासन इस मामले में कब तक कार्रवाई करता है और क्या दोषियों पर कोई ठोस कार्यवाही होती है या यह मामला भी जांच की फाइलों में दफन होकर रह जाएगा।

# भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो कर लूंगा विधानसभा के सामने आत्मदाह

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीर**



मंगलवार को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया दिनांक 22/07/2025 को लगभग दिन के 1:30 बजे अपर जिलाधिकारी न्यायिक के कार्यालय लखीमपुर पहुंच कर शिष्टाचार भेंट के लिय अनिल कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक लखीमपुर से मिलने गए। शिष्टाचार भेंट के लिय कार्ड भेजा अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार ने अंदर बुलाया। श्री शर्मा ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार से शिष्टाचार बात की। अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार ने तो उन्होंने अलूल जलूल बातें की। मनरेगा अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने कहा जिला में आप बहुत बड़े पद पर बैठे है, तब अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार ने की हमारे ऑफिस से भाग जाओ, नहीं तो तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही करेंगे। सुरक्षा में तैनात एक दो सिपाही बैठे थे उनको आवाज देकर बुलाया, और कहा इसको मार पीट कर ऑफिस से बाहर निकल भागा दो, हमने कहा की भारत के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों, 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मा, 35 लाख ग्राम पंचायत सदस्यों, 14 करोड़ किसानों, युवा अधिवक्ता, पत्रकार बंधुओं, अति पिछड़े अति दलित ऐसी पांच जातियों जो भारत में अलग थलग पड़ी है। उनके उत्थान के लिय कार्य करता हूं।लेकिन शराब के नशे में धुत अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार ने अभद्रता से बात की ओर गंदी गंदी गालियां दी। इस समय हमारे साथ में मिश्रा शर्मा राष्ट्रीय प्रभारी सोशल मीडिया सेल थे। अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार के साथ जिला चकबंदी बंदोबस्त अधिकारी संयज आनद भी थे। इस तरीके से जब जिला खीरी में भ्रष्टाचार मचा हुआ है। श्री शर्मा ने जोर देकर कहा अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार को बर्खास्त नहीं किया गया तो विधानसभा लखनऊ पहुंच कर आत्मदाह करने पर विचार करेंगे। जिससे जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार व राज्य व केंद्र सरकार होंगी। श्री शर्मा ने जो देकर कहा अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार के ऑफिस में दो प्राइवेट कर्मचारी नकल बनते थे। उनको हटा दिया और वहां पर काम काज ठप हो गया, लोग नकल लेने के लिय चक्कर लगा रहे है। श्री शर्मा ने कहा 2017 के विधानसभा के चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन दिया था। भारत के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों, 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मा,35 लाख ग्राम पंचायत सदस्यों, 14 करोड़ किसानों, युवा अधिवक्ता पत्रकार बंधुओं अति पिछड़े अति दलित आदि ऐसी पचास जातियों के बल बूते पर सरकार बनती और इन्ही के नेताओं को अपमानित करके ऑफिसों से भगाया जाता है। इस लिय योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री की सरकार में विधानसभा के सामने आत्मदाह करने पर विचार करूंगा।

# हरी नगर फीडर के किसानों ने सिकंदराबाद पावर हाउस घेरा

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

सिकंदराबाद पावर हाउस के अंतर्गत हरी नगर फीडर के किसान लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से परेशान होकर सुबह 10 बजे पावर हाउस पहुंच गए एवं पावर हाउस का घेराव कर लिया और पावर हाउस के कर्मचारियों से झड़प होने लगी।आनन फानन में पावर हाउस के कर्मचारियों ने डायल 100 बुलाकर अपना बचाव किया। भारतीय किसान मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष हेम सिंह यादव ने बताया की लो वोल्टेज टू फेस बिजली कटौती बहुत बड़ी समस्या है हम सभी लोग संगठन के साथ-साथ किसान भी हैं हम लोगों ने उप जिलाधिकारी गोला वह आदिशक्ति अभियंता गोला को भी कई बार ज्ञापन दिया फिर भी कोई कार्यवाही सुनवाई नहीं हुई हम सभी किसान लोग संगठित होकर पावर हाउस में क्षमता वृद्धि की मांग करते हैं इससे समस्या का समाधान हो चुके सुनवाई न होने तक हम सभी लोग शांतिपूर्ण धरने पर बैठे रहेंगे।बताते चलें कि सिकंदराबाद पावर हाउस के अंतर्गत हरी नगर फीडर हमेशा किसानों को रुलाता रहता है कभी 2 घंटे लाइट मिलती है कभी 4 घंटे में मिल पाती है भयंकर लो वोल्टेज से किसान जूझता रहता है। किसान की धान की फसल सूख रही है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

डेली 24 घंटे टू फेस लाइट दी जाती है अगले 24 घंटे 3 फेस मिलती है वह भी ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग की भेंट चढ़ जाती है।बताते चलेंगे हरी नगर फीडर की लाइन लगभग 60 किलोमीटर लंबी है और या पावर हाउस से लगातार ओवरलोडिंग चल रही है इस पर लगभग 250 एम्पीयर तक लोड जाता है।

जिस कारण हरी नगर फीडर चल नहीं पता है और ओवरलोडिंग से ट्रिप हो जाता है या तार टूट कर गिर जाते हैं। इन सब से थकहार कर किसानों ने भारतीय किसान एवं मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी किला जिला अध्यक्ष हेम सिंह यादव के नेतृत्व में बैठकर सिकंदराबाद पावर हाउस में धरना दिया।

# ईटहिया शिव मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

## मेले में खतरे की आशंका के बीच चल रहा बड़ा झूला, प्रशासनिक अधिकारियों के लिए बना जांच का विषय

- मेले में झूला से पैसे कमाने के लालच में लोगों की सुरक्षा और सेफ्टी दरकिनार

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**

पूर्वांचल में मिनी बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध ईटहिया के पंचमुखी शिव मंदिर पर श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जलाभिषेक व पूजा अर्चना के लिए शिवभक्तों का सैलाब सुबह भोर से उमड़ने लगा। देखते ही देखते मंदिर परिसर शिव भक्तों से भर गया। पुलिस प्रशासन के लोग बड़ी मशक्कत से भीड़ को नियंत्रित कर रहे थे। वही शिव भजनों व महादेव के जयकारों से माहौल पूरे दिन भक्तिमय रहा।

भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर से सटे ठूठीबारी कोतवाली अंतर्गत ईटहिया के चर्चित पंचमुखी शिव मंदिर आस्था का बहुत बड़ा प्रमुख केंद्र है। दूसरे सोमवारी को सुबह करीब चार बजे से ही शिव भक्तों का रेला लगना शुरू हो गया है। ठूठीबारी, महराजगंज, सिसवा, गड़ौरा, निचलौल, बरगदवा, शिलतापुर, बहुआर व पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के महेशपुर, नवलपरासी, त्रिवेणी, बुटवल सहित बिहार प्रान्त से भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्रद्धा उत्साह के साथ भगवान शिव को जलाभिषेक कर उन्हें बेलपत्र, भांग, दूध, धतूरा, मदार आदि का भोग लगाये। मंदिर परिसर में शिव भक्तों का आने का सिलसिला सुबह भोर करीब चार बजे से शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि जो भी भक्त सच्चे मन से मंदिर परिसर में मत्था टेक कर भगवान शिव से जो भी मांगते हैं उनकी वह मन्नत अवश्य पूरा हो जाता है। जिसको लेकर हम सभी यहां पर दर्शन के लिए पहुंचे है। वही मंदिर और पुलिस प्रसाशन द्वारा श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो उसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किया गया है।

इस दौरान ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा, निचलौल थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा, बरगदवा थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, एसआई राजनारायण सिंह, एसआई दिनेश कुमार, अभय नारायण सिंह, यातायात प्रभारी अरुणेंद्र सिंह सहित पुलिस प्रशासन और पीएसी बल के जवान मौजूद रहे।

### पुलिस का प्रत्येक गतिविधियों पर था नजर

शिवदर्शन व जलाभिषेक करने के लिए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं को दो पंक्ति बनाई गई। सुरक्षा के मद्देनजर तीसरी आंख सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा भी लगाया गया जो कंट्रोल रूम भी बनाया गया। इसके साथ पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर महिला और पुरुष के पुलिस जवानों की हर एक गतिविधियो पर पैनी नजर रहा। वही शिव भक्तों के सभी फोर व्हीलर और टू व्हीलर वाहनों को मंदिर से एक किलोमीटर पहले रोकने के लिए लमुहा पुलिस पिकेट के समीप बैरिकेडिंग भी किया गया।



### मेले में खतरे की आशंका के बीच चल रहा बड़ा झूला

ईटहिया मेले के मनोरंजन क्षेत्र में काफी ऊंचे-ऊंचे झूले और मौत का कुआं, ब्रेक डांस देखे जा रहे हैं। जिनमें बैठ कर झूलने का मजा हर कोई लेना चाहता है। लेकिन मालिक द्वारा ज्यादा पैसे कमाने के लालच में सुरक्षा और सेफ्टी को दरकिनार करके लोगों को उस पर बैठाया जा रहा है। उक्त बड़ा झूला में पुराने जंग लगे लोहे का प्रयोग किया गया है। ऐसे में ओवरलोडिंग के साथ झूला चलता रहा तो कभी भी बड़ा हादसा होने से इंकार भी नही किया जा सकता है। हालांकि कोतवाली पुलिस व मेला प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान देना उचित नही समझा जा रहा है या फिर अनदेखा किया जा रहा है। ऐसे में सुरक्षा दृष्टि से प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जांच का विषय हो गया है।

# शिव भक्तों के कांवड़ यात्रा पर पूर्व चेयरमैन ने बरसाए फूल

## भक्ति और तपस्या का प्रतीक है कांवड़ यात्रा : गुड्डू खान



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जनपद नौतनवां रेलवे स्टेशन से बाबा धाम जाने वाले कांवड़ियों पर पूर्व चेयरमैन गुड्डू खान ने पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। जन एक्सप्रेस संवाददाता से बातचीत के दौरान गुड्डू खान ने कहा कि कांवड़ यात्रा भक्ति और तपस्या एवं आध्यात्मिक शुद्धता का प्रतीक है। सावन का महीना आते ही हृदयस्थल में एक अलौकिक ऊर्जा दौड़ने लगती है। देवों के देव महादेव शिव के भक्त अपनी इच्छाओं, मन्नतों, विश्वासों और आस्था की गठरी लिए कांवर उठाते हैं और गंगा जल लेकर पैदल देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम की ओर बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि नौतनवां से हर साल की तरह इस साल भी सैकड़ों कांवड़ियों ने अपनी जीवन गाथा, भावनाएं और श्रद्धा लेकर कांवर यात्रा शुरू की है। यह यात्रा केवल शारीरिक यात्रा नहीं है, यह एक भावनात्मक और आध्यात्मिक सफर है, जिसमें हर यात्री की एक अलग कहानी होती है। कोई मन्नत पूरी होने पर आता है, कोई चमत्कार से प्रेरित होकर, तो कोई सिर्फ आस्था में डूबा हुआ। पूर्व चेयरमैन ने उनके ऊपर पुष्प वर्षा करके गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। इस दौरान श्रद्धालुओं को बिस्कुट पानी वितरित किया गया। इस दौरान शमशाद अहमद, अकील अहमद, मौलाना अब्दुलाह ,अतीक अहमद ,जावेद अंसारी सहित तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

# खुद को काबिल बनाएं, संघर्ष देखकर रास्ता न बदलें : राकेश

- आरके मोटर्स को लगातार 5वीं बार सेंट्रल रीजन नंबर-1 का सम्मान

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



रॉयल एनफील्ड एलाइड गियर बिजनेस मीट 2025 में महराजगंज की प्रतिष्ठित कंपनी आरके मोटर्स ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। कंपनी को लगातार पांचवीं बार सेंट्रल रीजन में बेस्ट हाइएस्ट टोटल बाइक पीबीए श्रेणी में नंबर-1 का अवार्ड प्राप्त हुआ है।

इस सम्मान को रॉयल एनफील्ड इंडिया के बिजनेस हेड संगीत किशोर ने आरके मोटर्स के एमडी राकेश गुप्ता के बेटे विवस्वत और पत्नी ऐश्वर्या को मंच पर सौंपा। पुरस्कार मिलते ही समारोह स्थल तालियों से गूंज उठा। समारोह के बाद जन एक्सप्रेस से विशेष बातचीत में एमडी राकेश गुप्ता ने कहा यह सफलता हमारे ग्राहकों के विश्वास और हमारी टीम की अथक मेहनत का परिणाम है। संघर्ष जीवन का हिस्सा है, लेकिन हमें खुद को इतना काबिल बनाना है कि रास्ता बदलने की जरूरत न पड़े। उन्होंने आगे कहा मेरे हर संघर्ष में मेरी पत्नी ऐश्वर्या का साथ और समर्थन मुझे प्रेरणा देता रहा है। इस मंच पर महराजगंज का नाम चमकाना मेरे लिए गौरव की बात है। हम भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राकेश गुप्ता ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि जीवन की कोई भी परेशानी कितनी भी बड़ी क्यों न हो, उसका सामना आत्मबल और मेहनत से किया जा सकता है।

# पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की बाइक के साथ दो को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जिले में बढ़ते वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तरकुलवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोमवार को दो चोरों को बिना नंबर प्लेट की एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। इन युवकों से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की बाइक से दो युवक छोटी गंडक नदी पुल की तरफ आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मैनपुर पुलिया पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान मैनपुर पुलिया के पास से एक बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार दो युवकों को रोका गया। पूछताछ और जांच में पता चला कि बाइक चोरी की है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों की पहचान तरकुलवा के विशाल मद्धेशिया और पथरदेवा कस्बे के शहबाज हाशमी के रूप में हुई।

# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य : जयमंगल

- ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर जनता से संवाद कर विकास कार्यों का दिया ब्यौरा

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र के घुघली मंडल के विभिन्न गांवों में चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास की राह पर तीव्र गति से अग्रसर है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को जाता है। उन्होंने बताया कि गांव-गांव में सड़कों का निर्माण कार्य हो रहा है, हर घर में बिजली और शुद्ध पेयजल की सुविधा पहुंचाई जा रही है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता दी जा रही है जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। विधायक ने महिलाओं के लिए चलाई जा रही उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण मिशन और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली पहलों पर भी विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं को साझा कीं। जिसपर विधायक ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के समग्र विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल और विद्युत आपूर्ति जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति ही उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर रौनियार, मंडल प्रभारी प्रदीप उपाध्याय, अजय पटेल, वीरेंद्र लोहिया, मान सिंह, अवधेश प्रजापति, रमाशंकर चौधरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ठूठीबारी में गैंगस्टर एक्ट के दो अभियुक्त गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत ठूठीबारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यूपी गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वारंटी अभियुक्त क्रमशः समित गुप्ता पुत्र अजय मद्धेशिया, विंध्याचल मद्धेशिया पुत्र अजय मद्धेशिया निवासी ठूठीबारी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक लालचंद वर्मा, हेड कास्टेबल मानिक चंद, अंशुम यादव शामिल रहे है। इस संबंध में कोतवाल महेंद्र मिश्रा ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कराया गया है।

# जेब में फटा मोबाइल फोन, स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी घायल

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

एमएमएमयूटी में इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के डॉ. अनुपम साहू ने बताया कि फोन के ब्लास्ट होने के पीछे का सबसे बड़ा कारण है बैटरी का ओवरहीट होना। फोन में बहुत सारे एप्स बैकग्राउंड में चलते रहते हैं। डाटा चालू रहने से वह काम करते रहते हैं। इस वजह से बैटरी को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता।

धर्मशाला पुल के पास सोमवार सुबह स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी दिनेश कुमार का मोबाइल फोन जेब में ही ब्लास्ट (फट) कर गया। इससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि बैटरी ओवरहीट होने से फोन में ब्लास्ट हुआ।

जानकारी के अनुसार, झुंगिया फतेहपुर निवासी दिनेश कुमार स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। वह सोमवार सुबह 9-30 बजे के करीब बाइक से ड्यूटी पर जाने के लिए निकले थे। फोन को पैंट की जेब में रखे थे। धर्मशाला पुल पार करते ही उनका फोन ब्लास्ट कर गया। इससे वह गिरकर घायल हो गए।

उनके घुटने में चोट आई है। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

बताया जा रहा है कि फोन की बैटरी में कोई खराबी थी। जिस वजह से चार्जिंग में भी दिक्कत आ रही थी। ओवरहीट होने की वजह से फोन में ब्लास्ट हो गया।

बैकग्राउंड में एप्स को रखें बंद

एमएमएमयूटी में इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के डॉ. अनुपम साहू ने बताया कि फोन के ब्लास्ट होने के पीछे का सबसे बड़ा कारण है बैटरी का ओवरहीट होना। फोन में बहुत सारे एप्स बैकग्राउंड में चलते रहते हैं। डाटा चालू रहने से वह काम करते रहते हैं।

# पति सहित आठ पर दहेज हत्या का केस

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

थाना क्षेत्र के बडहरा लक्ष्मीपुर में 14 जुलाई की रात एक विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के पिता ने पति सहित आठ व्यक्तियों को खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने सहित अन्य आरोप लगाते हुए दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पिता खूबलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की अपनी पुत्री बबीता की शादी 2017 में राजाराम यादव निवासी बहहरा लक्ष्मीपुर टोला जगन्नाथपुर में किया गया था। 14 जुलाई पुत्री बबीता की मृत्यु संबंधित सूचना मिला इस मामले में पुलिस ने पति, सासु, ससुर, ननद, देवर, देवरानी सहित आठ व्यक्तियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इस थानाध्यक्ष राज प्रकाश सिह ने कहा कि लड़की के पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीएम योगी देंगे गोरक्षनगरी को 252.50 करोड़ की परियोजनाओं का तोहफा

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

नगर आयुक्त ने बताया कि दोपहर बाद 4 बजे नगर निगम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन होगा। यहां सीएम योगी अमवा में 2.55 करोड़ से बने एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर, निगम परिसर में 2.05 करोड़ से निर्मित डिजिटल लाइब्रेरी, रामगढ़ताल फेज-2 (1700 मीटर ताल फ्रंट, 35.42 करोड़) का उद्घाटन करेंगे। स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में देश में चौथा और प्रदेश में पहला स्थान हासिल करने वाली गोरक्षनगरी को उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री भी बधाई देंगे। बुधवार को नगर निगम परिसर में इसके लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। सीएम जनसभा के माध्यम से पार्षदों, कर्मचारियों और सफाई मित्रों का हौसला बढ़ाएंगे।

इस दौरान वह 252.50 करोड़ रुपये की 177 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। मेयर डॉ. मंगलेश कुमार श्रीवास्तव, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल और अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र ने सोमवार को सीएम के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक की। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

नगर आयुक्त ने बताया कि दोपहर बाद 4 बजे नगर निगम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन होगा। यहां सीएम योगी अमवा में 2.55 करोड़ से बने एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर, निगम परिसर में 2.05 करोड़ से निर्मित डिजिटल लाइब्रेरी, रामगढ़ताल फेज-2 (1700 मीटर ताल फ्रंट, 35.42 करोड़) का उद्घाटन करेंगे।

इन योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

उपवन योजना – गुलरिहा और फर्टिलाइजर में पार्क निर्माण (4.95 करोड़)

पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना – सुथनी में एडमिन ब्लॉक और सड़क-नाला कार्य (16.94 करोड़)

राज्य स्मार्ट सिटी – ट्रांसपोर्टनगर और रानीडीहा जोनल कार्यालय, नेहरु पार्क सौंदर्यीकरण (48.01 करोड़)

मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना – वर्किंग वुमेन हॉस्टल, वैश्विक कॉम्प्लेक्स (38.66 करोड़)

त्वरित आर्थिक विकास योजना – राजघाट पुल से कारकस प्लांट और नकहा ओवरब्रिज से हड़हवा फाटक तक सड़क सुधार (20.66 करोड़)

मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना – नए वार्डों में सड़क, नाला, पार्क के 22 कार्य (18.75 करोड़)

नगरीय अल्प विकसित व मलीन बस्ती विकास योजना – 141 सड़क-नाला कार्य (60.53 करोड़)

# फूड पॉइजनिंग : बीआरडी में एमबीबीएस 2021 के छात्रों की परीक्षाएं टली, अभिभावकों ने घर बुलाया

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

पिछले शुक्रवार को मेस में मशरूम की सब्जी खाने के बाद छात्रों की तबीयत खराब होनी शुरू हो गई। एक-एक कर 15 से ज्यादा छात्रों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। रविवार तक 40 छात्रों की तबीयत खराब हो गई। छात्रों को शुरुआती लक्षणों पर कोई प्रभावी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। तीन दिन तक छात्र खुद से ओआरएस और एंटीबायोटिक दवाएं लेकर इलाज करते रहे।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज में फूड पॉइजनिंग की घटना के बाद 22 जुलाई से शुरू होने वाली एमबीबीएस 2021 बैच की परीक्षा स्थगित कर दी गई है। न्यू यूजी हॉस्टल में रह रहे एमबीबीएस 2021 बैच के छात्रों की फूड पॉइजनिंग की वजह से तबीयत खराब होने की वजह से कॉलेज प्रशासन ने यह फैसला लिया है। इसके साथ ही मेस को भी बंद कर दिया गया है।

बीमार छात्रों को अभिभावकों ने घर बुला लिया है।

पिछले शुक्रवार को मेस में मशरूम की सब्जी खाने के बाद छात्रों की तबीयत खराब होनी शुरू हो गई। एक-एक कर 15 से ज्यादा छात्रों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। रविवार तक 40 छात्रों की तबीयत खराब हो गई। छात्रों को शुरुआती लक्षणों पर कोई प्रभावी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। तीन दिन तक छात्र खुद से ओआरएस और एंटीबायोटिक दवाएं लेकर इलाज करते रहे।

हालात बिगड़ने पर एक छात्र ने प्राचार्य डॉ. रामकुमार जायसवाल को फोन कर जानकारी दी। इसके बाद प्राचार्य खुद हॉस्टल पहुंचे और मामले का संज्ञान लिया। अस्पताल पहुंचे अधिकतर छात्रों को आवश्यक दवाएं देकर हॉस्टल भेज दिया गया। दो छात्र गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे, जिन्हें भर्ती कर इलाज किया गया। सोमवार सुबह उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। छात्रों की सेहत को देखते हुए 22 जुलाई से शुरू होने वाली एमबीबीएस 2021 बैच की प्रथम प्री-प्रोफेशनल टर्मिनल परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। अब यह परीक्षा 31 जुलाई से आयोजित की जाएगी। मेस को किया गया बंद, बीमार छात्रों को अभिभावकों ने घर बुलाया न्यू यूजी के हॉस्टल में करीबन 300 छात्र रहते हैं, फूड पॉइजनिंग की घटना के बाद हॉस्टल का मेस बंद कर दिया गया है।

# एआई व सोशल मीडिया से भी होगी आरओ-एआरओ परीक्षा की निगरानी

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

लोकसेवा आयोग की तरफ से 27 जुलाई को जिले के 18 केंद्रों पर समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) की परीक्षा होगी। इसको शुचितापूर्ण, पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए शासन की तरफ से कड़ी व्यवस्था की गई हैं। परीक्षा के समय कोई गड़बड़ी, लीक या अनुचित साधनों का प्रयोग न कर सके, इसके लिए एआई के प्रयोग से लेकर सीसीटीवी और सोशल मीडिया के जरिए निगरानी की जाएगी। जिले के 18 परीक्षा केंद्र पर सुबह 9-30 से दोपहर 12-30 बजे तक एक पाली में परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में 8208 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए जिला स्तर पर डीएम को नोडल बनाया गया है।

# कृषि मंत्री की नाराजगी : सड़ी लकड़ी से बना था जंगला, देख भड़के मंत्री, बोले, 'इसे हटाओ नहीं ते जान ले लूंगा'

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

यह वीडियो नगर पंचायत हेतिमपुर के वार्ड नंबर 14 का है, जहां राम जानकी मठ का जीर्णोद्धार पर्यटन विभाग की ओर से कराया जा रहा है। निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री देख मंत्री ने सख्त लहजे में कार्यदायी संस्था को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, %सड़ी लकड़ी हटाओ, दो साल में घुन लग जाई...तु सब त घरे चल जईबा पैसा लेके%।



देवरिया जिले में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, इसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही मठ के जीर्णोद्धार कार्यों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों पर जमकर नाराज हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन हाल में सड़ी लकड़ी से बनाकर लगाए जंगले को देखकर अचानक से भड़क गए।

नाराजगी जताते हुए कहा कि इसे ऐसे ही लगा दोगो और दो चार दिन में गिर गया तो लोगों को नुकसान हो सकता है। नाराजगी के दौरान सख्त लहजे में निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल जंगला हटाकर बाहर फेंको, कल तक हट जाना चाहिए नहीं तो जान ले लूंगा.

यह वीडियो नगर पंचायत हेतिमपुर के वार्ड नंबर 14 का है, जहां राम जानकी मठ का जीर्णोद्धार पर्यटन विभाग की ओर से कराया जा रहा है। निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री देख मंत्री ने सख्त लहजे में कार्यदायी संस्था को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, %सड़ी लकड़ी हटाओ, दो साल में घुन लग जाई...तु सब त घरे चल जईबा पैसा लेके।%

जनता का हित सर्वोपरि है। इस संबंध में मंत्री सूर्य प्रताप शाही उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान घटिया लकड़ी का प्रयोग पाया गया था, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। कहा कि, उनके कहने का अर्थ था कि सही कार्य किया जाए। जनता की गाढ़ी कमाई से हो रहे कार्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कृषि मंत्री कहा कि इसमें तत्काल सुधार किया जाए। मानक के विपरीत कार्य नहीं होगा। शिकायत नहीं होनी चाहिए।

# जिले में 27 जुलाई को आयोजित होगी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा

- तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक
- नियुक्त किए गए केंद्र प्रभारी, जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट,

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



बलरामपुर आगामी 27 जुलाई को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग समीक्षा अधिकारी तथा सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा जिले में आयोजित की जानी है। जिसको सकुशल एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आयोजित की गई।

जनपद में परीक्षा के लिए एमएलके पीजी कॉलेज ब्लॉक ए कला संकाय , एमएलके पीजी कॉलेज ब्लॉक बी वाणिज्य संकाय , एमएलके पीजी कॉलेज ब्लॉक सी विज्ञान संकाय , एमपीपी इंटर कॉलेज, पायनियर पब्लिक स्कूल, शारदा पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल , जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बैठक में डीएम ने कहा कि तैनात सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र का पूर्व निरीक्षण कर लें एवं साफ सफाई व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था,स्वच्छ शौचालय सीसीटीवी कैमरा आदि की व्यवस्था चेक कर लें, यदि कोई छोटी मोटी कमी है तो उसको दूर करा ले। परीक्षा केंद्र प्रभारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट बेहतर समन्वय स्थापित कर परीक्षा को संपन्न कराएंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्र प्रभारी , सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सभी निर्देशों का गहन अध्ययन कर ले एवं सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए सुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न करेंगे । बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी , यातायात व्यवस्था के लिए अतिरिक्त ड्यूटी लगाई जाएगी।

इस दौरान उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पर्यवेक्षक और प्रतिनिधि द्वारा आयोग की दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी केंद्र प्रभारी,सेक्टर स्टेटिक मजिस्ट्रेट को प्रदान की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम , जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## प्रभारी निरीक्षक व उप-निरीक्षक को एसपी ने किया निलंबित

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने सोमवार को महिला संबंधी शिकायत में मुकदमा न लिखने व राजकीय कार्य के प्रति शिथिलता बरतने पर प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा सतेन्द्र बहादुर सिंह व हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक बदरुद्दीन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है ।

जानकारी के अनुसार 21 जुलाई को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने थाना पचपेड़वा क्षेत्रांतर्गत प्राप्त महिला संबंधी शिकायती प्रार्थना-पत्र की उच्चस्तरीय जांच कराने पर प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा व हल्का इंचार्ज की गलती पाई । प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा व हल्का इंचार्ज द्वारा महिला संबंधी अपराध में प्रथम सूचना रिपोर्ट (ख़ुद्धक्र) न लिखने व राजकीय कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र बहादुर सिंह व उप निरीक्षक बदरुद्दीन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

## विद्युत समस्या को लेकर उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने विधायक के साथ सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर क्षेत्र में विगत कई माह से तुलसीपुर समेत ग्रामीण क्षेत्रो की बदहाल बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर स्थानीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ल के साथ उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री दिलीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को पांच सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी पवन अग्रवाल को सौंपकर अविलम्ब सुधार किए जाने की मांग की है। ज़िला महामन्त्री दिलीप गुप्ता ने 21 जुलाई को बताया कि तुलसीपुर में तैनात विभागीय अधिकारियों को रात्रि निवास कराया जाए। लगभग 9 करोड़ की लागत से बना 132 के वी शुगर मिल से 33/11 नई बाज़ार का संयोजन किया जाए, जिससे आधे नगर समेत 450 गांवों की बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो सकेगा। जिन क्षेत्रों में बार बार केबिल जलने व टूटने की घटनाएं हो रही है उन जगहों के तार बदले जाएं।नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रहरि ने कहा कि लो वोल्टेज और रोस्टर के अलावा विद्युत कटौती को बंद किया जाए एवं लोकल फाल्ट को रोस्टिंग की अवधि में सही किया जाय। महामन्त्री रूप चन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष राधेश्याम चौरसिया व रिज़वान बबलू राइनी मौजूद रहे।

## आदित्य मिस्टर व नव्या बनी मिस फ्रेशर

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

मंगलायतन विश्वविद्यालय के मंगलायतन आयुर्वेद एंड रिसर्च सेंटर में फ्रेशर्स के स्वागत के लिए ह्यआरंभह्न फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई, जिससे परिसर में शुभता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। सीनियर विद्यार्थियों ने अपने जूनियर्स का पारंपरिक और गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की त्रिवेणी गीत, संगीत और नृत्य ने सबका मन मोह लिया। मंच पर प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत और उत्साही बना दिया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने विद्यार्थियों को नए सफर की शुभकामनाएं दीं। प्रिंसिपल डा. मनोज शर्मा ने डाक्टर बनने से पहले एक अच्छा इंसान बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर आदित्य सिंह व मिस फ्रेशर का खिताब नव्या अनंत को मिला। वहीं मिस्टर वेल ड्रेस शुभम गुप्ता व मिस वेल ड्रेस स्मृति चुनी गईं। खेल प्रतियोगिताओं में आदित्य सिंह व दिव्यांशु वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में डा. अर्पित शाह, डा. अंकित लाकरा, डा. ऐश्वर्या बाबू, डा. प्रतिभा शामिल रहे।

## आयोजित हुई जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, डीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों का किया उत्साहवर्धन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



सोमवार को इंस्पायर मानक एवं माध्यमिक शिक्षा द्वारा संयुक्त रूप से जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम पवन अग्रवाल की उपस्थिति में राजकीय पुस्तकालय परिसर में किया गया । इस अवसर पर डीआईओएस ने बताया कि इंस्पायर मानक द्वारा जनपद में पहली बार जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । विज्ञान प्रदर्शनी में बेहतर करने वाले छात्रों को राज्य स्तर पर प्रतिभाग कर सकेंगे। इस अवसर पर डीएम द्वारा छात्रों के विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया गया एवं सभी का उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी छात्र हमेशा नया सीखने का प्रयास करें एवं विज्ञान के प्रति जिज्ञासा रखें। उन्होंने कहा कि विज्ञान का निरंतर विकास हो रहा है , नई नई खोजे हो रही है एवं नई टेक्नोलॉजी आ रही हैं। सभी छात्र विज्ञान की नई खोज एवं टेक्नोलॉजी से खुद को अपडेट रखे । इस दौरान बीएसए शुभम शुक्ल व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## बिल्डर पर बाइक सवारों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत एडीएम कंपाउंड के निकट स्कूटी सवार बिल्डर जुल्फिकार खान उर्फ लाड़ले पुत्र दर्शन खान पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी।स्कूटी सवार बिल्डर गोली लगने से लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में बिल्डर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।स्कूटी पर जा रहे बिल्डर पर बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घायल होकर बिल्डर सड़क पर गिर गया।बिल्डर को गंभीर घायल अवस्था में जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।बिल्डर पर पूर्व में भी हो फायरिंग हो चुकी है।बिल्डर जुल्फिकार खान उर्फ लाड़ले कोठी छर्रा रीफा पैलेस के रहने वाले हैं।वह नमाज पढ़कर निकले और जामिया उर्दू की मस्जिद से बच्चे को लेने जा रहे थे। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक सीओ सिविल लाइन सर्बम सिंह इंस्पेक्टर सिविल लाइन राजवीर परमार इंस्पेक्टर क्वार्सी नरेंद्र कुमार शर्मा ने घटना को मौका मायना किया।साथ ही पुलिस स्थानीय क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरा को खंगाल रही है और जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि बिल्डर पर पूर्व में भी हो फायरिंग हो चुकी है।बिल्डर जुल्फिकार खान उर्फ लाड़ले प्रॉपर्टी खरीदने और बेचने का कार्य करते थे।

## श्रावण शिव रात्रि आज, गुरुवार को मनाई जाएगी हरियाली अमावस्या...

- अकाल मृत्यु के भय से मुक्त करते हैं महादेव: स्वामी पूर्णानन्द पुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**



भगवान मृत्युंजय शिव संसार की समस्त औषधियों के स्वामी हैं। मृत्यु के नियंत्रक,आरोग्य और स्वास्थ्य के प्रदाता भगवान शिव के महामृत्युंजय उपासना से काल पर भी विजय प्राप्ति संभव है। जटिल और तनाव युक्त जीवन में इस उपासना से जहां आकस्मिक दुर्घटनाओं से जीवन की रक्षा हो सकती है। असाध्य रोगों का निवारण भी किया जा सकता है। भाव,श्रद्धा तथा भक्ति से इस महामंत्र का जप करने पर भयंकर व्याधियों से मुक्ति के साथ दीर्घायु, शन्ति, धन-संपत्ति, मोक्ष व सद्गति की प्राप्ति भी संभव है।उक्त बातें वैदिक ज्योतिष संस्थान पर चल रहे पार्थिव शिव पूजन रुद्राभिषेक के मध्य परमपूज्य स्वामी पूर्णानन्द पुरी जी महाराज ने भक्तों को दी। भौम प्रदोष के पावन दिवस पर संस्थान कार्यालय पर प्रातः से ही भगवान शिव के पार्थिव लिंग का वेद मंत्रो के साथ तीर्थोदक,गंगाजल,गोमूत्र,गोमय, तीर्थो की मिट्टी से निर्माण कर दूध,दही,धी,शहद,बूरा,पंचामृत,वर्षा का जल,पुष्पों का जल,भस्ममोदक,आदि से स्नान कराकर चन्दन और भस्म से त्रिपुण्ड बनाया,जनेऊ,कलावा,विल्वपत्र,आक ,ढाक,धतूरा,शमीपत्र,दूर्वा, गुलाल,अवीर,से श्रंगार पूजन कर,भगवान शिव और माँ मंगला गौरी के एक एक हजार नामों से गुलाब, कनेर, गुड़हल पुष्पों से अर्चन कर भोग आरती गौरव शास्त्री, रवि शास्त्री, शिवम व्यास, ऋषि शास्त्री ने सुवोध अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, मानवेन्द्र सिंह,रोली सिंह,से प्रदोष अनुष्ठान सम्पन कराय।

स्वामी जी ने शिव की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि पृथ्वी लोक पर सावन माह में पूजा करने का विशेष महत्व है। ऋषि मार्कंडेय ने सावन मास में ही तप कर भगवान शिव को प्रसन्न कर मृत्यु को भी जीत लिया था। भगवान शिव सावन मास में ही पृथ्वी पर अवतरित होकर अपने ससुराल गये और उनका स्वागत अर्ध्य एवं अभिषेक से किया गया था। तब से यह माना जाता है कि शिव हर वर्ष इसी माह अपनी ससुराल आते हैं। पृथ्वी पर रहने वालों के लिए यह माह भगवान शिव के विशेष कृपा प्राप्त करने का उत्तम समय है। सच्चे मन से भक्तों द्वारा किए गये पुकार पर महादेवजी उसी क्षण अपने भक्तों का कष्ट दूर कर देते हैं। सरल स्वभाव का होने के कारण भोलेनाथ सहज ही प्रसन्न हो जाते हैं। पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि सावन मास में ही समुद्र मंथन किया गया था। जिन पांच औषधियों से भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। उनसे विष का प्रभाव कम होता है। शिव पुराण में उल्लेख है कि भगवान गंगाधर शिव स्वयं ही जल हैं। सृष्टि विलय होने पर चहुंओर जल ही जल रहता है जो भगवान शिव का ही स्वरूप है। आपत्ति काल में वे धर्म की रक्षा को तत्पर रहते हैं।

स्वामी जी ने श्रावण शिवरात्रि के विषय में बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि आज 23 जुलाई 2025 बुधवार को सुबह 4:39 बजे से प्रारम्भ हो चुकी है,यह तिथि आज ही देर रात 2:28 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार सावन शिवरात्रि का व्रत आज बुधवार को रखा जाएगा,पूजा का समय निशा काल मे 12 बजकर 07 मिनट से लेकर 12 बजकर 48 मिनट तक है।इस दिन कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाएगी। इस शुभ अवसर पर भद्रावास योग दोपहर 03 बजकर 31 मिनट तक है। वहीं, हर्षण योग का निर्माण दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से हो रहा है। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक को दोगुना फल मिलेगा।24 जुलाई गुरुवार को हरियाली अमावस्या मनाई जाएगी।

स्वामी जी के शिष्य एवं संस्थान के सचिव आचार्य गौरव शास्त्री ने बताया कि सनातन धर्म में सावन शिवरात्रि का विशेष महत्व है। यह पर्व देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन देवों के देव महादेव और मां पार्वती की विशेष पूजा की जाती है। पूजा के समय भगवान शिव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया जाता है। भक्तजन दूध,दही,घी, शहद बूरा, फलोदक, पुष्पोदक तीर्थोदक और गंगाजल से देवों के देव महादेव का अभिषेक करते है।भक्तजन निशा काल में भगवान शिव की पूजा एवं भक्ति करते हैं। मंदिरों में भजन-कीर्तन और शिव विवाह का आयोजन किया जाता है। साधक मनचाही मुराद पाने के लिए सावन शिवरात्रि पर व्रत भी रखते हैं। यह दिन दिन भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि इस दिन किया गया व्रत और पूजन वैवाहिक जीवन में प्रेम, सामंजस्य और सुख-शांति बनाए रखता है। यह व्रत विशेष रूप से कुंवारी कन्याओं और विवाहित महिलाओं के लिए विशेष फलदायक माना जाता है।

## उत्तर प्रदेश में 'सर्व सेफ फूड' का विस्तार, 3700 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस | आगरा**




नेस्ले इंडिया ने उत्तर प्रदेश में सर्व सेफ फूड परियोजना के तहत अपने प्रयासों को और आगे बढ़ाया है। कंपनी ने फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (एनएएसवीआई) के साथ मिलकर आगरा, गोरखपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, नोएडा और वाराणसी जैसे शहरों में 3,700 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण देना जारी रखा है। इसके साथ ही राज्य में अब तक प्रशिक्षित विक्रेताओं की कुल संख्या 12,700 से अधिक हो गई है।

अब तक सर्व सेफ फूड परियोजना के तहत देश के 26 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों में 92,800 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के तहत उन्हें स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, कचरा निपटान और उद्यमिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य विक्रेताओं को सुरक्षित भोजन की सही जानकारी देना है ताकि वे ग्राहकों को बेहतर और सुरक्षित सेवाएं दे सकें और अपने व्यवसाय को सशक्त बना सकें।

फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, उत्तर प्रदेश के आयुक्त श्री राजेश कुमार (आईएएस) ने कहा, उत्तर प्रदेश भारतीय संस्कृति का संगम है और यहां का स्ट्रीट फूड इसकी विशिष्ट पहचान है। हम इस सांस्कृतिक विरासत को और सशक्त बनाना चाहते हैं। साथ ही, विक्रेताओं को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना भी हमारा उद्देश्य है। मैं एफडीए, एनएएसवीआई और नेस्ले इंडिया के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मिशन को साकार कर रहे हैं।

नेस्ले इंडिया की सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक पहलों की प्रमुख डॉ. तरुणा सक्सेना ने कहा, नेस्ले इंडिया केवल अपने उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सर्व सेफ फूड के जरिए हम स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण देकर न सिर्फ उनकी जागरूकता बढ़ा रहे हैं, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय को और अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और टिकाऊ तरीके से संचालित करने में भी मदद कर रहे हैं।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ की सख्त कारवाही

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

भारत की अग्रणी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल (एयरटेल) ने उत्तरप्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड में बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी के ख़िलाफ़ अपने मिशन में उल्लेखनीय प्रगति की घोषणा की है। देशभर में एआई-आधारित फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम के लॉन्च के तहत एयरटेल ने उत्तरप्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड में मात्र 69 दिनों के भीतर 97 लाख से अधिक यूज़र्स को सफलतापूर्वक ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाया है।

यह अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए ऑटोमैटिक रूप से एक्टिवेट होती है। यह एसएमएस, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल और अन्य ब्राउज़र्स पर भेजे गए लिंक को स्कैन और फ़िल्टर करती है। यह तकनीक रियल टाइम थ्रेट इंटेलिजेंस (साइबर ख़तरों की तात्कालिक जानकारी) का इस्तेमाल करती है और रोज़ाना 1 अरब से ज़्यादा यूआरएल का विश्लेषण करती है। किसी भी खतरनाक साइट पर पहुंचने से पहले यह सिस्टम महज 100 मिलीसेकंड में उसे ब्लॉक कर देता है।

उदाहरण के लिए, अगर अलीगढ़ का कोई निवासी यह संदिग्ध संदेश प्राप्त करता है- आपका पार्सल डिले हो गया है। वह व्यक्ति अगर बिना सत्यता जाने, उस लिंक पर क्लिक करता है, तो एयरटेल का एआई-सिस्टम तुरंत सक्रिय हो जाता है। यह उस लिंक को स्कैन करता है और अगर वह संदिग्ध पाया जाता है, तो साइट को ब्लॉक कर देता है। यूज़र को एक चेतावनी संदेश पर रीडायरेक्ट कर दिया जाता है, जिसमें लिखा होता है- ब्लॉक कर दिया गया! एयरटेल ने इस साइट को ख़तरनाक पाया है! यह पूरा प्रोसेस रियल टाइम में, एक पल में होता है।

## बोन मैरो ट्रांसप्लांट से रक्त कैंसर के इलाज में नई उम्मीदों की किरण

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

कभी असाध्य माने जाने वाले ब्लड डिसऑर्डर्स और ब्लड कैंसर अब चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के चलते काफी हद तक ठीक किए जा सकते हैं। पहले जहां ब्लड कैंसर को एक अभिशाप समझा जाता था और मरीजों को केवल सहायक देखभाल तक ही सीमित रखा जाता था, वहीं अब टारगेटेड थेरेपी जैसे उन्नत इलाज से कई प्रकार के ल्यूकेमिया में सामान्य जीवन संभव हो गया है। ब्लड कैंसर, जिसे हेमेटोलॉजिकल मैलिग्नेंसी भी कहा जाता है, शरीर में खून की कोशिकाओं के उत्पादन और कार्य को प्रभावित करता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है, थकान, बार-बार संक्रमण, रक्तस्राव और कमजोरी जैसे लक्षण उभरते हैं। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, साकेत के हेमटोलॉजी और बोन मेरो ट्रांसप्लांट विभाग के सीनियर कंसलटेंट डॉ. फरान नईम ने बताया कि ल्यूकेमिया, लिंफोमा और मायलोमा जैसे रक्त कैंसर का सही समय पर निदान और उपचार बहुत जरूरी है। बच्चों में होने वाला एक्यूट लिंफोब्लास्टिक ल्यूकेमिया और हॉजकिन्स लिंफोमा जैसे कुछ कैंसर अब 80 से 90 प्रतिशत तक ठीक हो सकते हैं। परंपरागत कीमोथेरेपी के साथ अब इम्यूनोथेरेपी और टारगेटेड थेरेपी जैसे आधुनिक उपचार विकल्प आ चुके हैं, जो कम साइड इफेक्ट्स के साथ ज्यादा प्रभावी हैं। कई मामलों में बोन मैरो या स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ती है। यह प्रक्रिया अब सर्जरी के बिना मशीन द्वारा की जाती है, ठीक वैसे ही जैसे ब्लड डोनेशन होता है। ट्रांसप्लांट दो प्रकार के होते हैं – ऑटोलॉगस (मरीज की अपनी कोशिकाओं से) और एलोजेनीक (किसी डोनर की कोशिकाओं से)। लिंफोमा व मायलोमा में आमतौर पर मरीज की अपनी कोशिकाओं का प्रयोग होता है, जबकि ल्यूकेमिया, थैलेसीमिया व एप्लास्टिक एनीमिया में डोनर की आवश्यकता होती है। लिंफोमा व मायलोमा में आमतौर पर मरीज की अपनी कोशिकाओं का प्रयोग होता है, जबकि ल्यूकेमिया, थैलेसीमिया व एप्लास्टिक एनीमिया में डोनर की आवश्यकता होती है।

उन्होंने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट अब सिर्फ कैंसर ही नहीं बल्कि थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और न्यूरोब्लास्टोमा जैसे रोगों में भी पूरी तरह से इलाज का अवसर प्रदान करता है। रक्त कैंसर के लक्षणों में थकान, बुखार, रात में पसीना आना, हड्डियों में दर्द, वजन कम होना, सांस फूलना, बार-बार संक्रमण और गले या शरीर के अन्य हिस्सों में गांठ उन्होंने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट अब सिर्फ कैंसर ही नहीं बल्कि थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और न्यूरोब्लास्टोमा जैसे रोगों में भी पूरी तरह से इलाज का अवसर प्रदान करता है। रक्त कैंसर के लक्षणों में थकान, बुखार, रात में पसीना आना, हड्डियों में दर्द, वजन कम होना, सांस फूलना, बार-बार संक्रमण और गले या शरीर के अन्य हिस्सों में गांठ बनना शामिल हैं।

डॉ. फरान नईम ने आगरावासियों से अपील की कि वे इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें और किसी भी शंका की स्थिति में तुरंत हीमैटोलॉजिस्ट से संपर्क करें। समय पर उपचार से जानलेवा मानी जाने वाली ये बीमारियां भी पूरी तरह ठीक हो सकती हैं।

## ग्राहकों को अन्य प्लेटफार्म पर ऑनलाइन खरीदारी करने पर भी रिवॉर्ड प्वाइंट के तौर पर मिलेगा

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

भारत के सबसे बड़ी प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एसबीआई कार्ड ने आज फोनपे के साथ मिलकर फोनपे एसबीआई कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। इस नए को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य रोज़मर्रा के खर्चों पर एक फायदेमंद अनुभव प्रदान करना है, जिसे पूरे भारत में ग्राहकों की बढ़ती वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह क्रेडिट कार्ड दो वेरिएंट में आता है- फोनपे एसबीआई कार्ड पर्पल और फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक, जो ग्राहकों की विभिन्न प्राथमिकताओं और लाइफस्टाइल खर्चों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। इसके अतिरिक्त, इस कॉन्टैक्टलेस क्रेडिट कार्ड के दोनों वेरिएंट रूपे और वीजा पेमेंट नेटवर्क पर उपलब्ध हैं, जिससे उपभोक्ताओं को उनकी ज़रूरतों के हिसाब से सबसे अच्छा नेटवर्क चुनने का विकल्प मिलता है। रूपे कार्ड को यूपीआई से भी जोड़ा जा सकता है और देश भर में लाखों यूपीआई मर्चेंट्स के साथ लेनदेन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। वीजा वेरिएंट को फोनपे पर टोकनाइज किया जा सकता है और कई ऑनलाइन मर्चेंट्स के साथ सुरक्षित रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है। नए फोनपे एसबीआई कार्ड के साथ, ग्राहक विभिन्न रोज़मर्रा के लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं, जिसमें किराना, बिल भुगतान, यात्रा बुकिंग, यूटिलिटी भुगतान, बीमा प्रीमियम भुगतान, और ऑनलाइन व ऑफलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर बहुत कुछ शामिल है। फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक कार्डधारक आवश्यक और बार-बार होने वाले फोनपे इन-ऐप लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट्स के रूप में 10 प्रतिशत तक वैल्यू बैक अर्जित कर सकते हैं।

# विद्यालय विलय करने का आदेश तत्काल निरस्त करे सरकार : अरविन्द पटेल



- 1-उत्तर प्रदेश के समस्त सरकारी/अर्द्ध सरकारी/संविदा कर्मचारी/ अधिकारीगणों के लिए आदेश जारी किया जाए कि उनके बच्चों को सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन के लिए अनिवार्य निर्देश जारी किया जाए ताकि सरकारी स्कूलों की व्यवस्था सुदृढ़ हो सके।
- 2-सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के विलय के कारण नन्हें-मुन्ने बच्चों के दुर्घटना एवं गरीब परिवारों के लिए विषम परिस्थितियां पैदा हुई है, इस लिए मर्जर व्यवस्था को तत्काल रद्द किया जाए।
- 3-प्राथमिक विद्यालयों के पठन-पाठन की व्यवस्था में कड़े अनुशासन नियमों का पालन करते हुए विद्यालयों को और सुदृढ़ किया जाए।
- 4-बरेली के बहेड़ी स्थित इण्टर कॉलेज के शिक्षक डॉक्टर रजनीश गंगवार के ऊपर हुए एफआईआर को तत्काल रद्द किया जाए।
- 5-प्रख्यात शिक्षक एवं कवि डॉक्टर रजनीश गंगवार द्वारा रचित गीत 卐कावड़ लेने मत जाना, तुम ज्ञान के दीप जलाना को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए एवं डॉ रजनीश गंगवार को महोदया द्वारा विशेष रुप से सम्मानित भी किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान दीपक विश्वकर्मा, रविशंकर यदुवंशी, अमर बहादुर चौहान, सत्यपाल यादव, वृजेन्द्र पटेल, राजकुमार पटेल, सतीश विश्कर्मा, संदीप गिरी, विपिन पटेल, अजय वर्मा, रवि प्रकाश पटेल, अमन गौतम, अवधेश मौर्य, शेखर चौहान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर-जिला मुख्यालय पर सरदार सेना सामाजिक संगठन के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में पांच सुत्रीय ज्ञापन राज्य पाल महोदया को नामित ज्ञापन अतरिक्त एसडीएम नवीन सिंह को सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अन्दर बीते दिनों पांच हजार से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के संविलय किये जाने का आदेश पारित किया गया, जो क्रियान्वयन में है। फल स्वरूप मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, फतेहपुर, रायबरेली सहित समस्त प्रभावित जनपदों में 50त्न से ज्यादा बच्चों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है।अपने गांव से कई किलोमीटर दूर छोटे-छोटे, नन्हे बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल है,जिसके कारण उत्तर प्रदेश की अधिकांश आबादी शिक्षा से वंचित हो रही है,जो आरटीई का खुला उल्लंघन है।यह एक गहरे साजिश के तहत शिक्षा जैसे मौलिक अधिकारों से समाज विशेष को वंचित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष अपने उद्बोधन में बरेली की घटना को लेकर यह बताया कि हाल में ही बरेली जनपद के बहेड़ी में स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल इण्टर कॉलेज के अध्यापक डॉक्टर रजनीश गंगवार ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरुकता गीत सुनाया, जिसको लेकर बरेली पुलिस द्वारा उनके ऊपर एफआईआर कर दिया गया। आज दोनों उपयुक्त मामलों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष ने यह मांग करते हुए कहा कि सरकार दोनों मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ज्ञापन में निम्नवत पांच सुत्रीय मांग किया गया।

# शिक्षकों का वेतन, बकाया भुगतान न होने से रोष, अनिश्चित कालीन धरने की चेतावनी

■ वित्त एवं लेखाधिकारी से मिले संघ पदाधिकारी समस्याओं के निस्तारण की मांग

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक षिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों, शिक्षकों ने वित्त एवं लेखाधिकारी से मिलकर अर्न्तजनपदीय स्थानान्तरण से आये शिक्षकों के वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने सहित अनेक मुद्दों पर वार्ता किया। चेतावनी दिया कि यदि वेतन भुगतान के साथ ही लम्बित देयकों का भुगतान सुनिश्चत न हुआ तो 24 जुलाई गुरूवार से वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा के कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना दिया जायेगा।

संघ पदाधिकारयों और शिक्षकों के प्रतिनिधि मण्डल ने वित्त एवं लेखाधिकारी हिमांचल से पोर्टल पर ऑन लाइन चयन वेतनमान का बकाया, बीएसए द्वारा रोके गये एक दिन का वेतन भुगतान और अन्य प्रकार के बकाया भुगतान, जी.पी.एफ. अग्रिम और सेवा निवृत्त शिक्षकों के नोशनल वेतन वृद्धि आदि को लागू करने, चयन वेतनमान के पोर्टल पर आये सभी प्रकरण को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को अग्रसारित करने का आग्रह किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक षिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि बीएसए के आदेश दिनांक 24-6-25 एवं 9-7-25 के द्वारा शिक्षकों का वेतन पास होने के बाद कुछ अराजकतत्वों के दबाव में कार्यालय द्वारा टेऊजरी नहीं भेजा गया। यह स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ इसे बर्दाश्त नही करेगा। 24 जुलाई गुरूवार से वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा के कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरने में ये मुद्दे उठाये जायेंगे।

यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, संरक्षक सतीशशंकर शुक्ल, प्रचार मंत्री मारूफ अहमद आदि शामिल रहे।

# सायमा की 10वीं पुण्यतिथि पर लायन्स क्लब मेन ने बच्चों को बांटी किट



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा मरहूमा सायमा खान की 10वी पुण्यतिथि के अवसर पर स्थान अल मदनी पब्लिक स्कूल तकिया में सोमवार को 235 छात्र-छात्राओं को किट प्रदान किया गया है।

शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित किट छात्रों को वितरित की जा रही हैं। इनमें स्टेशनरी किट, शिक्षा किट, स्वास्थ्य किट और पोषण सामग्री शामिल हैं। किट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखी गयी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोरमा मौर्य व विशिष्ट अतिथि डॉ राम सूरत मौर्य के हाथो बच्चों को किट प्रदान की गई।

संस्थाध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि स्वर्गीय सायमा खान की आकस्मिक मृत्यु एक सड़क दुर्घटना में 21 जुलाई 2015 को हो गई थी। तबसे उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर व बीच बीच में विभिन्न सेवा कार्य किये जाते हैं।

मुख्य अतिथि मनोरमा मौर्य अध्यक्ष नपपा ने कहा कि गरीब व असहाय की मदद करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है और यह कार्य उस समय और बड़ा हो जाता है, जब किसी शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की मदद की जाए। आगे उन्होंने कहा कि मेरे लायक जो भी कार्य होगा उसे मै सदैव करने को तैयार हूँ।

विशिष्ट अतिथि डॉ राम सूरत मौर्य ने इस तरह के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे लोगों की सहायता करने से उन्हें भी खुशी मिलती है। इस संसार में गरीबों की मदद करने से बढ़कर कोई भी पुण्य कार्य नहीं है। मदरसा के संरक्षक मौलाना वसीम शेरवानी ने यहाँ के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि इसके पूर्व मरहूमा सायमा खान के पिता शकील अहमद जी के मरहूमा की स्मृति में इस मदरसे मे एक हाल का निर्माण भी कराया है।

### समाज को नई दिशा मिलती है, अरुण त्रिपाठी

जौनपुर। शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी अरुण त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष किए जा रहे इस पहल से समाज में अच्छा संदेश जाता है। इसके पहले आये हुए लोगों के प्रति शकील अहमद ने आभार व्यक्त किया। संचालन सै मो मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर योगेश साहू, रंजीत सिंह, मनोज चतुर्वेदी, आरिफ़ हबीब, अरशद कुरैशी, अनवारूल हक़ गुड्डु, डॉ प्रमोद मौर्य, सोमित डे, रवि श्रीवास्तव सहित मदरसा के शिक्षक उपस्थित रहे।

# सुरक्षित कांवड़ यात्रा के लिए कांवड़ियों को बांटा गया हेलमेट



बाइक सवार 101 कावरियों को हेलमेट देकर किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस जौनपुर**

जफराबाद जिले की यातायात पुलिस ने अब कांवरियों को सुरक्षित यात्रा के लिए एक नई पहल शुरू की है।

बाबा विश्वनाथ के धाम में जल चढ़ाने जा रहे 101 कांवरियों को हेलमेट पहना कर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत उन्हें संकल्प दिलाया।

वाराणसी लखनऊ नेशनल हाईवे पर हौज टोलप्लाज़ा के पास सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ यातायात निरीक्षक सुशील मिश्र ने खुद अपनी मौजूदगी में पूरे टीम के साथ किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देशन में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत जनपद के सभी कांवरियों के रूट पर यातायात पुलिस की मौजूदगी में उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए यह अनोखी पहल की जा रही है।

प्रभारी यातायात निरीक्षक सुशील मिश्र ने बताया कि कावंरियों को इस बात के लिए जागरूक किया जा रहा है कि धाम में आते और जाते समय सुरक्षित यात्रा करें।

कहीं भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत आती है तो संबंधित थाना पुलिस और यूपी डायल 112 पर कॉल करके मदद लें।

जिससे जिले में बाइक सवार कावंर यात्रियों की कावंर यात्रा सकुशल सम्पन्न हो और किसी प्रकार की कोई घटना नही होने पाए।

# न्याय न मिलने से दु:खी वृद्ध दम्पत्ति ने दिया आत्महत्या की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

मकान के सामने सहन के जमीनी विवाद में न्याय न मिलने से थक चुके एक वृद्ध दम्पत्ति ने आगामी 25 जुलाई को सरूय में जल समाधि लेकर आत्महत्या कर लेने का निर्णय लिया है। कलवारी थाना क्षेत्र के वैष्णवपुर निवासी जोखन और उनकी पत्नी सावित्री ने मुख्यमंत्री के साथ ही जिलाधिकारी को दिये पत्र में कहा है कि उनके मकान के सामने सहन की जमीन पर नकटीदेई निवासी ओम प्रकाश जबरिया कब्जा कर लेना चाहते हैं। जोखन ने इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी के साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को अनेकों बार पत्र लिखा। मुख्यमंत्री को आई.जी.आर.एस. किया किन्तु कलवारी पुलिस ने बिना मौके की जांच किये मनमानी रिपोर्ट लगा दिया। इससे वे काफी आहत है। अब उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। कलवारी थाना क्षेत्र के वैष्णवपुर निवासी जोखन और उनकी पत्नी सावित्री ने कहा है कि यदि 25 जुलाई से पहले प्रशासन से समस्या का समाधान न किया तो पति, पत्नी सरयू में कूदकर जान दे देंगे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जमीन पैमाइश के दौरान हुई मारपीट

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के जमैथा शिवपुर गांव में मंगलवार को एसीओ के मौजूदगी में जमीन पैमाइश हो रही थी। इसी दौरान दो पक्षों में शुरू हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। विवाद इतना बढ़ा की दोनों तरह से लाठी डंडा निकल आया। इसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गयी। उक्त गांव निवासी रामचन्दर यादव तथा उनके पड़ोसी अमरनाथ यादव से एक जमीन का विवाद काफी लंबे समय से चल रहा था। रामचन्दर ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर आईजीआरएस डालकर ऊक्त जमीन का नापी करवाने की मांग किया था। चूंकि गांव में चकबंदी चल रही है। इसलिए ऊक्त आईजीआरएस के मामले में सहायक चकबंदी अधिकारी नरेंद्र बहादुर लेखपाल महेंद्र कुमार ने मोबाइल पर दोनो पक्षों से बात किया। दोनो पक्ष नापी के लिए तैयार हो गए। उसके बाद मंगलवार की दोपहर को सहायक चकबंदी अधिकारी नरेंद्र बहादुर लेखपाल महेंद्र कुमार के साथ मौके पर पहुंच गए। जमीन पैमाइश के दौरान एक व्यक्ति वहां पहुंच कर एक पक्ष के लोगों से गाली गलौज करने लगा।उसके बाद मौके पर लाठी डंडे चलने लगे।सहायक चकबंदी अधिकारी नरेंद्र बहादुर ने मारपीट में काफी बीचबचाव किया।मारपीट में कुछ लोगों को हल्की चोट भी आयीं। हालांकि अभी किसी पक्ष ने तहरीर नही दिया है। सहायक चकबंदी अधिकारी नरेंद्र बहादुर ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद जमीन की पैमाइश का काम रोक दिया गया। थानाप्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि आईजीआरएस के इस मामले की सूचना पुलिस को नही थी। इस घटना में अभी कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलेगी तो कार्यवाही की जाएगी।

### बक्शा ब्लॉक में बिना मान्यता के चल रहे हैं स्कूल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिले के विकास खंड बक्सा के ग्राम सभा में बरपुर में तीन ऐसे अवैध विद्यालय चल रहे हैं जिनकी मान्यता कक्षा 5 या तो आठ तक है। लेकिन वह हाई स्कूल इंटर तक की कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। जिसका बकायदे बैनर पोस्टर लगाकर छात्रों का प्रवेश लिया जा रह हैं। यहां तक की एक-एक भवन में दो-दो कॉलेज चलाए जा रहे हैं। यह आरोप सिपाह बलोच टोला निवासी मोहम्मद आसिफ द्वारा जन सूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर खुलासा हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सदर तहसील के खंड शिक्षा अधिकारी बक्सा के ग्राम सभा मई बरपूर में चल रहे मान्यता विना मान्यता के कॉलेज की जानकारी मांगी तो उसमें बड़ा खुलासा हुआ। एक कान्वेंट स्कूल की मान्यता कक्षा एक से लेकर 5 तक है और उनके यहां हाई स्कूल में इंटर कक्षाएं भी इसी भवन में संचालित होते हैं। एक ही भवन में केडी कॉन्वेंट बालिका जूनियर हाई स्कूल का भी संचालन किया जा रहा है। दूसरा मामला श्री महंथराज ज्ञानोदय विद्यालय की मान्यता कक्षा से लेकर 5 तक का है लेकिन उनके यहां भी हाई स्कूल इंटर तक की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इस संबंध में उन्होंने जिला बेसिक अधिकारी व जिलाधिकारी को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है।

### बिना मान्यता वाले स्कूलों को जारी हुई नोटिस

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद सिरकोनी ब्लाक के बीईओ ने मंगलवार को गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपूर्ण मान्यता के चल रहे विद्यालयों को बंद करने के लिए नोटिस दिया गया। इससे स्कूल संचालकों में खलबली मची है। खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने न्याय पंचायत नेहरू नगर पहुंचे। जहां उनके द्वारा वहां स्थित विद्यालयों की जांच की गयी। जिसमें सिद्धि विनायक शिक्षण संस्थान सखोई का कक्षा एक से पांच तक की मान्यता सम्बन्धी सभी प्रपत्र सही पाए गए। कक्षा निरीक्षण के दौरान बच्चों का शैक्षणिक स्तर भी संतोषजनक रहा। उसी क्रम में राम जानकी विद्या मंदिर हूसेपुर नेहरूनगर पहुंचे। यहां विद्यालय की मान्यता का नवीनीकरण समय से नही हो पाया था। जिसके चलते उक्त शिक्षण संस्थान को नोटिस दी गयी। विद्यालय को जल्द ही नवीनीकरण करा लेने की हिदायत दी गयी। तब तक विद्यालय संचालन स्थगित किए रहने का कड़ा निर्देश दिया गया। इस दौरान ब्लाक में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के संचालकों में हड़कम्प मचा रहा।

### रिश्तेदारी में आया युवक युवती को भगा ले गया मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद जिले के जलालपुर क्षेत्र के एक गांव में रिस्तेदारी में आया एक युवक 19 वर्षीय एक युवती को रात के अन्धेरे में बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती की मां को इसकी जानकारी सुबह मालूम हुई तो वह घबरा गई। आसपास रिश्तेदार के यहां काफी खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाद में माता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त गांव की महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीते 17 जुलाई को उसके परिवार के सभी लोग खाना खाकर सोने चले गये। रात्रि में ही उसके गांव में रिस्तेदारी में आया हुआ एक युवक उनकी 19 वर्षीया पुत्री को बहला फुसलाकर भगा कर ले गया। इसकी शिकायत जब परिवार के लोगों ने उस युवक के माता पिता से किया तो उन लोगों ने उनसे गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाई करने में जुट गयी है।




### मायके वालों ने हत्या का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के चौकीपुर चौकियां में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता के मायके पक्ष के लोगो की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुची तो विवाहिता का शव उसके कमरे में पड़ा मिला। मंगलवार को भोर में रागिनी के मायके पक्ष के लोगो ने लाइन बाजार थाने पर सूचना दिया कि उसकी पुत्री रागिनी का कॉल कट कर दिया जा रहा है। खेतासराय थाना क्षेत्र के मानी कला के मायके पक्ष ने किसी अनहोनी की आशंका जताई। जिस पर चौकी पुलिस मुकेश सोनकर के घर पहुच गए। पुलिस ने देखा तो विवाहिता रागिनी (24) का शव उसके कमरे में पड़ा हुआ था। विवाहिता के गले मे निशान बना हुआ मिला। विवाहिता की सास और अन्य सदस्य फरार हो गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी लाइन बाजार सतीश सिंह ने बताया कि रागिनी के पिता मोहन सोनकर के द्वारा तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।




# भण्डारे में किया कांवड़ियों की सेवा



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बस्ती श्री अयोध्या धाम से भद्रेश्वरनाथ धाम तक निकली कांवड़ यात्रा में कांवडियों की सेवा के लिये अनेक स्थानों पर भण्डारे के साथ ही नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर उनकी सेवा की गई। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला संरक्षक प्रमोद पाण्डेय, एएचपी जिला अध्यक्ष स्नेह कुमार, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल मन मोहन त्रिपाठी के संयोजन में कटेश्वरपार्क के सामने भण्डारे का आयोजन किया गया। भक्तों में हलुआ, चना वितरित करने के साथ ही ठंडा जल पिलाया गया। भण्डारे में जिला उपाध्यक्ष रविंद्र कश्यप, इष्ट देव पाण्डेय, सत्य वर दुबे, दिनेश गुप्ता, बृजेश बिहारी, रामकुमार पांडे, शत्रुघ्न, सार्थक, मातृशक्ति रीना, बिना,डा. अनन्या सिंह, मालती देवी, गीता देवी, कांति, फूलमती, लवली आदि ने योगदान दिया।

# इनफ्लिबनेट और पीयू का हुआ समझौता



■ लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कराया एमओयू, नि:शुल्क शोध पत्रिकाओं के साथ मिलेंगी कई सुविधाएं, लाइब्रेरी होगी हाईटेक

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय एवं सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र के मध्य लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में कुलपति प्रोफ़ेसर वंदना सिंह ने समझौता ज्ञापन (एमओएयू) पर हस्ताक्षर किया।

आने वाले समय में विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और शोधार्थी अंतरराष्ट्रीय शोध को बटन दबाते जान सकेंगे। वही दूसरी तरफ लाइब्रेरी भी हाई- टेक होगी।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र के मध्य हुए समझौते से विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों को बहुत लाभ होगा। यह अनुबंध शोधार्थियों को उनके विषय की सामग्रियों को उपलब्ध कराने में महती भूमिका अदा करेगा। इस समझौते के अंतर्गत इंडकैट, लाइब्रेरी, ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर, वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन, शोधगंगा, शोध चक्र, इन्फेड की सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही इंडियन रिसर्च इनफार्मेशन नेटवर्क सिस्टम के माध्यम से विश्वविद्यालय के शिक्षकों की शोध प्रोफाइल तैयार की जाएगी, जिससे विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्यों का एकीकृत मूल्यांकन और प्रस्तुति संभव हो सकेगी। उन्होंने बताया कि वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन के अंतर्गत गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रों और जर्नल्स की निन्शुल्क सुविधा मिलेगी। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की पहल पर आज यह समझौता हुआ है उसके दूरगामी परिणाम होगा। समझौते के बाद प्राथमिकता पर इसकी गतिविधियों को संचालित किया जायेगा। शोध के क्षेत्र में यह समझौता मील का पत्थर साबित होगा।

### कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूद

जौनपुर। इस कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, डॉ. सुधीर एम. बोबडे, प्रो. देविका पी. माडल्ली, निदेशक, इनफ्लिबनेट सेंटर गांधीनगर, गुजरात डॉ. अभिषेक कुमार, सीनियर साइंटिस्ट, इनफ्लिबनेट, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो.राज कुमार, प्रो.गिरिधर मिश्र समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, पुस्तकालयाध्यक्ष और आई. क्यू. ए. सी के समन्वयक उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी पर भड़का संघ



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगाए जाने से शिक्षक संघ खासा आक्रोशित हो गया है। जिला प्रशासन के इस फैसले के विरोध में सोमवार को शिक्षक नेताओं ने डीएम डॉ दिनेश चंद्र को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। इस दौरान उनसे कड़ी नाराजगी जताई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल के नेतृत्व में शिक्षक नेताओं ने जिलाधिकारी को संबंधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह व बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के साथ कोर्ट के निर्णय की छायाप्रति भी दिखाया। जिसमें न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए कहा गया है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण कार्य हेतु बीएलओ के रुप में शिक्षकों से कार्य लिए जाने पर छात्रों की शिक्षा प्रभावित होगी। क्योंकि यह लंबे समय तक चलने वाला कार्य है।

कोर्ट ने भी कहा है कि बीएलओ के रूप में शिक्षकों की ड्यूटी लगाना अंतिम विकल्प होना चाहिए। अधिकतर शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रुप में लगाया जाना असंगत व कोर्ट की मंशा के विपरीत है। संघ के पदाधिकारियों ने अविलंब शिक्षकों को बीएलओ की ड्यूटी से मुक्त किए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के जिला मंत्री रविचंद्र यादव, शिवेंद्र सिंह रानू, मनोज यादव,अनिलवदीप चौधरी, विक्रम प्रकाश, पवन कुमार सिंह अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### प्रशांत मिश्र जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी के विस्तार के क्रम में मंगलवार को वृहद आयोजन शहर के एक होटल मे सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता कर रहे संगठन के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने शिक्षक की समस्याओं से जुड़े तमाम मुद्दों पर खुलकर चर्चा की । बाद में संगठन को और विस्तार दिए जाने के उद्देश्य से कुछ पदाधिकारी की घोषणा किया। इसके पहले संगठन से सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। तत्पश्चात सर्वसम्मति से प्रशांत मिश्र को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। राकेश पाण्डेय एवं अरविंद यादव को जिला कार्यकारिणी में लिया गया है। खुटहन में राजकुमार यादव को संयोजक नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक हित के प्रति हम सभी को निरन्तर तत्पर रहना चाहिए। क्योंकि अगर शिक्षक जागरूक नहीं होगा तो वह अपना हक नहीं प्राप्त करेगा। इसके लिए हमें सरकार से आगे चलकर लंबी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष प्रशांत मिश्र ने कहा कि शिक्षक हित सर्वोपरि है। संगठन ने हमें जो जिम्मेदारी दी है उसके प्रति हमेशा संवेदनशील रहूँगा।

# सुप्रभात चिल्ड्रेन्स एकेडमी में आदर्श बने हेड बॉय, अदिति बनी हेड गर्ल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



गौराबादशाहपुर। गौराबादशाहपुर के नयनसंड स्थित सुप्रभात चिल्ड्रेन्स एकेडमी में हेड बॉय और हेड गर्ल का चुनाव मंगलवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस बार विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र आदर्श को हेड बॉय और होनहार छात्रा अदिति को हेड गर्ल के रूप में चुना गया है। विद्यालय परिसर में आयोजित मतदान में कक्षा दो से लेकर 10वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। आदर्श को 130 और अदिति को 118 मत मिले। एक विशेष समारोह में प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में इन दोनों छात्रों को माला पहनाकर उनके नए दायित्वों की औपचारिक घोषणा की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्रों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ नवनिर्वाचित हेड बॉय और हेड गर्ल का स्वागत किया।

प्रधानाचार्य साइमन क्रिस्टोफर मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि नेतृत्व का अवसर जिम्मेदारी के साथ आता है। हमें विश्वास है कि आदर्श और अदिति दोनों अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

छात्रों और अभिभावकों में इस चयन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। यह नेतृत्व न केवल छात्रों को प्रतिनिधित्व का अनुभव देगा। बल्कि उन्हें नेतृत्व कौशल, आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता विकसित करने में भी मदद करेगा।

विद्यालय के सह संस्थापक सुभाष पाल, प्रबंधक रोहित प्रताप पाल और सभी स्कूल स्टाफ ने दोनों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# सपा के एक नेता ने अपने ही पार्टी के दिग्गज को थप्पड़ मार कर लाल किया



### 4 किलोमीटर की दूरी पर हैं दोनों के गांव

रजनीकांत यादव 4 भाई हैं। वह जलालाबाद क्षेत्र के तिलपई गांव के रहने वाले हैं। बड़ा भाई गुजरात में रहता है जबकि तीन भाई गांव में ही रहते हैं। डीएम यादव और उनका भाई लल्ला यादव जलालाबाद क्षेत्र के ही खिवराजपुरवा गांव के निवासी हैं। जो कि रजनीकांत यादव के गांव से करीब 4 किलोमीटर की दूरी पर है।

### रजनीकांत यादव पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं

रजनीकांत यादव जिला पंचायत सदस्य रहे चुके हैं। उनकी पत्नी और भाई जलालाबाद के ब्लॉक प्रमुख रहे चुके हैं। लल्ला यादव का भाई डीएम यादव एक बार ही रजनीकांत यादव के खिलाफ जिला पंचायत सदस्य का निर्दलीय चुनाव लड़ा था जिसमें डीएम यादव को हार मिली थी। तब से दोनों के बीच विवाद चल रहा है। रजनीकांत यादव ने सपा से चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। अभी रजनीकांत यादव के पास भी कोई पद नहीं है। रजनीकांत यादव पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। लल्ला यादव नेता नहीं हैं। वो खेती और व्यापार करता है।

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

एक सपा नेता के भाई ने सपा नेता की थप्पड़ों से पिटाई कर दी। सपा नेता को करीब 6-7 थप्पड़ मारे गए। दोनों ही लोग काम से सदर तहसील पहुंचे थे। वहीं पर वकील के चैंबर के अंदर दोनों में कुर्सी पर बैठने को लेकर विवाद होने लगा। किसी तरह वकील ने दोनों को शांत करके बाहर निकाला लेकिन बाहर भी दोनों में विवाद होने लगा। ये मामला कन्नौज की सदर तहसील का है। दोपहर करीब 1 बजे सपा नेता की पिटाई हुई। पिटने वाले सपा नेता का नाम रजनीकांत यादव है। ये अखिलेश के काफी करीबी बताए जाते हैं। वहीं पीटने वाले व्यक्ति का नाम लल्ला यादव है। ये सपा नेता डीएम यादव का भाई है। डीएम यादव के पास अभी जिले में कोई पद नहीं है।

इस मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है, सदर तहसील के बाहर दोनों में पहले बहस हो रही होती है। उसके बाद लल्ला यादव, रजनीकांत का कॉलर पकड़ लेता है फिर लगातार 6-7 थप्पड़ मारता है। पास में खड़े कुछ लोग लल्ला यादव को पकड़कर मौके से ले जाते हैं। अभी तक इस मामले में पुलिस से कोई शिकायत नहीं की गई है।

### कुर्सी खाली करने को लेकर शुरू हुआ विवाद

बताया जा रहा है कि रजनीकांत यादव अपने जमीन के काम से मंगलवार को सदर तहसील पहुंचे थे। जब वह वकील के चैंबर में पहुंचे तो वहां लल्ला यादव कुर्सी पर बैठे हुए थे। रजनीकांत ने आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लल्ला यादव से कुर्सी खाली करने को कहा। जिसको लेकर वकील के चैंबर में दोनों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई। बाहर निकलकर दोनों में मारपीट होने लगी। मामले को लेकर सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने बताया, डीएम यादव और रजनीकांत यादव समाजवादी पार्टी के ही नेता हैं हालांकि डीएम यादव के पास पार्टी का कोई पद नहीं है। उन्होंने कहा कि डीएम यादव के भाई के साथ झगड़े की जानकारी मिली है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी अवगत कराया जाएगा। दोनों पक्षों को बैठाकर सुलह करवाई जाएगी। मामले को लेकर सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने बताया, डीएम यादव और रजनीकांत यादव समाजवादी पार्टी के ही नेता हैं। हालांकि डीएम यादव के पास पार्टी का कोई पद नहीं है। उन्होंने कहा कि डीएम यादव के भाई के साथ झगड़े की जानकारी मिली है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराया जाएगा। दोनों पक्षों को बैठाकर सुलह करवाई जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली चौराहे पर देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पुलिस ने सीएचसी



पहुंचाया। चिकित्सक ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अजगैन कोतवाली के मलांव गांव निवासी अनिल (30) पुत्र सुंदर किसी काम से अजगैन कस्बे की बाजार गया था। जहां से देर शाम साइकिल से घर वापस आते समय कोतवाली के सामने चौराहे पर कानपुर की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अपने वाहन से नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अनिल की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी राखी और मां राधा का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा है।

# शहर को स्वच्छ, सुगम व अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में करें सहयोग: शशांक त्रिपाठी

### डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय वाणिज्य बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

मंगलवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय वाणिज्य बंधु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में लागू एकल दिशा वन वे मार्गों की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नगर निकाय एवं यातायात पुलिस आपसी समन्वय से सतत निगरानी करें और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई भी करते रहें। शहर में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ये बाजार केवल निर्धारित स्थलों पर ही संचालित हों ताकि यातायात बाधित न हो और आमजन को असुविधा न हो।

### छाया सिनेमा के पीछे खाली पड़े स्थान पर बनेगा वाहन पार्किंग स्थल

शहर में पार्किंग की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम नवाबगंज और ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज को स्थान चिन्हित करने के पूर्व में निर्देश दिए थे जिसके क्रम में छाया सिनेमा के पीछे जमुरिया नाले से सटे खाली पड़े स्थान पर पार्किंग स्थल बनाने पर सहमति बनी है। शहर में अन्य स्थानों पर भी पार्किंग स्थल चिन्हित करने का कार्य जारी है। उन्होंने नगर पालिका व विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख चौराहों व मार्गों पर लटकते तारों और बीच सड़क में लगे विद्युत खंभों की पहचान कर उन्हें शिफ्ट करने की कार्यवाही शीघ पूरी कर ली जाए।

### अवैध अतिक्रमण हटवाने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी ने कहा कि छाया चौराहे के पास पंजाब नेशनल बैंक एटीएम वाली गली में व सामने की पार्क में दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है जनता बार बार इसकी शिकायत करती है। इसके लिये जिलाधिकारी ने एसडीएम और ईओ नवाबगंज को निर्देशित किया कि संयुक्त अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को शीघ्रता से हटवाने की कार्यवाही की जाए। इसके अलावा शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने तथा नियमित निगरानी के निर्देश दिए। मालगोदाम रोड में वर्षा ऋतु में होने वाली जलभराव की समस्या को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को वहां जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने व मरम्मत कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शहर को स्वच्छ, सुगम व अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा अतिक्रमण नियंत्रण को लेकर व्यापारियों से सुझाव भी आमंत्रित किए, ताकि जनसुविधा के अनुसार उचित समाधान लागू किए जा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में लेबर अड्डो को व्यवस्थित किया जाए। जिससे मजदूर इधर उधर सड़कों पर बेतरतीब न खड़े नजर आए। लेबर अड्डे के रूप में चिन्हित किये गए स्थानों पर ही लेबर अपने काम की तलाश में रुके।

### जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोपे जायेंगे 2.65 लाख पौधे

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा जनपद में हरियाली बढ़ाने के दृष्टिगत आगामी 25 जुलाई को सभी ग्राम पंचायतों में मियांवाकी पद्धति से एक स्थान पर सघन वृक्षारोपण कराये जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारियों को दिये गये हैं। खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा जनपद के 1150 ग्राम पंचायत 1150 स्थलो पर मियांवाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण वन विभाग के सहयोग से कराये जाने की तैयारी कर ली गयी है,

जिसमें जिले के 15 विकास खंडों की सभी ग्राम पंचायतों में कुल लगभग 2.65 लाख पौधे आगामी 25 जुलाई को रोपित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक स्थान पर हरीसंकरी के पौध भी रोपित कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जाए निदान: शशांक त्रिपाठी



### डीएम की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु एवं उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं जिला श्रम बन्धु समिति सम्बंधी बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तीव्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों के आवेदन पत्रों पर अतिशीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में फायर स्टेशन व अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति, यूपीएसआईडीसी कुर्सी रोड में दुकानदारों को शिफ्ट किए जाने संबंधी प्रकरण पर समीक्षा की। औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में नाली निर्माण एवं अवशेष सड़कों का निर्माण सीसीटीवी कैमरे, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना एवं मुख्य प्रवेश द्वार प्रशासनिक भवन में विद्युत कार्य तथा सौंदर्यीकरण संबंधी प्रकरण पर चर्चा की गई, इंडस्ट्रियल एरिया माती में सड़क एवं जल निकासी हेतु नाला निर्माण पर चर्चा की गई। ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, उपायुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त वाणिज्य कर एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण, व्यापारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने कांवाड़ियो पर हेलीकॉप्टर से की पुष्प वर्षा



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**रामनगर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर रामनगर तहसील स्थित प्रसिद्ध प्राचीन लोधेष्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं, कांवड़ियों पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावुक व अविस्मरणीय बन गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में प्रशासन का यह प्रयास श्रद्धालुओं की सेवा और उनके सम्मान को समर्पित है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुखद यात्रा के लिए पुलिस बल पूरी तरह सजग है। हमारी कोशिश है कि हर भक्त बिना किसी अवरोध के दर्शन लाभ प्राप्त कर सके।

### मंदिर परिसर में उमड़ा जनसैलाब

लोधेष्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आदित्य तिवारी ने बताया कि आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। शिवलिंग पर जलाभिषेक हेतु लोग कतारबद्ध होकर आ रहे हैं। निवर्तमान विधायक शरद अवस्थी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी लोधेष्वर मन्दिर पहुंचकर जलाभिषेक किया और श्रद्धालुओं के बीच मौजूद रहे। इस मौके पर एसडीएम रामनगर विवेकशील यादव, सीओ गरिमा पंत, कोतवाल अनिल पांडे व चौकी इंचार्ज संतोष कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा द्वीप प्रज्जुवलन करते हुये सांस्कृतिक वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



इन्स्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्रदर्शनी जनपद उन्नाव एवं जनपद रायबरेली के कुल 229 चयनित छात्र/छात्राओं का प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता जनपद उन्नाव द्वारा दिनांक 22 जुलाई 2025 को पी0एम0श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज उन्नाव में आयोजित किया गया। आयोजन का शुभारम्भ कृति राज मुख्य विकास अधिकारी द्वारा द्वीप प्रज्जुवलन करते हुये सांस्कृतिक वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया व मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा बच्चों की प्रतिभागिता को लेकर बच्चो का उत्साहवर्धन किया एवं भविष्य में बच्चों को जनपद से प्रदेश एवं राज्य स्तर पर चयन होने के लिए मार्गर्शन किया व मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा सभी मॉडल को देखा गया एवं बच्चो की सराहना की गयी। प्रदर्शनी में कृति राज, मुख्य विकास अधिकारी, सुनील दत्त, जिला विद्यालय निरीक्षक, परमात्मा सरन, प्रधानाचार्य राजकीय इ0 का0 उन्नाव, सर्वेश कुमार सिंह जिला समन्वय समग्र शिक्षा प्रभारी प्रधानाचार्या, दिपशिखा मिश्रा पी0एम0श्री राजकीय बालिका इ0का0 उन्नाव के साथ समस्त विद्यालय स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इन्स्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता जनपद रायबरेली से 2023-24 में 22 छात्र/छात्रा वर्ष 2024-25 में 68 छात्र/छात्रा को चयनित किया गया था एवं जनपद उन्नाव से 2023-24 में 32 छात्र/छात्रा वर्ष 2024-25 में 107 चयनित छात्र/छात्रा में से वर्ष 2023-24 में जनपद उन्नाव एवं रायबरेली से 35 छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 04 छात्र/छात्राओं का चयन किया गया एवं वर्ष 2024-25 में जनपद उन्नाव एवं रायबरेली से 120 छात्र/छात्रा द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 12 छात्र/छात्राओं का चयन किया गया। कुल 229 छात्र/छात्राओं के सापेक्ष 155 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन्स्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत चयनित छात्र/छात्राओं में से जूरी द्वारा उन्नाव से प्रतीक सिंह उन्नाव, अल्फीसा, स्वाभिमान पटेल एवं रायबरेली से प्रान्जुल बाजेपेयी प्रदेश स्तर हेतु चयनित किये गये। एवं र्ष 2024-25 के अन्तर्गत उन्नाव से अशं, एकता, अखिलेश, शिवम, शान्तनू अवस्थी, रूद्राश तिवारी एवं जनपद रायबरेली से काजल बाजपेई, अनुराग पटेल, नैमिश पटेल, रूद्राशं यादव, आशेष प्रताप, शिवान्सू मौर्या को प्रदेश स्तर हेतु चयनित किया गया। निर्णायक जूरी में राजकीय पॉलिटेक्निक उन्नाव से श्रीमती युसरा सिद्दीकी एवं दीपिका धवन, दयानन्द सुभाष नेशनल पी0जी0 कालेज से प्रो0 पवन श्रीवास्तव, डॉ0 अमित कुमार अवस्थी, डॉ0 आकांक्षा श्रीवास्तव एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से दिनेश कुमार प्रवक्ता गणित के साथ इन्स्पायर-मानक राष्ट्रीय नव-प्रवर्तन, भारत के विशेषज्ञ के रूप में प्रशान्त श्रीवास्तव (पी0पी0ए0) एवं ई0आर सुनील भास्कर (प्रोजेक्ट एसोसिएट) द्वारा मुल्यांकन कार्य किया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मां के नाम रोपित किया गया पौधा बनेगा यादगार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जनकल्याण किसान एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे जीवन रक्षार्थ एक पौध रोपण अभियान के तहत मंगलवार को विकासखंड देवा के ग्राम बरेठी पुरवा निवासिनी एवं जनकल्याण किसान एसोसिएशन की मातृशक्ति जिला उपाध्यक्ष सरला यादव के प्लॉट पर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेत्री डॉ राम कुमारी मौर्या ने कहा कि जनकल्याण किसान एसोसिएशन की यह पहल अति सराहनीय है। वर्तमान में सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी लोगों को एक एक पौधा अपनी जन्मदात्री मां के नाम रोपित करना चाहिए। जिससे एक तरफ हमारी मां की यादगार बनी रहेगी वहीं दूसरी तरफ हमारा पर्यावरण भी संरक्षित रहेगा। इस मौके पर डॉ. शिवनंदन यादव, राम सरन मौर्या, स्नेहा यादव, राम खेलावन रावत, अभिनाश यादव, अंकित यादव आदि मौजूद रहे।

### ईमानदारी की मिसाल बने अब्बास

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। राहगीर की ईमानदारी और पुलिस की तत्परता से एक महिला को उसका खोया हुआ मोबाइल फोन वापस मिल गया। सिविल लाइन चौकी क्षेत्र में आनंद भवन स्कूल के पास एक महिला का मोबाइल फोन उसके बैग से गिर गया था। काफी खोजने के बाद भी मोबाइल नहीं मिला। इसी दौरान वहां से गुजर रहे मोहम्मद अब्बास दानिश को सड़क पर मोबाइल फोन दिखाई दिया उन्होंने फ़ोन को अपने पास लेकर समाजसेवी शब्बर रिज़वी को इसकी जानकारी दी शब्बर रिज़वी अब्बास के साथ मोबाइल लेकर सिविल लाइन चौकी पहुंचे। चौकी इंचार्ज संजय कुमार यादव ने मोबाइल स्वामी की जानकारी जुटाई और फोन को उसकी मालिक तक पहुंचाया। मोबाइल वापस पाकर महिला ने चौकी इंचार्ज मोहम्मद अब्बास और शब्बर रिज़्वी का आभार व्यक्त किया। चौकी इंचार्ज संजय कुमार यादव ने बताया कि वे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष चेकिंग अभियान चला रहे हैं। साथ ही खोई हुई या लावारिस वस्तुओं को उनके मालिकों तक पहुंचाने का अभियान भी जारी है।

### डीसीएम के उड़े परखच्चे, बाल-बाल बचे यात्री

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मसौली। मौत का सौदागर बन कर बेधड़क तेज रफ्तार से चलने वाली डबल टेकर बसे कब यात्रियों की जान जोखिम मे डाल दे जिसका अंदाजा नही लगाया जा सकता है मंगलवार की भोर एक डबल टेकर बस चालक ने ऐसे ओवरटेक किया कि बस के आगे चल रही डीसीएम के परखच्चे उड़ गये गनीमत रही बस एव डीसीएम मे बैठे सभी लोग सुरक्षित रहे। मंगलवार की सुबह लखनऊ से कैसरगंज बहराइच 45 यात्री लेकर जा रही डबल डेकर बस के चालक ने मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम नयागाँव के निकट आगे आगे जा रही डीसीएम को ओवरटेक कर ऐसी टक्कर मारी की डीसीएम के प्रखच्चे उड़ गये। टक्कर के बाद असुंतलित बस गहरी खाई मे पलटते पलटते बची। गनीमत रही दोनो वाहनों के यात्री सुरक्षित रहे। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने डबल टेकर बस मे सवार सभी यात्रियों को दूसरे वाहन मे बिठा कर दोनो वाहनो को सीज़ कर दिया है।

### चालक की लापरवाही बनती है दुर्घटना का कारण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। नेशनल हाइवे पर बेधड़क यात्रियों की जान का खतरा बन कर चलने वाली डबल टेकर बसे अक्सर बस चालकों की लापरवाही के कारण दुर्घटनाओ का सबब बनती है जरा सी लापरवाही से बसे असुंतलित होकर यात्रियों के लिए काल बन जाती है। इसी क्रम मे ग्राम नेवला करसंडा स्थित मजार के निकट एक अज्ञात डंफर ने बहराइच से लखनऊ की ओर जा रही डिजायर गाडी को जोरदार टक्कर मार दी जिसमे डिजायर मे बैठे लोग आंशिक रूप से घायल हो गये।

# नेहरू युवा केंद्र ने आयोजित की मेरा युवा भारत कार्यशाला

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



मेरा युवा भारत कन्नौज द्वारा कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज मे प्रमुख योजनाओ पर कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य यह पहल मेरा युवा भारत केंद्रों को संरचित, सूचनात्मक और सहभागी कार्यशालाओ का आयोजन करने मे सक्षम बनाएगी, जो केंद्र प्रायोजित प्रमुख कार्यक्रमों पर केंद्रित होगी, जिनका युवाओं, परिवारों और समुदायों से सीधा संबंध है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उदेश्य युवाओं मे प्रमुख सरकारी योजनाओ के बारे मे जागरुकता और समझ पैदा करना, युवाओं को अपने समुदायों मे सूचित परिवर्तन एजेंट और सुविधादाता बनने मे सक्षम बनाना, सूचित सहभागिता के माध्यम से युवाओं की भागीदारी और सरकारी लाभों तक उनकी पहुच को बढ़ावा देना, माय भारत और प्रमुख योजनाओ को क्रियान्वित करने वाले संबंधित विभागों के बीच तालमेल को मजबूत करना है।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपजिलाधिकारी सदर नवनीता राय उपस्थित रही जिनके द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपजिलाधिकारी द्वारा जिला प्रशासन द्वारा जनपद मे संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी युवाओं को दी गई। वही कार्यक्रम मे उपस्थित जिला वन पदाधिकरी हेमंत सेठ द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं को अधिक संख्या मे वृक्ष लगाने एवं उसे पोर्टल पर अपलोड करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम मे जिला अग्रणी प्रबंधक, शिक्षा विभाग, यातायात निरीक्षक, विद्यालय प्रधानाचार्य, भाजपा जिला संयोजक अभिषेक पांडे इन विभागों के अधिकारियों द्वारा युवाओं को प्रधानमंत्री जन धन योजना, विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, डिजिटल इंडिया, अटल पेंशन योजना तथा अन्य सरकारी योजनाओ की जानकारी युवाओं को दी गई। कार्यक्रम का समापन जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी द्वारा किया गया जिसमे मेरा युवा भारत पोर्टल के विषय पर विस्तरत जानकारी उपलब्ध कराई गई एवं भूजल सप्ताह अंतर्गत शपथ युवाओं के बीच कराई गयी। कार्यक्रम मे 100 से अधिक संख्या मे युवाओं की उपस्थिति रही जिसमे जन औषधि केंद्र एवं पोस्ट ऑफिस मे प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गये।

कार्यक्रम मे शिवंग, राजेन्द्र, निधि, प्रतीक्षा, संदीप, लक्ष्मी, चक्रेश पांडे एवं अन्य युवाओं की सहभागिता प्राप्त हुई।

# ओटीडी सेल की डीएम ने की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश'

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाये जाने हेतु गठित ओटीडी सेल की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त उद्योग एवं ओटीडी सेल से सम्बन्धित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रतिभा यादव द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाने के संकल्प के क्रम में जिला ओटीडी सेल का गठन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया है। जनपद की अर्थव्यवस्था की खण्डवार यथा-प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक की उपखण्डवार प्रगति एवं जनपद का प्रदेश में स्थान से सम्बन्धित एक प्रस्तुतीकरण किया गया। इस प्रस्तुतीकरण में सेल के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराये गये वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 के प्रथम त्रैमास की प्रगति के आंकड़ों की भी समीक्षा करायी गई।

# न्यायालय लगाकर गांवों में की दीवानी वादों की सुनवाई



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। मुख्यालय से दूर रहने वाले व न्यायालय तक आसानी से न पहुंच पाने वाले फरियादियों को न्याय देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम न्यायालय लगाकर मामलों की सुनवाई की जाती है। इसी क्रम में विकास खंड के गांव मौहारी और परसंदन में मंगलवार को ग्राम न्यायालय में दीवानी वादों की सुनवाई की गई। विकास खंड के मौहारी गांव के पंचायत भवन में मंगलवार दोपहर ग्राम न्यायलय का आयोजन किया गया। जहां न्यायाधिकारी प्रतीक गुप्ता ने करीब आठ दीवानी वादों को सुना। जिसमें रामशंकर बनाम रंजीत, रामनाथ बनाम भगौती, चंदीलाल बनाम सुरेन्द्र, बुद्धिलाल बनाम राम संजीवन आदि के मामले की सुनवाई के साथ गांव में मौका मुआयना भी किया। वहीं गांव माधव खेड़ा मजरा परसंदन में न्यायाधिकारी ने दो दीवानी वादों वीरपाल बनाम पृथ्वीपाल, राम स्वरूप बनाम पृथ्वीपाल में मौका मुआयना किया। उनके साथ पेशकार अखिलेश कुमार, लिपिक धीरेन्द्र पाल, अर्दली राजेश कुमार मौजूद रहे। इस दौरान नायब तहसीलदार दीपक गौतम, एडीओ डब्लू मोनिका सिंह, वीडीओ आदित्य शुक्ला व शरद चंद पांडे, लेखपाल सचिन कनौजिया व अमित सिंह, प्रधान सुनीता रावत, दिनेश चंद्र, कमलेश रावत, मदन सिंह, राजू, अनुपम यादव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# दिव्यांग पुनर्वास केंद्र उन्नाव का निरीक्षण किया गया



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

मंगलवार को मंत्री नरेंद्र कश्यप जी (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद उन्नाव में स्थापित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र उन्नाव का निरीक्षण किया गया, जिसमें दिव्यांग जनों के उपचार एवं अन्य औपचारिकताओं पर डी.डी.आर.सी. में कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारियों को और अधिक सुधार किए जाने हेतु निर्देश प्रदान किय, जिससे दिव्यांगजनों को उक्त केंद्र का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उक्त निरीक्षण के दौरान जनपद के सदर विधायक श्री पंकज गुप्ता जी जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी, उन्नाव नायब तहसीलदार सदर आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# जस्टिस यशवंत वर्मा पर लोकसभा में महाभियोग लाने की तैयारी तेज, अमित शाह और ओम बिड़ला के बीच अहम बैठक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में हटाने का प्रस्ताव पेश करने की प्रक्रिया अब तेज होती दिख रही है। इसी सिलसिले में मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से उनके आवास पर मुलाकात की। माना जा रहा है कि यह बैठक उसी प्रस्ताव को लेकर हुई जिसमें जज वर्मा को हटाने की सिफारिश की गई है। इससे पहले सोमवार को संसद परिसर स्थित लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय में सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों की एक बैठक हुई थी। इस दौरान संसद में प्रस्ताव पेश करने से जुड़े कानूनी पहलुओं और राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी कि प्रस्ताव पर 152 सांसदों के हस्ताक्षर हैं, जो विभिन्न दलों से आते हैं।

### राज्यसभा में उठाया मुद्दा

इसी मुद्दे पर विपक्षी दलों ने भी सक्रियता दिखाई है। राज्यसभा में भी एक समान प्रस्ताव विपक्ष की ओर से दिया गया है। ऐसे में अब उम्मीद की जा रही है कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में इस विषय पर समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव को मुख्य रूप से लोकसभा में ही आगे बढ़ाया जाएगा।

### जज यशवंत वर्मा कौन से आरोप लगे?

जज यशवंत वर्मा एक कथित भ्रष्टाचार मामले में संदेह के घेरे में आए हैं। अभी तक इस मामले से जुड़े विस्तृत दस्तावेज और प्रमाण सार्वजनिक नहीं हुए हैं, लेकिन इतना स्पष्ट है कि मामला गंभीर प्रकृति का है, जिससे न्यायपालिका की गरिमा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी वजह से संसद में उनके खिलाफ अनुच्छेद 124(4) के तहत महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

### महाभियोग प्रक्रिया क्या होती है?

भारतीय संविधान के तहत, उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश को हटाने के लिए संसद में महाभियोग चलाया जा सकता है। इसके लिए दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित करना होता है। इसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद संबंधित जज को उनके पद से हटाया जा सकता है।

### संवैधानिक रूप से संवेदनशील मामला

जजों के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया भारत में अत्यंत दुर्लभ होती है। इससे पहले भी कई बार प्रस्ताव लाए गए हैं लेकिन बहुत कम बार वे प्रक्रिया की अंतिम स्थिति तक पहुंच पाए हैं। ऐसे में इस मामले को लेकर सरकार, विपक्ष और न्यायपालिका सभी सतर्क हैं और हर कदम संविधान और प्रक्रिया के तहत उठाया जा रहा है।

# बिहार में 18 लाख मतदाता मृत

## 26 लाख दूसरी विधानसभाओं में गए, 1 अगस्त को आएगी नई ड्राफ्ट लिस्ट



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई) प्रक्रिया के तहत अब तक 97.30 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना विवरण जमा कर दिया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, सिर्फ 2.70 प्रतिशत मतदाता ही ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक नाम जोड़ने या सुधार के लिए फॉर्म नहीं भरा है। चुनाव आयोग ने यह भी बताया कि यह ड्राफ्ट मतदाता सूची 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित की जाएगी।

### घर-घर जाकर किया गया सत्यापन

21 जुलाई 2025 तक की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव कर्मियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं की जांच की। इस दौरान पता चला कि, राज्य के 52.30 लाख मतदाता अपने पते पर मौजूद नहीं मिले। वहीं, 18.5 लाख मतदाता ऐसे पाए गए जिनकी मृत्यु हो चुकी है। जबकि 26 लाख लोगों ने अपना पता स्थायी रूप से बदल लिया है। लगभग 7.5 लाख मतदाता भी किसी न किसी वजह से अपने पते पर नहीं पाए गए।

### आमजन से चुनाव आयोग की अपील

चुनाव आयोग ने लोगों से अपील की है कि जो मतदाता अब तक फॉर्म नहीं भर पाए हैं, वे जल्द से जल्द निर्वाचन कार्यालय या बीएलओ से संपर्क करें। बिहार में मतदाता सूची को अपडेट करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। यह प्रक्रिया राज्य में साफ-सुथरे और निष्पक्ष चुनाव के लिए एक अहम कदम मानी जा रही है।

### क्यों किया जा रहा है यह पुनरीक्षण?

इस विशेष पुनरीक्षण का मकसद है कि मतदाता सूची को साफ और सही बनाया जाए ताकि कोई फर्जी नाम या दोहराव न हो। साथ ही जिन लोगों की मृत्यु हो गई है या जो कहीं और चले गए हैं, उनके नाम सूची से हटाए जा सकें। चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहा है कि सभी पात्र मतदाताओं को ड्राफ्ट सूची में शामिल किया जाए। आयोग उन मतदाताओं का पता लगा रहा है जिन्होंने अभी तक अपने गणना फॉर्म जमा नहीं किए हैं या जो अपने पते पर नहीं पाए गए हैं। इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और बीएलओ ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की हैं।

### बिहार में अब तक एसआईआर का आंकड़ा

- कुल मतदाता- 7,89,69,844
- अब तक भरे गए गणना फॉर्म: 7,16,04,102 (90.67 प्रतिशत)
- डिजिटाइज किए गए गणना फॉर्म: 7,13,65,460 (90.37प्रतिशत)
- अब तक इतने मतदाता अपने पते पर नहीं मिले: 52,30,126 (6.62प्रतिशत)
- अब तक की रिपोर्ट के अनुसार मृत मतदाता: 18,66,869 (2.36प्रतिशत)
- स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता: 26,01,031 (3.29प्रतिशत)
- एक से अधिक स्थानों पर नामांकित मतदाता: 7,50,742 (0.95प्रतिशत)
- जिन मतदाताओं का नहीं चल सका पता- 11,484 (0.01प्रतिशत)

# केंद्रीय कैबिनेट से एफटीए को मिली मंजूरी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच बहुप्रतीक्षित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को भारत की केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को मंजूरी दे दी है। यह समझौता आधिकारिक रूप से 24 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंदन यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित किया जाएगा। इस करार को कॉम्प्रिहेंसिव इकनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट कहा जा रहा है, जो दोनों देशों के बीच व्यापार को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की चार दिवसीय विदेश यात्रा बुधवार से शुरू हो रही है, जिसमें वह ब्रिटेन और मालदीव का दौरा करेंगे। उनके साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी रहेंगे, जो इस समझौते पर भारतीय पक्ष से हस्ताक्षर करेंगे। यह करार दोनों देशों के बीच मई 6 को बातचीत के समापन के बाद अंतिम रूप में पहुंचा। इस समझौते के तहत दोनों देश कस्टम ड्यूटी या आयात शुल्क को कम या खत्म करेंगे। भारत से ब्रिटेन को निर्यात होने वाले चमड़ा, कपड़ा और जूते जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों पर टैक्स में छूट दी जाएगी। वहीं ब्रिटेन से भारत में आने वाली विस्की और कारों के आयात पर भी शुल्क कम होगा। यह करार 2030 तक दोनों देशों के व्यापार को 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

### सेवाओं और निवेश को भी मिलेगी सहूलियत

यह समझौता सिर्फ वस्तुओं तक ही सीमित नहीं है। इसमें सेवाओं, सरकारी खरीद, बौद्धिक संपदा अधिकार , नवाचार और निवेश जैसे विषयों को भी शामिल किया गया है। इस करार से दोनों देशों के पेशेवरों और कंपनियों को भी कामकाज में सहूलियत मिलेगी।

### सोशल सिक्योरिटी करार को भी मंजूरी

इसके अलावा, भारत और ब्रिटेन के बीच एक डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन एग्रीमेंट (सोशल सिक्योरिटी समझौता) भी अंतिम रूप में पहुंच चुका है। इसका फायदा भारत के उन पेशेवरों को मिलेगा, जो अस्थायी रूप से यूके में काम कर रहे हैं। अब उन्हें भारत और यूके दोनों जगह सामाजिक सुरक्षा में अलग-अलग योगदान नहीं देना होगा।

### बढ़ रहा है द्विपक्षीय व्यापार

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में भारत से ब्रिटेन को निर्यात 12.6त्न बढ़कर 14.5 अरब डॉलर हो गया है, जबकि आयात 2.3त्न बढ़कर 8.6 अरब डॉलर तक पहुंचा है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में कुल व्यापार 21.34 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो 2022-23 में 20.36 अरब डॉलर था। इससे साफ है कि स्नञ्ज से व्यापार में और तेजी आएगी। हालांकि, समझौते पर हस्ताक्षर के बाद यह ब्रिटिश संसद में पास होने के बाद ही पूरी तरह लागू होगा। वहीं, भारत में इसे कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। इससे पहले निवेश संधि पर भी बातचीत चल रही है, लेकिन उस पर अंतिम सहमति नहीं बनी है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीएसएफ करेगी बड़ा सुरक्षा बदलाव, पाक सीमा पर होगी ड्रोन स्क्वाड्रन की तैनाती

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की तरफ से हुए ड्रोन हमलों से सबक लेते हुए, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पहली बार भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक खास ड्रोन स्क्वाड्रन बनाने का फैसला लिया है। यह स्क्वाड्रन सीमा पर मौजूद चुनिंदा चौकियों (बीओपी) पर तैनात होगा। इसमें निगरानी, जासूसी और हमला करने वाले ड्रोन शामिल होंगे, जिन्हें खास तौर पर प्रशिक्षित जवान चलाएंगे।

### बीएसएफ के वेस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर से होगा कंट्रोल

इस स्क्वाड्रन को चंडीगढ़ में मौजूद बीएसएफ के वेस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर से कंट्रोल किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने हजारों ड्रोन भेजे, जिनमें एक ने जम्मू के खारकोला पोस्ट पर बम गिराया था। इसमें दो बीएसएफ जवान और एक सैनिक शहीद हो गए थे।

### चौकियों की छतों और दीवारों को मजबूत कर रही बीएसएफ

इससे सबक लेते हुए बीएसएफ अब अपनी चौकियों की छतों और दीवारों को मजबूत कर रही है ताकि दुश्मन ड्रोन के हमलों को रोका जा सके। इसके साथ ही, रक्षा और खुफिया एजेंसियों की मदद से सीमा पर एंटी-ड्रोन तकनीक लगाने की तैयारी भी की जा रही है। बता दें कि गृह मंत्री अमित शाह ने पहले कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर में बीएसएफ ने 118 से ज्यादा पाकिस्तानी पोस्ट तबाह कर दी थीं।

### पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को %ऑपरेशन सिंदूर% के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। इसमें कई कुख्यात आतंकी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद संघर्ष चरम पर पहुंच गया था। वहीं पाकिस्तान के तमाम हमलों को भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने भारत के सामने घुटने टेकते हुए सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू किया था।

# दिल्ली सरकार ने मौजूदा ईवी नीति मार्च 2026 तक बढ़ाई, जनता से सुझाव लेने की तैयारी




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार ने राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को अब 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया है। परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने मंगलवार को बताया कि नई ईवी नीति का ड्राफ्ट फिलहाल जनता से सुझाव लेने के लिए रखा जाएगा, जिसमें समय लगने की उम्मीद है। इसलिए मौजूदा नीति को आगे बढ़ाने का फैसला किया गया है। सिंह ने बताया कि मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को चर्चा के लिए शामिल किया गया था और इसे मंजूरी भी मिल गई है। उन्होंने कहा, मौजूदा इलेक्ट्रिक वाहन नीति को 31 मार्च 2026 तक, या फिर नई नीति के लागू होने तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दिया गया है। परिवहन मंत्री के मुताबिक, इस फैसले का मकसद है कि जनता, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, निजी कंपनियों और पर्यावरण से जुड़े संगठनों जैसे तमाम जरूरी पक्षों के साथ अच्छी तरह से विचार-विमर्श किया जा सके। इस बातचीत के दौरान नीति के कई अहम पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। जैसे दिल्ली में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत बनाना, सब्सिडी और छूट की समीक्षा करना ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग ईवी खरीदें, बैटरी और ई-वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के लिए मजबूत सिस्टम तैयार करना और ई-मोबिलिटी के क्षेत्र में सरकारी व निजी क्षेत्र की भूमिका को साफ तौर पर तय करना।

### वायु प्रदूषण से निपटने

के लिए जनता से सहयोग की अपील दिल्ली में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए सरकार इसे एक जरूरी कदम मान रही है। ताकि आने वाले समय में साफ-सुथरी और टिकाऊ शहरी परिवहन नीति बनाई जा सके। सिंह ने बताया कि सरकार चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस नीति निर्माण प्रक्रिया में भाग लें, जिससे ई-मोबिलिटी का भविष्य सबकी राय से तय हो सके।

### 2020 में लागू हुई थी पहली ईवी नीति

दिल्ली की मौजूदा ईवी नीति पहली बार 2020 में आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान लागू हुई थी। हालांकि यह नीति अगस्त 2023 में समाप्त हो गई थी और इसके बाद से इसे कई बार अस्थायी रूप से बढ़ाया जा चुका है।

### 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन का लक्ष्य

कैबिनेट ने 15 अप्रैल को ड्राफ्ट नीति पर चर्चा की थी, लेकिन कुछ अहम प्रस्तावों पर फैसला टाल दिया गया। जिनमें दो साल के अंदर सीएनजी ऑटो-रिक्शा और पेट्रोल-डीजल वाले दोपहिया वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की योजना भी शामिल थी। प्रस्तावित नीति में अगले तीन साल में राजधानी में 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# एसकेएम 13 अगस्त को पूरे देश में निकालेगा ट्रैक्टर मार्च, 106 दिन तक चलेगा यह अभियान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



संयुक्त किसान मोर्चा पूरे देश में 13 अगस्त 2025 को कॉरपोरेट्स भारत छोड़ो दिवस संगठित करेगा। उस दिन ट्रैक्टर/मोटर वाहन मार्च आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 15 अगस्त से 25 नवंबर तक कृषि व किसान खेत मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा। 26 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे देश में जोरदार प्रतिवाद संगठित होगा। संयुक्त किसान मोर्चा ने इन निर्णयों की घोषणा एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में की है। इसे किसान नेता कॉमरेड सत्यवान, कॉमरेड हन्नान मौला, कॉमरेड विजू कृष्णन, कॉमरेड प्रेम सिंह गहलावत, कॉमरेड रविंदर पटियाला, कॉमरेड कृष्णा प्रसाद आदि ने सम्बोधित किया। ये सभी निर्णय 20 जुलाई 2025 को दिल्ली में सम्पन्न हुई एसकेएम की राष्ट्रीय मीटिंग में लिए गए थे। इसमें 13 राज्यों से 110 किसान प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी कर किसान खेत मजदूर हितों के लिए व्यापक रूप से चर्चा विमर्श किया। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान अध्यक्ष मण्डली में रहे जबकि महासचिव शंकर घोष, हरियाणा सचिव जयकरण मांडौठी, हंसराज राणा ने अपना वक्तव्य रखा। कामरेड सत्यवान व महासचिव शंकर घोष ने बताया, भाजपा सरकार, अमेरिकी साम्राज्यवाद से पींग बढ़ा रही है। अमेरिका समेत विदेशों से मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से भारी मात्रा में सस्ते दूध-डेयरी उत्पाद, अनाज, फल आदि आयात कर देश के कृषि क्षेत्र समेत किसान हितों की बलि चढ़ाने जा रही है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# केजरीवाल का दो दिवसीय गुजरात दौरा आज से, मोडासा और डेडिया पाड़ा में करेंगे रैली

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर गुजरात जाएंगे। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी होंगे। 23 और 24 जुलाई को दोनों नेता भाजपा सरकार के खिलाफ मोडासा और डेडिया पाड़ा में बड़ी रैली को संबोधित करेंगे। मंगलवार को अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि 30 साल शासन करने के बाद आज गुजरात में भाजपा का अहंकार और भ्रष्टाचार चरम पर है। अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स पर लिखा कि गुजरात में अपने दूध के उचित दाम मांग रहे किसान पशुपालकों के प्रदर्शन पर बीजेपी सरकार ने लाठी चार्ज कर दिया। एक किसान की मौत हो गई। घोर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवा उठाने पर आम आदमी पार्टी के नेता चैतर वसावा को गिरफ्तार कर लिया। 30 साल शासन करने के बाद आज गुजरात में बीजेपी का अहंकार और भ्रष्टाचार चरम पर है। मैं और भगवंत मान जी दो दिन की यात्रा पर गुजरात जा रहे हैं। हम मोडासा और डेडिया पाड़ा में गुजरात के लोगों के पक्ष में रैली में शामिल होंगे।

# मनरेगा में अब तक 44 हजार करोड़ रुपये जारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत सरकार ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के तहत राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अब तक कुल 44,323 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। यह जानकारी मंगलवार को लोकसभा में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि इस फंड से देशभर में ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराने के लिए मजदूरी, निर्माण सामग्री और प्रशासनिक खर्चों की पूर्ति की जा रही है। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा योजना के तहत कुल 86,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। यह लगातार दूसरे वर्ष सबसे बड़ी राशि है जो इस योजना के लिए बजट अनुमानों के स्तर पर तय की गई है। मंत्री चौहान ने कहा कि इस राशि में से जुलाई तक लगभग आधी राशि यानी 44,323 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

### लंबित देनदारियों का भी किया गया भुगतान

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने एक अलग प्रश्न के जवाब में बताया कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष की लंबित मजदूरी देनदारियों का पूरा भुगतान और निर्माण सामग्री की 50 प्रतिशत देनदारियों का निपटारा कर दिया है। इससे योजना के संचालन में बाधा नहीं आएगी और मजदूरों को समय पर भुगतान मिल सकेगा।

### जरूरत के अनुसार मिलता है अतिरिक्त फंड

शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी दी कि मनरेगा एक मांग आधारित योजना है। इसका मतलब यह है कि जब-जब जमीन पर रोजगार की मांग बढ़ती है, तो ग्रामीण विकास मंत्रालय उस आधार पर योजना का संचालन करता है। जरूरत पड़ने पर वित्त मंत्रालय से अतिरिक्त राशि भी मांगी जाती है ताकि मजदूरी और निर्माण कार्य बाधित न हों।

# विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति सामाजिक चिंता का विषय है...

**जन एक्सप्रेस। विशेष**



भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी

शिक्षक, प्रयागराज

आज कल देश भर से जिस तरह से विद्यार्थियों के द्वारा आत्महत्या की खबरें आ रही हैं। उससे पूरा भारतीय जनमानस बहुत चिंतित और व्यथित हो रहा है। यह प्रवृत्ति बहुत कम उम्र के बच्चों से लेकर बड़े उम्र तक के लड़के और लड़कियों में दिखाई दे रही है। इधर बीच दो बड़े संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या ने देशभर में एक नयी बहस छेड़ दिया है। इन बड़े संस्थानों में बच्चों का जीवन क्यों नहीं सुरक्षित है। आईआईटी खड़गपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में छात्र की आत्महत्या ने सबको झकझोर कर रख दिया। इसी तरह शारदा यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में डेंटल की छात्रा ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रताड़ित करने के कारण आत्महत्या कर लिया। इन छात्र छात्राओं की आत्महत्या ने विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली और व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। यह घटनाएं समाज को शर्मसार करने वाली हैं। इन दोनों घटनाओं का सुप्रीम कोर्ट ने स्वत संज्ञान लेते हुए बेहद चिंता व्यक्त किया है। कोर्ट ने सुनवाई में यह भी कहा कि क्या कारण है जो प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। छात्र छात्राओं की आत्महत्या के बाद संस्थान लीपापोती करते हैं। अपने विद्यालय और संस्थान की साख बचाने के लिए तमाम तरह के बयान देते हैं लेकिन इससे सच्चाई मर नहीं जाती हैं।सभी संस्थाओं, स्कूल कालेजों को अपनी स्वत समीक्षा करनी होगी। संस्थान में सिर्फ काउंसलर रख देने से समस्याएं खत्म नहीं हो जाएगी। यह सही है कि आजकल विद्यार्थियों में आत्महत्या का कोई एक कारण जिम्मेदार नहीं है। प्राय: देखा जाता है कि आज के विद्यार्थी अति महत्वाकांक्षी होते जा रहे हैं। वह बहुत जल्द अत्यधिक धनवान बनने की चाहत भी रखते हैं। लेकिन व्यक्तिगत जीवन में उस तरह की मेहनत से वह सफलता नहीं प्राप्त कर पाते हैं। जब वह असफल होते हैं तो या अपने अन्य साथियों से प्रतिस्पर्धा करने पीछे रह जाते हैं तब भी उनके अंदर इस तरह की भावना का विकास होता है। युवा वर्ग का मन बहुत कोमल और अत्यंत संवेदनशील होता है कभी-कभी माता-पिता या परिवार के लोगों की डांट फटकार से भी वह बहुत आहत होते हैं और आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। यह भी देखा जा रहा है कि आजकल के बच्चों में सहनशीलता की बहुत कमी है कभी-कभी माता-पिता उनकी मांग पूरी करने में असमर्थ होते हैं तब भी आवेश में आकर के बच्चे आत्महत्या की ओर उन्मुख हो जाते हैं। अभिभावक बच्चों के प्रति बहुत सजगता रखते हैं कभी-कभी उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर बनाने के चक्कर में उनकी रुचि और क्षमता से इतर कैरियर चुनने के लिए दबाव डालते हैं। इससे भी बच्चों की मनोदशा पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ता है। वह अभिभावकों के दबाव में उस लक्ष्य की ओर बढ़ता तो है लेकिन वह उसके रूचि का विषय ना होने के कारण और बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पता है। तब भी माता-पिता के दबाव में या असफलता के सामाजिक दबाव को वह बर्दाश्त नहीं कर पाता है और आत्महत्या की तरफ बढ़ जाता है। विद्यार्थियों के अंदर आत्महत्या एक क्षणिक आवेश में लिया गया निर्णय होता है?। आज का युग भौतिकवादी युग है जिसमें विभिन्न कार्यों की पारिवारिक,सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक अथवा व्यक्तिगत समस्याओं के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है। जिसके कारण विद्यार्थी ऐसे निर्णय की ओर अग्रसर होते हैं। आजकल की परिस्थितियों में देखा जा रहा है कि लड़के और लड़कियों में अपने मनपसंद साथी जिससे वह प्यार करते हैं उससे अलगाव भी आत्महत्या का कारण बन रहा है। आज के सामाजिक परिवेश में स्कूल, कॉलेज,संस्थाओं और बच्चों के अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वह बच्चों से लगातार संपर्क में रहें उनसे निरंतर संवाद स्थापित करते रहें। उनकी मनोदशा का विश्लेषण भी करते रहें। उनकी असफलता पर उन्हें डांटे फटकारे नहीं बल्कि प्रोत्साहित करें। उन्हें उनकी रूचि के अनुसार उनका कैरियर चुनने की आजादी दें। कोई विपरीत परिस्थितियां आती हैं तो विद्यार्थियों को अपने परिवार के लोगों से और मित्रों से उसे साझा करना चाहिए। कोई ऐसी समस्या नहीं होती है जिसका समाधान नहीं होता है। अपने ऊपर किसी तरह के एकाकीपन को हावी न होने दें। विद्यार्थियों की भी यह जिम्मेदारी है कि वह खुद पर भी विश्वास रखें। अपनी सामर्थ्य के अनुसार अपना कैरियर चुने। उस कैरियर को पाने के लिए मेहनत करें। मंजिल हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। किसी भी विपरीत परिस्थितियों में भी वह सकारात्मक बने रहे। कोई भी असफलता अंतिम नहीं होती है। आज के विद्यार्थियों और युवा वर्ग को मजबूत बनना होगा। परिस्थितियों के सामने समर्पण नहीं संघर्ष का रास्ता चुनना होगा। जीवन बहुत खूबसूरत होता है बस हमें जीना सीखना होगा। अभिभावकों को भी जिम्मेदारी निभानी होगी। अपने बच्चों से लगातार संपर्क स्थापित करके हर परिस्थितियों में उन्हें उचित मार्गदर्शन देना होगा। आत्महत्या से परिस्थितियां नहीं बदलती हैं।बल्कि ऐसा करने वाले अपने पीछे परिवार वालों को अपार दु:ख और कभी न खत्म होने वाला दर्द दे जाते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)